# सरोजनीनगर में आयोजित हुआ अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान- 2025 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में संगोष्ठी आदि कार्यक्रम संचालित हैं। इसी क्रम में सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने अहिल्या बाई होल्कर के सम्बन्ध में अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्य अतिथि बी एल संतोष, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। इस कार्यक्रम की विशेषता रही कि इसमें दर्शकों के रूप में केवल महिलाओं को ही आमंत्रित किया गया था। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलायें जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम का हिस्सा बनने पहुंची। 5,000 दर्शक क्षमता वाला ऑडिटोरियम खचाखच भरा रहा, बहुत सी महिलाओं ने खड़े होकर वक्ताओं के विचार सुनें जो महिलायें सभागार के अन्दर नहीं पहुँच सकीं, उन्होंने बाहर ही एलईडी स्क्रीन पर कार्यक्रम का लाइव देखा। इस सम्बन्ध में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का कहना है कि उनकी विधानसभा क्षेत्र में पुण्यश्लोक, राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जन्म त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन गौरवपूर्ण है। विधायक ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को प्रेरणाजन्य बताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर लिखा, ''माँ दुर्गा सी संहार शक्ति, ब्रह्मवादिनी लोपामुद्रा सम वेद मर्मज्ञता, माँ सीता सी मर्यादा, शबरी सी तप और मां यशोदा सम वात्सल्य आदि भारतीय नारीत्व के सम्माननीय, अनुकरणीय गुण हैं ! देवी अहिल्याबाई होल्कर इन दिव्य परंपराओं की अग्निशिखा थीं, उनकी मर्यादा, उनके श्रद्धा के विस्तार ने उन्हें राजमाता से भी आगे बढ़कर 'देवी अहिल्या' बनाया! विधायक ने आगे जोड़ा, ''8 वर्ष की आयु में उनका विवाह हुआ, 21 की उम्र में पति का निधन, 35 की उम्र में पुत्र का वियोग हुआ लेकिन इन विषम परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोया बल्कि अपने निजी शोक को लोक कल्याण की शक्ति में बदल दिया! अहिल्याबाई होल्कर जी ने वर्ष 1767 से 1795 तक जिस साहस, त्याग और नीति से मालवा की बागडोर संभाली, सत्ता का नेतृत्व किया वह इतिहास में एक आदर्श रामराज्य के रूप में स्वर्णाक्षरों से अंकित है! केदारनाथ, बद्रीनाथ से लेकर रामेश्वरम तक और गया, अयोध्या, काशी, मथुरा से लेकर सोमनाथ तक पूरे भारतवर्ष में उन्होंने 8527 मंदिरों और धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करवाया, 39 राजकीय अनाथालय स्थापित कराए! ऐसी युग प्रवर्तक, प्रेरणा स्रोत, वीरांगना, धर्मपरायण, माता अहिल्याबाई को भारत देश हमेशा ससम्मान याद रखेगा!

# बिजली निजीकरण के खिलाफ जबरदस्त हुंकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर गुरुवार को देश के सभी प्रांतों के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओ ने उत्तर प्रदेश में 42 जिलों में बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे और सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विद्युति वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़ों देकर पूर्वांचल वद्युति वितरण निगम एवं दक्षिणांचल वद्युति वितरण निगम के निजीकरण का नर्णिय लिया है जिससे उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मी विगत छह माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं मगर सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे बात नहीं की।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते वद्युति वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड रुपए का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अतिरक्ति निजी घरानों से बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण लगभग 10000 करोड रुपए प्रतिवर्ष का अतिरक्ति भार आ रहा है। उत्तर प्रदेश में सरकारी विभागो पर 14400 करोड रुपए का बिजली राजस्व का बकाया है। उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार किसानों को मुफ्त बिजली दी जाती है, गरीबी रेखा से नीचे के बिजली उपभोक्ताओं को 03 रुपए प्रति यूनिट की दर पर बिजली दी जाती है जबकि बिजली की लागत रुपए 07.85 पैसे प्रति यूनिट है। बुनकरों आदि को भी सब्सिडी दी जाती है। सब्सिडी की धनराशि ही लगभग 22000 करोड रुपए है। उत्तर प्रदेश सरकार इन सबको घाटा बताती है और इसी आधार पर निजीकरण का नर्णिय लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की कुछ चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिली भगत है। वे लाखों करोड़ रुपए की बिजली की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के मोल निजी घरानों को बेचना चाहते हैं। बिजली के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने सभी जनपदों और परियोजनाओं पर भोजन अवकाश के दौरान सड़क पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया और उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों के साथ अपनी एकजुटता दिखाई।

उन्होने बताया कि आज हैदराबाद, त्रिवेंद्रम, विजयवाड़ा, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, नागपुर, रायपुर, भोपाल, जबलपुर, वडोदरा, राजकोट, गुवाहाटी, शिलांग, कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना, रांची, श्रीनगर, जम्मू, शिमला, देहरादून, पटियाला, जयपुर, कोटा, हिसार और लखनऊ में बड़े विरोध प्रदर्शन किए गए।

## नगर पंचायत कार्यालय कोरांव में मनायी जायेगी रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती

**कोराव ( प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष जमुनापार राजेश शुक्ला और मुख्य वक्ता के रूप में वंदना सिंह महिला मोर्चा मंत्री काशी क्षेत्र उपस्थित रहेगी। कार्यक्रम मे क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल और जिले के पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 30 मई 2025 को शाम 4 बजे नगर पंचायत कार्यालय कोरांव के बगल प्राथमिक विद्यालय दृतिय मे आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी नगर अध्यक्ष कोरांव ओम प्रकाश केशरी ने दी है महिला शशक्तिकरण के लिए नगर पंचायत की महिलाओं से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भाग लें। यह एक अच्छा अवसर है महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा करने के लिए।

## काकोरी में 45 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**
लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखते हुए गुरुवार को काकोरी क्षेत्र में 45 बीघा जमीन पर चल रही तीन अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से यह कार्रवाई की।संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि बसंत कुमार व अन्य द्वारा शिवरी गांव में रेडिएंट होंडा शोरूम के पास 15 बीघा जमीन पर 'बसंत विहार' नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह, निखिल वर्मा व अन्य द्वारा पानखेड़ा में 10 बीघा और मेसर्स जी.एस. रेजीडेंसी के दिनेश प्रताप सिंह व अन्य द्वारा मोहान रोड से पहले घुरघुरी तालाब क्षेत्र में 20 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग का कार्य चल रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृति के बिना की जा रही इन प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई हुई। टीम ने सड़क, नाली, बाउंड्रीवॉल और साइट ऑफिस को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

## घर खरीदते समय पूरी सतर्कता बरतें : अध्यक्ष रेरा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश रेरा ने रियल एस्टेट परियोजनाओं में घर खरीदने वाले उपभोक्ताओं को सतर्क किया है कि वह अपना निवेश उप्र रेरा में पंजीकृत परियोजना में ही करें। घर या दुकान के लिए बुकिंग करने से पहले रेरा के पोर्टल पर जाकर प्रोमोटर तथा परियोजना के बारे में पूरी तथा प्रामाणिक जानकारी प्राप्त कर लें। रेरा के पोर्टल पर प्रोमोटर के विरूद्ध शिकायतों सहित परियोजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध है, इन जानकारियों का उपयोग कर किसी भी धोखा या फरेब से बचा जा सकता है। इस संबंध में अध्यक्ष उ.प्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण संजय आर भूसरेडडी ने गुरुवार को बताया कि उप्र रेरा ने प्रदेश की रियल एस्टेट परियोजनाओं में निवेश करने वाले सभी निवेशकर्ताओं को एक बार फिर से सतर्क किया है कि वह उप्र रेरा में पंजीकृत परियोजनाओं में ही घर या दुकान खरीदने के लिए निवेश करें। रेरा में पंजीकृत परियोजनाओं में ही निवेश सुरक्षित है।
उन्होंने कहा कि घर खरीदना सामान्य नागरिक के जीवन का बहुत बड़ा फैसला होता है और उनकी कमाई का बहुत बड़ा भाग इसमें खर्च हो जाता है। ऐसे में उनको चाहिए कि प्रश्नगत प्रोमोटर तथा परियोजना से सम्बन्धित समस्त जानकारियां प्राप्त कर लें। इसके लिए होम बायर्स को बहुत परिश्रम करने की भी आवश्यकता नहीं है। रेरा के आने के बाद सभी चीजें आसान हो गयी हैं और अब पूरी और विश्वसनीय जानकारी उप्र रेरा के पोर्टल पर उपलब्ध है। अध्यक्ष रेरा ने बताया कि घर खरीदार को परियोजना की भूमि, परियोजना के मानचित्र, परियोजना की दूसरी अनापत्तियों या स्वीकृतियों, परियोजना की विशिष्टियों के बारे में तो जानकारी होने के साथ ही उनके लिए यह भी जरूरी है कि प्रोमोटर की साख, उसकी विश्वसनीयता और उसकी आर्थिक स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि रेरा ने अपने पोर्टल पर प्रोमोटर्स के बारे में सारी जानकारियां दे रखी हैं। घर खरीदार को चाहिए कि वह इसके पोर्टल के होम पेज पर जाए, होम पेज पर सर्च लिंक में 'रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट्स' पर क्लिक करें। उसके सामने प्रोमोटर्स तथा परियोजनाओं की सूची खुलेगी। इस पेज पर ऊपर प्रोमोटर या परियोजना का नाम या परियोजना का पंजीकरण नम्बर देकर सर्च करें। अब सम्बन्धित परियोजना पर जाकर नीले आईकन पर क्लिक करें। इसके बाद परियोजना का समरी पेज खुलेगा, यहां पर नीचे प्रोमोटर के विरूद्ध रेरा में दायर समस्त शिकायतों तथा सम्बन्धित परियोजना के आवंटियों द्वारा दायर की गयी शिकायतों की संख्या देखी जा सकती है।

# गढ़ीपीर खां बना गंदगी का गढ़

## स्वच्छता अभियान की खुली पोल : नगर निगम ज़ोन 6 की लापरवाही से जनता बेहाल





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ सहादतगंज। जब पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत अभियान' और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'स्मार्ट सिटी' सपनों को साकार करने की बात कर रहा है। तब लखनऊ के दिल पुराने शहर में स्थित गढ़ीपीर खां वार्ड उन दावों की सच्चाई पर करारा तमाचा जड़ता नज़र आ रहा है। ज़ोन 6 के अंतर्गत आने वाला यह क्षेत्र बदहाली का शिकार है। और नगर निगम की लापरवाही यहाँ के नागरिकों को बीमारियों की ओर धकेल रही है।

गढ़ीपीर खां की सड़कों पर बहता गंदा नाला अब नज़ारा नहीं।नसीब बन गया है। नालियां महीनों से जाम हैं। और उनका गंदा पानी सड़कों पर इस तरह बहता है जैसे पूरे इलाके ने 'साफ-सफाई' शब्द को ही तिलांजलि दे दी हो। कूड़े के अंबार और मच्छरों की भरमार के बीच यहां के बच्चे खेलते हैं। और बुज़ुर्ग दवा की तलाश में भटकते हैं। संक्रमण और महामारी का खतरा सर पर मंडरा रहा है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

योगी सरकार जहां अधिकारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने और जनता की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश देती है, वहीं ज़ोन 6 के ज़ोनल अधिकारी शायद अपनी ही दुनिया में मग्न हैं। दोपहर 2 बजे कुर्सी पर बैठने और 4 बजे तक निकल जाने की दिनचर्या को अधिकारी ने आदत बना लिया है। और जब उनसे जवाब मांगा गया, तो कैमरे पर रिकॉर्ड हकीकत को झुठलाते हुए कहा गया ऽ इलाके में कोई गंदगी नहीं है। क्या नगर निगम के अधिकारी अब जमीनी सच्चाई को कैमरे से भी ज़्यादा झुठला सकते हैं?

लखनऊ को उसकी तहज़ीब, नवाबी अंदाज़ और खूबसूरत इमारतों के लिए जाना जाता है। लेकिन अब गढ़ीपीर खां के बदहाल हालात राजधानी की एक नई पहचान बना रहे हैं गंदगी, अव्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता। सवाल यह है कि क्या यही है 'स्मार्ट सिटी'? क्या यही है 'नया उत्तर प्रदेश'? यह खबर एक चेतावनी है। गढ़ीपीर खां की जनता अब चुप नहीं है। वे गंदगी से तंग हैं, और जिम्मेदारों से सवाल पूछना चाहती है। नगर निगम को अब अपनी आंखें खोलनी होंगी। वरना ये चुप्पी कल एक बड़ी बीमारी की आहट बन सकती है ऽ और तब ज़िम्मेदार सिर्फ कचरा उठाने से बात नहीं बनेगी।

## कानपुर में मोदी देंगे 47.5 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कानपुर के अपने संक्षिप्त दौरे के दौरान 47 हजार 573 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। इस आयोजन के माध्यम से सरकार शहर को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जाएंगी।

प्रधानमंत्री मोदी कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक के नए भूमिगत सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। इस रूट पर चुन्नीगंज, बड़ा चौराहा, नवीन मार्केट, नयागंज और कानपुर सेंट्रल जैसे 5 नए भूमिगत स्टेशन तैयार किए गए हैं। इस विस्तार से शहर के लाल इमली, जेड स्क्वायर मॉल, ग्रीनपार्क स्टेडियम, परेड मैदान, बुक मार्केट और सोमदत्त प्लाजा जैसे महत्वपूर्ण स्थान सीधे मेट्रो से जुड़ जाएंगे। अभी तक आईआईटी कानपुर से मोतीझील तक 9 स्टेशन चालू हैं, और इस विस्तार से मेट्रो सेवा और अधिक सुलभ, सुरक्षित एवं तेज होगी।

# सेना पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को झटका, याचिका खारिज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को बृहस्पतिवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ से झटका लगा है।

न्यायालय ने मामले में उन्हें राहत देने से इन्कार करते हुये उनकी याचिका खारिज कर दी है। श्री गांधी के खिलाफ लखनऊ की एक अदालत में परिवाद दाखिल करते हुए आरोप लगाया गया है कि उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सेना पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। परिवाद पर सुनवाई के दौरान स्थानीय अदालत ने राहुल को तलब (समन) किया गया है। राहुल ने याचिका में इसी तलबी आदेश को चुनौती दी थी।

न्यायाधीश सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने खुली अदालत में याचिका खारिज करने का आदेश दिया। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने याचिका का विरोध किया। शाही ने बताया कि कोर्ट ने कहा है कि विस्तृत आदेश सोमवार यानी दो जून को जारी किया जाएगा। श्री गांधी के खिलाफ परिवाद में आरोप है कि वह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पदयात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सेना पर टिप्पणी की थी। राहुल ने कहा था कि चीनी सैनिकों की ओर से भारतीय सैनिकों की पिटाई के बारे में कोई कुछ नहीं पूछता। सैनिकों को लेकर की गई इस टिप्पणी पर लखनऊ की एक स्थानीय अदालत में उदय शंकर श्रीवास्तव ने उनके खिलाफ परिवाद दाखिल किया। जिस पर अदालत ने राहुल गांधी को बतौर आरोपी तलब किया। इसके बाद समन को चुनौती देते हुए राहुल गांधी ने उच्च न्यायालय में यह याचिका दाखिल की थी, जिसपर शुरुआती सुनवाई के बाद कोर्ट ने राहुल गांधी को राहत देने से इनकार कर याचिका खारिज कर दी।

# जोन 3 में अवैध निर्माणों पर एलडीए की चुप्पी, जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के जोन 3 के थाना पारा क्षेत्र में अवैध निर्माणों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हँसखेड़ा तेराहे पर शिव मेडिकल स्टोर के सामने रिवाज पैलेस के निकट और सडरौना चुन्नू खेड़ा तिराहा, प्रसादी खेड़ा में उत्तम मैरिज लॉन के पास अनिल टेंट हाउस लाइट एंड कैटर्स के सामने मुख्य मार्ग पर निर्माण कार्य मानकों के विपरीत धड़ल्ले से जारी हैं। पिछले दिनों इस मुद्दे पर कैनविज़ टाइम्स ने ये ख़बर प्रमुखता से प्रकाशित की थी किन्तु ख़बर का संज्ञान न तो संबंधित अवर अभियंता व सहायक अभियंता द्वारा लिया गया और न ही अवैध रूप से होने वाले यह निर्माण रुके और न ही एलडीए की ओर से कोई ठोस कार्रवाई दिखी। अवैध निर्माण रोकने की जिम्मेदारी जोनल अधिकारी की है। अवर अभियंता और सहायक अभियंता की यह लापरवाही जोनल अधिकारी की छवि पर भी दाग़ लगाने का काम कर रही है। जब इस पर ज़ोन 3 के सहायक अभियंता से बात की गई तो उनका कहना था की अवैध रूप से होने वाले निर्माण पर नोटिस काटे जा चुके हैं जब उनसे पूछा गया कि नोटिस काट देने के बावजूद भी धड़ल्ले से वहां पर निर्माण जारी है तो उनका कहना था कि मेरे पास इतना समय नहीं है कि मैं वहां पर 24 घंटे की ड्यूटी दे सकूं मुझे और भी काम देखने होते हैं। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही इस तरह के जवाब देकर अपना पल्ला झाड़ लेंगे तो आखिर मुख्यमंत्री के उन आदेशों का क्या होगा जिसमे उन्होंने साफ तौर से यह कहा है कि अवैध रूप से कोई भी निर्माण न होने पाए। मुख्यमंत्री का यह आदेश भी जनहित में है क्योंकि बिना मानक और अनुमति के बने भवन संरचनात्मक रूप से कमजोर हो सकते हैं, जिससे भूकंप, आग, या अन्य आपदाओं में जान-माल का खतरा बढ़ता है। मुख्य मार्गों पर अनधिकृत निर्माण से सड़कें संकरी हो जाती हैं, जिससे जाम, पार्किंग की समस्या, और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। लेकिन मुख्य मार्ग पर हो रहे इन निर्माणों को मात्र नोटिस काट कर उनको खुली छूट देना कहां तक उचित है। यह स्थिति या तो अधिकारियों की लापरवाही को दर्शाती है या उनके काम के प्रति उदासीनता को उजागर करती है। प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों को चाहिए है की इन अवैध निर्माणों पर तत्काल रोक लगाते हुए जिम्मेदार अवर अभियंता व सहायक अभियंता से जवाब तलब करें। जिससे की अनियोजित निर्माण पर रोक लगे और ज़िम्मेदार अवर अभियंता, व सहायक अभियंता जैसे कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार बनें।

# अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी जन्मदिवस समारोह का आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उन्नाव। पूण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी जन्मदिवस समारोह के अवसर पर विकास खण्ड सिकंदरपुर सरोसी के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता आनन्द अवस्थी पूर्व जिलाध्यक्ष ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक श्री पंकज गुप्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का सयोजन अमित त्रिपाठी उपाध्यक्ष भाजपा जनपद उन्नाव द्वारा किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया उत्कृष्ट कार्य के लिये ग्राम प्रधान श्रीमती आाशा देवी (ख्वाजगीपुर) श्रीमती श्वेता गुप्ता (सलेमपुर) श्रीमती बिटान (अगेहरा) श्रीमती माया देवी (सदमपुर) एवं पंचयात सहायक कु0पूजा (पूरानिस्पंसारी) कु0 पूजा गौतम (कनिकामऊ) विन्ती रावत (सथरा) को सम्मानित किया गया तथा पांच लाभर्थियों को गृह प्रवेश हेतु आवास की चाबी दी गयी तथा लखपति दीदीओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये कार्यक्रम में शशांक चौधरी (खंड विकास अधिकारी) विनोद कुमार (सहायक विकास अधिकारी पं0) एवं ब्लाकस्तरीय सभी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# बजरंग दल हिंदू समाज का विश्वास बन चुका है : मिलिंद परांडे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। विश्व हिन्दू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल अवध प्रांत के सात दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग राजधानी लखनऊ के देवा रोड स्थित कुँवर्स ग्लोबल स्कूल में चल रहा है। शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक रूप से सुदृढ़ बनाए जाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण वर्ग के छठवें दिवस के बौद्धिक सत्र में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को बताया

बजरंग दल करोड़ों युवाओं के हृदय में सेवा, सुरक्षा और संस्कार भाव की त्रिवेणी के रूप में प्रवाहित हो रहा है। श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन की विषम परिस्थितियों में जन्मा यह संगठन आज एक शक्तिशाली राष्ट्रनिर्माता युवा संगठन के रूप में स्थापित है। उन्होंने कहा कि बजरंग दल निडर, सेवाभावी और राष्ट्र-धर्म के प्रति समर्पित युवाओं का संगठन है, जो श्रीराम, श्रीकृष्ण, श्री हनुमानजी, छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में उतारकर सनातन संस्कृति के उत्थान में सतत संलग्न है। ल्लबजरंग दल हिन्दू समाज का विश्वास बन चुका है। हमने लाखों गौमाताओं को कटने से बचाया, लव जिहाद में फंसी बहनों को सुरक्षित निकाला, प्राकृतिक आपदाओं में सेवा कार्य किए, युवाओं हेतु रोजगार प्रशिक्षण, रक्तदान, शिक्षा, चिकित्सा, नशा मुक्ति, तीर्थस्थलों की सुरक्षा, व श्रद्धा केंद्रों के संरक्षण जैसे अनेकों क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन में बजरंगियों के बलिदान की भूमिका सदा स्मरणीय रहेगी और उन्हीं के त्याग से आज भव्य श्रीराम मंदिर का स्वप्न साकार हुआ है। बजरंग दल से समाज की अपेक्षाएं आपसे जुड़ी हैं। यह आपका तपस्या काल था, अब उसका प्रतिफल समाज व संगठन को समर्पित करने का समय है, यहां से जाकर अपने क्षेत्र में समाज के वर्गों को बजरंग दल से जोड़कर संगठन विस्तार हेतु दीपक की तरह जलकर कार्य का प्रकाश फैलाना होगा। बौद्धिक सत्र के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र, प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप, प्रांत मंत्री देवेंद्र, सह प्रांत मंत्री प्रवीण, प्रांत प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम, प्रांत सह संस्कार प्रमुख नीरज, लखनऊ विभाग मंत्री योगेश,जिला मंत्री अमित, बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक पूर्णेन्दु,प्रांत संयोजक महेश, लखनऊ विभाग संयोजक विजय,सह विभाग संयोजक अमरेंद्र, जिला संयोजक अखंड प्रताप मौजूद रहे बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के छठवें दिन गुरुवार को बजरंग दल का पथ संचलन लखनऊ चिनहट के देवा रोड के एक प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान कपड़ा कोठी पर भव्य स्वागत समारोह होकर विभिन्न स्थानों दयाल फॉर्म से होते कुंवर'एस ग्लोबल स्कूल देवा रोड पहुंचा। देवा रोड के कई स्थानों पर स्थानीय संघ विचार परिवार व्यापारियों एवं भाजपा के स्थानीय नेताओं व सनातनियों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का स्वागत फूल माला से किया।

# नगर पंचायत कार्यालय गोसाईंगंज में महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोसाईगंज/लखनऊ-नगर पंचायत कार्यालय गोसाईंगंज में महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक अविनाश त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संगोष्ठी का उद्देश्य मराठा शासिका अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सभासद हरिहर यादव, अखिलेश गुप्ता,बबलू राजपूत,गिरीश सोनी,पूनम शर्मा,सोनी कनौजिया,सुनील रावत,दिनेश वर्मा,हरिश्चंद्र रावत,राधेश्याम गोस्वामी, बेचल रावत,रमेश रावत,बद्री रावत,बृजेश गुप्ता और विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों और महिला शक्ति की उपस्थिति रही। इस प्रकार के आयोजन समाज में महिलाओं के अधिकारों और उनकी भूमिका को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।

# अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म स्मृति अभियान अंतर्गत महिला सम्मेलन आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी, लखनऊ । बख्शी का तालाब विधानसभा के बीकेटी ब्लाक सभागार में पुण्यश्लोक महरानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म स्मृति अभियान- 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित ''महिला सम्मेलन'' में मुख्य अथिति के रूप मे पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने महिला सशक्तिकरण तथा प्रकृति संरक्षण की दिशा में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया,वे महिलाओं के अधिकारों को लेकर अत्यंत सजग थीं,उनके दरबार में महिलाओं को आने की पूरी स्वतंत्रता थी अपने शासनकाल में उन्होंने विधवाओं को संपत्ति रखने तथा उसके उपयोग का अधिकार दिया तथा स्त्रियों को अपना मनचाहा दत्तक या उत्तराधिकारी चुनने का भी अधिकार दिया।वह प्रकृति की भी संरक्षिका थीं,जीव जंतुओं पशु पक्षियों के प्रति भी उनके मन में विशेष लगाव था।गौ सेवा के लिए राजमाता अहिल्याबाई ने महती कार्य किया तथा उन्होंने गोवध बंदी कानून को कठोरता से लागू किया।उन्होंने वन संपदा को अनावश्यक काटने पर दड का विधान किया तथा नदियों का प्रदूषण रोकने और नर्मदा के संरक्षण हेतु विशेष प्रयास किए एवं राजमाता ने सनातन संस्कृति से अगाध प्रेम करने वाली पुण्य श्लोका राजमाता अहिल्याबाई का दृष्टिकोण अखिल भारतीय था,वह भारत की एकात्मता में तीर्थ यात्राओं के महत्व को समझती थीं उन्होंने गभीरता से विचार किया कि भारत में युगों-युगों से चली आ रही तीर्थ यात्राओं की परंपरा विदेशी शासकों के कारण टूट गई थी। तीर्थ स्थानों के मार्ग,मंदिर,अन्य क्षेत्र,पेयजल व्यवस्था, धर्मशालाएं इत्यादि विदेशी आक्रांताओं ने ध्वस्त कर दी थीं।इनके पुनर्निर्माण किए बिना तीर्थ यात्राएं सुगम नहीं हो सकती थीं।इसीलिए उन्होंने पूरे भारत में एक दृष्टि से निर्माण करवाए।वाराणसी में मणिकर्णिका घाट अहिल्या माता के द्वारा ही बनवाया गया था।बद्रीनाथ से रामेश्वरम और द्वारिका से काशी तक उन्होंने अनेक घाट, धर्मशालाएं,मंदिर इत्यादि बनवाए।काशी से बंगाल तक सड़क को पक्का करवाया।कई मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया।राजमाता अहिल्या ने राजनीतिक और भौगोलिक सीमाओं को लांघ कर भी पूर्ण शांति और सहमति के साथ अनेक निर्माण कार्य करवाए।भारत में लगभग 80 से 100 ऐसे ज्ञात स्थान है जहां पर राजमाता अहिल्या द्वारा भवनों का निर्माण करवाया गया यह भारत को जोडने की दिशा में उनकी ओर से किया गया महत्वपूर्ण कार्य है।उन्होंने न केवल स्थापत्य का कार्य करवाया बल्कि भविष्य में भी सुचारू रूप से कार्य चलता रहे इसके लिए अग्रिम व्यवस्था कर दी।उनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्य वास्तव में अंग्रेजो के षड्यंत्र के विरुद्ध हिंदू एकत्रीकरण के प्रयास भी थे।वह जानती थीं कि मंदिर सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र होते हैं। उनके इन प्रयासों से समाज में बड़े परिवर्तनों को गति मिली।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामेन्द्र सिंह मोनू,जिला मिडिया प्रभारी विवेक सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता कौशल सिंह,चेयरमैन हिमालयन इंस्टिट्यूट श्रीमती समिता बाफिला,जिला संयोजक आई टी विभाग प्रियांशु सिंह,मण्डल अध्यक्ष संदीप यादव,मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह,मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र लोधी,मण्डल उपाध्यक्ष दीपक ठाकुर,मण्डल उपाध्यक्ष श्रीमती किरण सिंह,रोहित सिंह,राहुल लाल आदि पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने का प्रयास करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**आठ साल के बच्चे को बाग में ले जाकर दुष्कर्म की कोशिश, के आरोपी पर पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुआ केस**

मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज इलाके में आठ साल के बच्चे को बहला-फुसलाकर ले जाने और अनैतिक हरकत की कोशिश करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बाइस वर्षीय जीतेन्द्र पुत्र नन्दलाल निवासी बेल्हियाखेड़ा के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक बीते चौदह अप्रैल को पीड़ित के बड़े भाई ने थाने में सूचना दी थी कि उसका छोटा भाई तेरह अप्रैल की शाम करीब सात बजे से लापता है। जांच में सामने आया कि आरोपी जितेन्द्र बच्चे को साइकिल चलाने के बहाने बाग की ओर ले गया और वहां गलत काम करने का प्रयास किया।मोहनलालगंज पुलिस ने इस मामले में मुकदमा पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान जब पर्याप्त साक्ष्य मिले तो आरोपी को गुरुवार की सुबह दस बजे गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस के मुताबिक, जितेन्द्र पर पहले भी एक मामला दर्ज है।उसके खिलाफ मोहनलालगंज कोतवाली में केस दर्ज है। पकड़े गए आरोपी के लिए डीसीपी दक्षिण निपुण अग्रवाल और एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक डी.के. सिंह की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस ने बताया कि आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# राज माता रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान का कार्यक्रम

**महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिंह भारी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रही**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । राज माता रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के अंतर्गत प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री संजय राय, भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह और लखनऊ महानगर के नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी , गीता शाक्य ,सीता नेगी ,के नेतृत्व में डॉ राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के अम्बेडकर सभागार में जो कि आशियाना पावर हाउस चौराहा के पास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री बी. एल.संतोष , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ , प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी , प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल , उपमुख्य मंत्री बृजेश पाठक , लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल , तथा सभी जनप्रतिनिधि की उपस्थिति रही । भाजपा नेत्री, पार्षदों, भाजपा पदाधिकारी गणों, मोर्चा ,प्रकोष्ठ विभाग , भाजपा देश भक्त और देव तुल्य कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक मात्र शक्तियों को प्रेरित करके कार्यक्रम में भाग लिया। भारी संख्या में कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी। इसके साथ ही डॉ0 कीर्तिका अग्रवाल , डॉ0 ममता पाण्डेय , डॉ0 रमा सिंह के साथ महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पश्चिम दो पुष्पा सिंह भारी संख्या में महिला कार्यकताओं के साथ उपस्थित रही।

## ईको कार के शीशे को अराजक तत्वों ने तोड़ा सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के निगोहा स्टेशन रोड निवासी शरद पटेल ने अपनी निजी मारुति इको कार यू.पी. 32 ज़ेड.एन 6459 को प्रतिदिन की भांति अपने घर के बाहर दरवाज़े के पास खड़ा किया था। बीती रात लगभग दो बजे अज्ञात लोगों ने वाहन के शीशे में पत्थर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने स्थानीय थाना मोहनलालगंज में तहरीर दी है और अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मोहनलालगंज पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अलीगंज पुलिस ने दो वर्ष से फरार चल रहे नटवरलाल को दबोचा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । वादिनी द्वारा थाना अलीगंज मे बैंककर्मी द्वारा धोखाधडी कर खाते से पैसे निकालने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था जिसकी तहकीकात मे जुटी थाना अलीगंज पुलिस ने अभियुक्त शिशिर श्रीवास्तव पुत्र निरंकार श्रीवास्तव को दो साल बाद गिरफ्तार कर जेल भेजनें मे कामयाबी हासिल की है। पुलिस के मुताबिक इसी मुकदमे से संबंधित एक अन्य अभियुक्त आशीष खरे पुत्र ओमकार खरे को गिरफ्तार कर 17 मई 2025 को जेल भेजा जा चुका है।

## साइबर सेल ने साइबर क्राइम से ठगी गई लाखों की रकम कराई वापस

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस आयुक्त साइबर क्राइम के मार्गदर्शन मे प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम सेल व उनकी टीम द्वारा शिकायतकर्ता नागेंद्र पाल से ठगी किये गये तीन लाख चार हज़ार की रकम को उनके खाते मे पुनः पहुंचाने मे सफलता हासिल कर ली है। शिकायतकर्ता ने बताया था कि के वाई सी के नाम पर उनके क्रेडिट कार्ड से ये रूपए ठगे गये थे जिसकरण वो काफी परेशान थे। बताया जा रहा है कि नागेंद्र पाल जो विकासनगर लखनऊ मे रहते हैं उनके आई सी आई सी आई के क्रेडिट कार्ड मे के वाई सी के लिए फर्जी काल आई जिसके बाद उनके कार्ड से 3,04000 रुपये गायब कर दिए गये अपनी खोई रकम पा कर शिकायतकर्ता काफी खुश दिखाई दिए और उन्होंने साइबर सेल की टीम का धन्यवाद भी अदा किया। आपको भी आगाह होने की ज़रूरत है क्योंकि साइबर कराइम करने वाले ठग नये नये तरीके से आपको झांसे मे लेंगे इनके बहकावे मे ना आएं।

## रोडवेज बस की टक्कर से महिला की मौत

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । कस्बे में गुरुवार सुबह एक रोडवेज बस ने सड़क पार कर रही महिला को कुचल दिया जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी केशनी (65) कस्बे में कुछ सामान खरीदने के लिए गई थी इसी दौरान जब वह सड़क पार कर रही थी तो कानपुर की ओर से आ रही उन्नाव डिपो की बस संख्या यूपी 78 केटी 7917 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला की वहीं दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। वहीं जानकारी पाकर पहुंची बंथरा पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना देने के साथ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बस को भी कब्जे में ले लिया है और अपनी विधिक कार्रवाई कर रही है।

## जलकल विभाग को मिला बड़ा सम्मान

लखनऊ। लखनऊ के लोगों के लिए खुशखबरी है की नगर निगम के जलकल विभाग को उनके दो बड़े पानी साफ करने वाले प्लांट्स के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के आईएसओ सर्टिफिकेट मिले हैं। इससे अब शहर के लोगों को और भी साफ, सुरक्षित और अच्छी गुणवत्ता का पानी मिलेगा। लखनऊ में दो मुख्य प्लांट हैं एक ऐशबाग में, जो रोज़ 200 मिलियन लीटर पानी साफ करता है और दूसरा कठौता में जो रोज़ 80 मिलियन लीटर पानी साफ करता है। इन दोनों प्लांट्स को तीन-तीन खास सर्टिफिकेट मिले हैं। क्वालिटी का सर्टिफिकेट जो यह बताता है कि पानी को पूरी तरह साफ और पीने लायक बनाया जा रहा है। पर्यावरण का सर्टिफिकेट जो बताता है की पानी साफ करने की प्रक्रिया में प्रकृति और हवा-पानी का नुकसान नहीं हो रहा। सुरक्षा का सर्टिफिकेट ये बताता है की प्लांट में काम करने वाले कर्मचारियों की सेहत और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। अधिशासी अभियंता सचिन सिंह यादव ने बताया कि अब लोगों को भरोसेमंद और साफ पानी मिलेगा, जिससे बीमारियों का खतरा कम होगा। साथ ही, कर्मचारियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

# पुरसेनी गांव में चोरी की वारदात लाखों के जेवरात हजार की नगदी चोरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के पुरसेनी गांव में बीती रात बेखौफ चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यह वारदात शिवराम यादव पुत्र छविनाथ के घर पर हुई, जहां चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात व पचास हजार नगद रुपए उड़ा ले गए।घटना के समय घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। चोर इतनी सफाई से ताला तोड़कर घर में दाखिल हुए कि किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घर के अंदर का नज़ारा देख उनके होश उड़ गए। अलमारी टूटी हुई थी और उसमें रखे सारे कीमती जेवरात व नगदी गायब थी।पीड़ित परिवार ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मोहनलालगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना करते हुए जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया है, ताकि चोरों के कोई सुराग मिल सकें।गांव में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने की मांग की है।मोहनलालगंज कोतवाली प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इस घटना ने एक बार फिर से ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित परिवार को जहां आर्थिक नुकसान हुआ है, वहीं पूरे गांव में भय का माहौल बन गया है। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस घटना का जल्द खुलासा कर पाती है या नहीं।

# अभिनन्दन रिसॉर्ट में राधाकृष्ण की देव स्थापना वर्षगाँठ पर विशाल भण्डारे का आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

काकोरी लखनऊ। के घुरघरी का तालाब स्थित अभिनन्दन रिसॉर्ट में यदुकुल शिरोमणि भगवान कृष्ण और राधा मंदिर के द्वितीय देव स्थापना वर्षगाँठ पर भव्य आयोजन रिसॉर्ट के निदेशक व कनौजिया प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी एवं समाजवादी पार्टी मलिहाबाद विधानसभा के निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया द्वारा आयोजित किया गया।जिसमें सपा सहित अन्य दलों के तमाम दिग्गज नेताओं एवं सामाजिक लोगों ने शिरकत की।एक दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजन,वेदी पूजन के आयोजन के साथ ही प्रसाद का वितरण एवं सभी भक्तगणों को भोजन कराया गया।समस्त पूजन कार्यक्रम मुख्य आचार्य द्वारा सम्पन्न कराया गया।जिसमें में मुख्य रूप से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय,पूर्व सांसद रीना चौधरी,पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी,चौधरी सौरभ सिंह यादव,विजय सिंह यादव,जय सिंह जयंत,नागेन्द्र सिंह यादव,पवन मनोचा,रजनीश सिंह यादव,रूप नारायण यादव,रामगोपाल यादव,टीबी सिंह,राजबाला रावत,विजयश्री गौतम,राशिद अली,वीर बहादुर सिंह,इरशाद अहमद गुड्डू,धर्मेन्द्र सिंह यादव,केशरी राव धारा सिंह यादव,चौधरी मुलतान सिंह यादव,सोनीष मौर्य,वीरेन्द्र प्रताप सिंह,हरिशंकर यादव,डॉ विजय यादव,कल्लू लोधी,रितुराज त्रिपाठी,मोनू कनौजिया,रिंकू कनौजिया,संजय कनौजिया,सुमित कनौजिया,विनोद यादव,रवींद्र सिंह यादव,वनीन धवन बंटी,दिनेश भौकाली सहित हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंच कर पूजन किया और प्रसाद चखा।

# निगोहां : राती गांव में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, तीन डंपर समेत एक जेसीबी सीज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




निगोहां, लखनऊ। लगातार कई दिनों से सोशल मीडिया पर अवैध खनन की खबरें वायरल होने के बाद आखिरकार तहसील प्रशासन की नींद टूटी और एसडीएम अंकित शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के राती गांव में अवैध रूप से हो रहे मिट्टी खनन को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा था। सोशल मीडिया में लगातार खबर वायरल और स्थानीय लोगों के आक्रोश के बाद प्रशासन हरकत में आया।

गुरुवार को एसडीएम अंकित शुक्ला के निर्देशन में छापेमारी की गई, जिसमें राती गांव की गाटा संख्या 251 से अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी और तीन डंपर को रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान खननकर्ताओं द्वारा किसी भी प्रकार की वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं की जा सकी। मौके पर हल्का लेखपाल काजल यादव, कानूनगो हरेंद्र कुमार और थाना निगोहां के इंस्पेक्टर अनुज तिवारी मौजूद रहे। पकड़े गए वाहनों को जब्त कर निगोहा थाने भेज दिया गया है। साथ ही आरटीओ और खनन विभाग द्वारा इन परनियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। तहसील प्रशासन की ओर से खनन की गई मिट्टी की मात्रा का आंकलन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, ताकि आगे की विधिक कार्रवाई की जा सके।

एसडीएम अंकित शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ''प्रशासनिक स्तर पर सख्त कार्रवाई की जा रही है और आगे भी इस प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी,'' उन्होंने कहा।इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन के प्रति संतोष जताया है और उम्मीद जताई है कि अब ऐसे अवैध खनन पर रोक लगेगी।

# नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने गुरुवार को शहर के अलग-अलग जोनों में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की। महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। जोन-3 में जोनल अधिकारी अमरजीत सिंह यादव के नेतृत्व में 296 प्रवर्तन दल द्वारा शिया पी.जी. कॉलेज से डालीगंज तक तथा जोन-5 में जोनल अधिकारी नन्दकिशोर के नेतृत्व में आलमबाग से पुराना जेल रोड होमगार्ड मुख्यालय तिराहे तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अवैध रूप से लगे ठेले और गुमटियां हटाई गईं, जिससे सड़कों पर यातायात आसान हुआ। इसके अलावा जोन-7 में शक्तिनगर में नालों पर बने 7 अवैध रैम्प तोड़े गए। इस दौरान अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। उन्होंने बताया की यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि शहर स्वच्छ और सुंदर बने।

## अहिल्याबाई होलकर जयंती अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी

महमूदाबाद, सीतापुर । आज पूरे विश्व पर्यावरण असंतुलन से जूझ रहा है। तीन सौ वर्ष पूर्व देश की जागरूक दूरदृष्टा अहिल्याबाई होल्कर ने पर्यावरण को बचाने के लिए मुहिम चलाई थी और प्रत्येक किसान से वट, गूलर, पीपल जैसे आक्सीजन के स्रोत के पौधरोपण किसानों से कराया था। अहिल्याबाई होल्कर ने समाज में न्याय व कुरीतियों के दमन तथा महिलाओं में शिक्षा को लेकर जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए थे किन्तु देश के कर्णधारों ने अहिल्याबाई जैसे व्यक्तित्व को उपेक्षित रखा। आज हमें उनके चरित्र और कृतित्व को जानकर प्रेरणा लेने की जरूरत है। उक्त बातें सात बार से हरदोई लोकसभा से सांसद जयप्रकाश रावत ने सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जयंती अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि न्याय की देवी के रूप प्रतिष्ठित आदिवासी महिला अहिल्याबाई होल्कर ने आजीवन अपना जीवन लोक कल्याण धार्मिक स्थलों का पुर्निमाण, महिला और समाज सुधार आदि काम किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रामनगर से पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर को पूर्ववर्ती सरकारों ने दूर रखा।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**किसानों नें समझा मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन का महत्व- फसल उत्पादन एवं पर्यावरणीय प्रबंधन में मिलेगी मदद**

**भूमि समतलीकरण, हरी खाद, बीज एवं भूमि उपचार, उन्नत प्रजाति एवं एकीकृत पोषक तत्व वितरित कीट रोग प्रबंधन पर अधिक ध्यान की आवश्यकता**

सीतापुर । भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के सहयोग से ''विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025'' का शुभारंभ किया है। यह अभियान भारतीय कृषि को टिकाऊ खेती, तकनीकी एकीकरण और किसान जागरूकता के माध्यम से रूपांतरित करने की एक दूरदर्शी पहल है। यह राष्ट्रव्यापी अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक प्रारंभ हो चुका है और देश के 700 जिलों में संचालित कर 2170 से अधिक विशेष टीमें लगभग 1.5 करोड़ किसानों तक सीधा संपर्क स्थापित करेंगी। यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ''विकसित भारत अ2047'' दृष्टिकोण से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य आत्मनिर्भर, सशक्त और प्रगतिशील किसान समुदायों का निर्माण करना है। इस पहल के अंतर्गत, कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त नेतृत्व में व्यापक जागरूकता अभियान 135 ग्रामों चलाया जा रहा है कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), आईसीएआर संस्थान, राज्य कृषि एवं संबद्ध विभागों (कृषि, पशुपालन, बागवानी, सहकारिता, पौध संरक्षण) के सहयोग से कार्यक्रम संचालित हो रहे है । प्रतिदिन के लिए 3 टीमें बनाई गई हैं जिनमें केवीके के विषय विशेषज्ञ, आईसीएआर के वैज्ञानिक, राज्य कृषि व अन्य विभागों के अधिकारी, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस) के पौध संरक्षण अधिकारी, प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी, किसान उत्पादक संगठन , किसान हित समूह, स्वयं सहायता समूह, बैंक प्रतिनिधि आदि शामिल हैं। हर टीम प्रतिदिन तीन विभिन्न गांवों में बैठकें कर किसानों से संपर्क स्थापित होगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, पशुपालन, मुर्गीपालन और मत्स्य पालन संबंधी नवाचारों की जानकारी देना है। इसके साथ ही सरकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी देना, किसानों और वैज्ञानिकों के बीच संवाद स्थापित कर स्थानीय नवाचारों का दस्तावेजीकरण करना, और कृषि अनुसंधान को मजबूत करना भी इसका अभिन्न अंग है।

कार्यक्रम के सचिव उप निदेशक कृषि एवं सह-सचिव वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष केवीके कटिया ने बताया कि इस अभियान की सफलता के लिए प्रत्येक जिले में विशेषज्ञ टीमों का गठन, रोजाना के कार्यक्रमों के लिए विस्तृत मार्ग चार्ट की तैयारी, और ठोस समन्वय प्रणाली बनाई गई है। राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से कार्यक्रम की प्रगति पर निगरानी रखी जा रही है।

टीम 1 ने विकासखंड बिसवा के ग्राम कमुआ, रेवा एवं बहेरवा, टीम 2 नें विकासखंड बिसवां के ग्राम कैमहरा कला, अहमदाबाद एवं मनिकापुर, टीम-3 नें भिनैनी, जंगल विलास व सिहाला (लालपुर) में संगोष्ठी आयोजित कर किसानों लाभ पहुचाया जारहाहै । कार्यक्रम मे भाकृअनुप- राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिकी संसाधन ब्यूरो लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ एस के सिंह एवं जसप्रीत सिहं नें किसानों को मत्स्य पालन से आय संवर्धन के बारें में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## अहिल्या बाई होलकर के जन्म महोत्सव पर खैराबाद में हुआ भव्य कार्यक्रम



सीतापुर खैराबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे देश में पुण्य श्लोक अहिल्या बाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म महोत्सव की ओर देश में हर विधान सभा और मंडल पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है आज सीतापुर की विधान सभा के खैराबाद स्थित एम जे पैलेस में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लोक माता अहिल्या बाई होलकर का जन्मदिवस पर कार्यक्रम में हजारों लोग उपस्थित हुए इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण बर्मा व सदर विधायक राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु का खैराबाद नगरपालिका अध्यक्षा प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने पुष्प गुच्छ व स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा संयोजक व जिला मंत्री श्रीमती जया सिंह नैमिष रतन तिवारी जिला उपाध्यक्ष ,पंकज पांडे मंडल अध्यक्ष,अमित दीक्षित मंडल अध्यक्ष,राजन गुप्ता मंडल अध्यक्ष,रामकिशन पाल मंडल अध्यक्ष,नितेश प्रताल जायसवाल मंडल अध्यक्ष और हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## मरसँडा गांव में जेवर नगदी सहित 20 लाख की चोरी

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मानपुर थाना क्षेत्र के मरसँडा निवासी श्री केशन जायसवाल के घर मे बीती रात चोरो चोरी का अंजाम देकर घर से रानी हार।गले का हार मंगलसूत्र, अंगूठी 6,चैन 1,कमर बुचुआ 1 पायल 4 जोड़ी,बिछिया10 1 लाख रुपया नगद घर पर सास बहू रहती थी । पति बेटे बाहर नौकरी करते है । बड़े बेटे की शादी करीब दो साल पहले हुई थी ।जब सास बहू सुबह करीब 5 बजे जगी तो नीचे उतरी तो देखा जीने का दरवाजा बंद था ।फिर सास राधा जायसवाल ने पड़ोस में रहने वाले मदन धोबी को बुलाकर जीने का दरवाजा खुलवाया तो देखा कि घर का सामान सब बिखरा पड़ा था ।छोटा बेटा भी नौकरी के तलाश में बाहर रहता है। गांव में बिजली नही आने सास बहू छत पर रात करीब 10 बजे चली गयी ।मेन गेट के चैनल में दो ताले काट कर चोर अन्दर घुस कर वारदात को अंजाम दिया ।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह चौहान बने सांसद सीतापुर के विधानसभा बिसवा प्रतिनिधि

बिसवा (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व गन्ना समिति चेयरमैन प्रदीप सिंह चौहान को जनपद सीतापुर के सांसद राकेश राठौर ने विधान सभा बिसवा का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया! उनके मनोनयन से कांग्रेस जनों में खुशी की लहर दौड़ गई! वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह चौहान के विधान सभा बिसवा सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर सीतापुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा,पूर्व एम एल सी हरीश बाजपेयी,शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिशिर बाजपेयी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित,वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश गौड़,सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी काशी राम भार्गव,पूर्व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मो.गुफरान,वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चन्द्र गौड़, प्रदेश महासचिव आई टी सेल रजनीश मिश्रा,नगर अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी,युवा कांग्रेस नेता मुजीब खां, कांग्रेस नेता राम सागर कोरी,हरीश वर्मा,कंमरुल हसन आदि कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं!

## पत्रकार की गाड़ी को अनियंत्रित कार ने पीछे से मारी टक्कर

झरेखापुर सीतापुर(संवाद) कैनविज टाइम्स संवाददाता। हरगांव थाना क्षेत्र के सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर बृहस्पतिवार को कल्लापुर गांव के समीप एक तेज रफ्तार कार ने पत्रकार की गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक दैनिक समाचार पत्र के जिला संवाददाता हरगांव थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव निवासी इरफान अहमद और उनके मित्र सीतापुर निवासी अबरार घायल हो गए। वे अपनी कार से पड़ोस के एक गांव से निजी कार्य कर वापस लौट रहे थे। लखीमपुर की तरफ से आ रही अनियंत्रित कार की टक्कर से इरफान की कार पलट गई और क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनो को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## 12 वांछित/वारण्टी गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सुरक्षा/शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपराध में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण थाना मिश्रित, महमूदाबाद, तंबौर, पिसावां, संदना, इमलिया सुल्तानपुर व रामपुरकलां की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 12 वांछित/वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है–

## कार चालक ने दो बाइको को मारी टक्कर, एक की हालत गंभीर

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना खीरी के शंकरपुर चौकी के पास मठियापुरवा तिराहे पर एक कार ने दो बाइकों में टक्कर मार दी एक बाइक सवार की हालत गंभीर पी एच सी नकहा से डामा सेन्टर ओयल को रेफर कर दिया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है । बताते चलें कि रितेश कुमार पांडे पुत्र राजेन्द्र प्रसाद पांडे निवासी ग्राम सरसवा थाना की अपने पैतृक गांव से लखीमपुर के लिए सुबह करीब 9:30 बजे जा रहे थे मठिया पुरवा तिराहे पर ज्यों ही पीलीभीत बस्ती मार्ग पर चढ़ने का प्रयास कर रहे थे तभी लखीमपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार से टाटा अल्ट्रोज कार नंबर यू पी 32 पी के 3704 ने बाइक के अगले हिस्से में ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार रितेश बाइक लेकर जमीन पर गिर पड़ा जिससे रितेश के शरीर मे अंदरुनी चोटे आई तथा बाइक क्षतिग्रस्त हो गई रितेश की बाइक को टक्कर मारने के बाद तत्काल सामने बिहार से आ रहे चूडी व्यापारी गुलशेर पुत्र मुंसी अपने पैतृक ग्राम कंजाखेड़ा थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत को जा रहे थे को भी कार ने टक्कर मार कर गिरा दिया जिससे गुलशेर की बाइक जमीन पर गिर गई गुल शेर के सर में काफी गंभीर चोटे आई मौके पर डायल 112नम्बर पुलिस व थाना खीरी की शंकरपुर चौकी के एस आई साहेबलाल आरक्षी शुभम कुमार व आरक्षी राजेश कुमार ने एम्बुलेंस द्वारा गुलशेर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा में भर्ती कराया जहां से हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल ड्रामा सेंटर ओयल को रेफर कर दिया गया जहां उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है कर बताया जा रहा है आर्यावर्त बैंक शाखा खमरिया के ब्रांच मैनेजर सविता मौर्या द्वारा चलाई जा रही थी । थाना खीरी पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# ऋण वसूली के लिए बकादारों के खिलाफ प्रशासन ने उठाए सख्त कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**बड़े कर्जदारों के खेतों में लगाई गईं लाल झंडिया जल्द ही होगी बंधक संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया**

सकरन( सीतापुर ) । भारतीय स्टेट बैंक शाखा सांडा से लिए गए कृषि ऋण की उधारी न जमा करने वाले डिफाल्टर किसानों की बंधक जमीन को उपजिलाधिकारी लहरपुर के आदेशोपरान्त संग्रह अमीन, लेखपाल,शाखा प्रबंधक व रिकवरी टीम के द्वारा वसूली के लिए खेतो पर लाल झंडी लगाकर अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

क्षेत्र की ग्राम पंचायत गिरवरपुर क्योंटाना हरदोपट्टी व सिकरी बेहटा निवासी रामकिशुन व रामचेतन के द्वारा शाखा सांडा से 980461रूपए व ब्याज एवं 1348165 रुपए सहित अतिरिक्त ब्याज लिया गया था जोकि एन पी ए होने के बावजूद भी अदायगी नहीं कर पाए जिसकी अदायगी के लिए कर्ज रिकवरी टीम के किरन कुमार मिश्रा प्रियांक दीक्षित व अव्यकतेश के द्वारा भरपूर प्रयास किया गया तिथि उपरांत उपजिलाधिकारी लहरपुर के आदेश उपरांत संग्रह अमीन आयुष सिंह व ज्ञानेंद्र कुमार लेखपाल श्रवण कुमार, सतीश कुमार, शाखा प्रबंधक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा एवं फील्ड ऑफिसर विकास चंद्र गौतम सहित ग्राम प्रधान व ग्रामवासियों की मौजूदगी में लाल झंडी लगा नीलामी प्रक्रिया की अग्रिम कार्यवाही को क्रियानवित किया।

## जनपद खीरी की मासिक समन्वय बैठक गुमशुदा बच्चों के मामले में मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी का अनुपालन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीपुर । पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) महोदय की अध्यक्षता में की मासिक समीक्षा एव समन्वय गोष्ठी आहूत की गयी जिसमें जनपद खीरी के सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष एसपी सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर राकेश कुमार, डीसीपीयू अनुज कुमार चतुर्वेदी, शिक्षा विभाग से रेनू श्रीवास्तव, अभियोजन से एपीओ अखिलेश प्रकाश, चाइल्डलाइन से अंजुमन परवीन, वन स्टाफ सेंटर म0हे0 कंास्टेबल सुधा देवी , एमआई ट्रस्ट से अशोक कुमार, नाज, प्रियंका वर्मा,जीआरपी से हे0का0 नरेंद्र कुमार , हे0का0 उमेश व बाल कल्याण अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण शामिल हुए जिसमें पूर्व में जारी किए गए कार्यवृ का अनुपालन के संबंध में चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारीगण द्वारा महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी ट्ग्घ, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या, बाल श्रम, नशा मुक्त अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन पोस्को को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि, किशोर न्याय बोर्ड में पुलिस अधिकारियों रिमांड लेने हेतु सादे वस्त्रों में आने जे.जे एक्ट की धारा 24 आदि तथा पोक्सो एक्ट एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी /पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

## चोरी की घटनाओं का अनावरण,हिस्ट्रीशीटर सहित कुल 04 शातिर गिरफ्तार आभूषण /नकदी बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी सदर दिनेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा चोरी/नकबजनी जैसी घटनाओं के संबंध में पंजीकृत अभियोगों में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. रामकुमार उर्फ सिंघा पुत्र सुन्दर लाल निवासी ग्राम जेनेवापुरवा थाना हरगांव जनपद सीतापुर 2.अनूप पुत्र शत्रोहन लाल निवासी ग्राम जेनेवापुरवा थाना हरगांव जनपद सीतापुर 3. गब्बर उर्फ रामेन्द्र पुत्र ब्रजकिशोर निवासी ग्राम जेनेवापुरवा थाना हरगांव जनपद सीतापुर 4. गुफरान पुत्र तजम्मुल निवासी ग्राम सेमरीभान थाना हरगांव जनपद सीतापुर को जेनेवापुरवा मोड से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तों के मौके से/ निशानदेही से चोरी से सम्बन्धित 20 अदद अंगूठी सफ़ेद धातु , 01 हाय सफ़ेद धातु , 01 ओम सफ़ेद धातु , 02 जोडी बिछिया इस्तेमाली सफ़ेद धातु , 01 जोडी पायल सफ़ेद धातु , 04 जोडा टोप्स पीली धातु , 01 सिंगल टोप्स पीली धातु व नगदी 2,430/- रुपये तथा 01 अदद सब्बल व आला नकब बरामद हुए है। अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया कि पहले हम लोग मिलकर रैकी कर लेते थे और फिर सब्बल व नकब लगाने वाले हथियार से सेंध लगाकर चोरी को अंजाम देते हैं, हम लोगों ने दिनांक 15/16.05.25 को सुनार की दुकान में पीछे से नकब लगाकर चोरी की थी, वहां से मिले जेवरात व रूपये आपस में बांट लिये थे। दिनांक 05.05.2025 की रात को ग्राम नूरपुर में दीवार में सेंध लगाकर चोरी की थी जहां से सरसों व मसूर चुराई थी जिसे राह चलते अज्ञात व्यक्ति को बेंचकर पैसा आपस में बांट लिया था हमारे पास से बरामद जेवरात व रूपये इन्हीं चोरियों से संबंधित है। अभियुक्त रामकुमार उर्फ सिंघा के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर भी बरामद हुआ है। चोरी की घटनाओं के संबंध में थाना हरगांव पर मु0अ0सं0 162/2025-धारा-331(4)/305 बीएनएस व मु0अ0सं0-149/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस पंजीकृत हैं।

# खरीदारों को भविष्य में हो सकती है भारी दिक्कत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। विशेषज्ञों की मानें तो इन अवैध प्लॉटों पर भविष्य में मकान बनाना, बिजली कनेक्शन लेना, या सरकारी सेवाएं प्राप्त करना बेहद मुश्किल हो सकता है। नक्शा पास न होने के कारण ये संपत्तियाँ कानूनी विवादों में भी फँस सकती हैं।

प्रशासन और टक्टइ की चुप्पी सवालों के घेरे में लोगों का आरोप है कि जिला प्रशासन और टक्टइ की आंखों के सामने यह सब हो रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। न कोई सीलिंग की गई, न ही किसी डीलर पर केस दर्ज किया गया। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या अधिकारियों की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है? क्या कहती है जनता? स्थानीय निवासी कहते हैं ''हमने प्लॉट खरीदा तो सोचा सड़क, बिजली, नाली सब मिलेगा। लेकिन अब सालों हो गए, कुछ नहीं हुआ। शिकायत करें तो कोई सुनता नहीं।''

ज़रूरत है ठोस कार्रवाई की अगर जल्द ही टक्टइ, जिला प्रशासन और राजस्व विभाग ने सख्ती नहीं दिखाई, तो यह अनियमित प्लॉटिंग आगे चलकर एक बड़े शहरी संकट का रूप ले सकती है। सरकार को चाहिए कि फर्जी डीलरों पर कड़ी कार्रवाई करे, नक्शा पास किए बिना प्लॉटिंग पर रोक लगाए, और खरीदारों को सुरक्षित निवेश का भरोसा दिलाए।

# अटल सभागार में महिला सशक्तिकरण पर गोष्ठी, उत्कृष्ट दीदियां सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सशक्त नारी ही प्रगतिशील समाज की आधारशिला : डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल

लखीमपुर खीरी । महिलाओं के सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए जिला प्रशासन एवं ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अटल सभागार में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं सीडीओ अभिषेक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। गोष्ठी में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज की प्रगति की सबसे बड़ी कुंजी है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही हैं, बल्कि उनके सामाजिक सम्मान को भी बढ़ावा दे रही हैं। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो पूरा परिवार और समाज नई दिशा प्राप्त करता है। उन्होंने सभी महिलाओं को उत्साह और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों को पाने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदियों की प्रेरणादायक कहानियां सुनकर उनकी दिल से सराहना की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाएं महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बना रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के जरिए गांव की महिलाएं अपने सपनों को हकीकत में बदल रही हैं। जब एक महिला सशक्त होती है, तो पूरा परिवार और समाज मजबूत होता है।ङ्क जिलाध्यक्ष ने महिलाओं को मेहनत जारी रखने और नए अवसर तलाशने के लिए प्रेरित किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार उत्पादों को जल्द ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। महिलाओं के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए शहर में आकांक्षा स्टोर की स्थापना की गई है। जिला प्रशासन समूहों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग सुधार कर उनकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने का प्रयास करेगा। सीडीओ ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने उत्पाद आकांक्षा समूह को भेजें, जिससे वे न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक रूप से भी सशक्त बन सकें। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयं सहायता समूह की दीदी लता भारती द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और सरस्वती वंदना से हुई, जिसकी मधुर प्रस्तुति ने सभागार को भक्ति और ऊर्जा के वातावरण से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम में पीडी एसएन चौरसिया, डीसी मनरेगा सुशांत सिंह और डीसी एनआरएलएम जितेंद्र कुमार ने शासन की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए जागरूक किया।

# डीएम-एसपी ने ली सड़क सुरक्षा बैठक ओवरस्पीडिंग व अतिक्रमण पर अभियान के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ अखिलेश कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र सीटबेल्ट, हेलमेट और ओवर स्पीडिंग की नियमित निगरानी करने पर ज़ोर दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान किए जाएंगे। बैठक में अब तक किए गए चालानों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। एआरटीओ ने प्रवर्तन, अवैध अतिक्रमण पर की गई कार्यवाहिया बताई। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि हाईवे पर पूर्व में बंद किए गए अवैध कट को यदि किसी ने दोबारा खोला, तो उसे चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर कई अहम निर्देश भी दिए गए। बैठक में डीएम ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा सड़कों की मरम्मत/गड्ढामुक्ति, कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पलिया, रपटा आदि) एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही, विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चा, सकरे/जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चा, शहरी क्षेत्र में चौराहे/तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण एवं रोड साइड सुधार, सड़क सुरक्षा, एवं गुड समेरिटन 'ला, के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

**इनकी रही मौजूदगी**

बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार, एआरटीओ अखिलेश कुमार द्विवेदी, ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव, एआरएम रोडवेज लखीमपुर/गोला, डीआईओएस सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# बाल अपराधों के वादों का शीघ्र हो निस्तारण : डीएम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति त्रैमासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रट सभागार में हुई। डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा से बाल अपराधों के लंबित वादों और केसों की जानकारी ली। निर्देश दिया कि बाल अपराधों के वादों को निस्तारण कराने की कार्यवाही शीघ्र कराई जाए। वादों को लंबित ना रखा जाए।

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य ने कहा कि बच्चों की समय- समय पर काउंसलिंग भी कराते रहें। बाल अपराधों को गंभीरता से लिया जाए। बैठक में बाल संरक्षण, बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम और बाल कल्याण योजनाओं की भी समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को बाल संरक्षण को प्राथमिकता देने और बच्चों के विकास के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, यूनिसेफ से मंडली सलाहकार, किशोर न्याय बोर्ड से मीनू श्रीवास्तव, बाल कल्याण समिति से पूनम सिंह, वन स्टॉप सेंटर से आस्था ज्योति, राज लक्ष्मी बाई सम्मान कोष से सारिका शुक्ला, श्रद्धा सिंह अर्चना सिन्हा, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी, रिजवाना परवीन अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा,डिप्टी सीएमओ डॉ अशोक, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी,महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें।

## खिलाड़ी अंशकालिक प्रशिक्षक हेतु करें आवेदन

**रायबरेली।** जिला क्रीडाधिकारी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण शिविरों को संचालित करने हेतु खेलों के सम्मुख दर्शाये गये खेल एथलेटिक्स बॉलीबॉल, तीरंदाजी नेटबाल, तलवारबाजी-तैराकी, हॉकी, हैण्डबाल जिम्नास्टिक भारोत्तोलन, पुशु, बाक्सिंग किकेट बैडमिन्टन, फुटबाल, बास्केटबॉल, लान टेनिस, टेबुल टेनिस, ताइक्वाण्डो, कुश्ती जूडो कबड्डी, खो-खो, स्क्वैश शूटिंग, साफट टेनिस, कराटे रोइंग क्याकिंग एण्ड केनोइंग अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षकों के लिये आवेदन पत्र जिला खेल कार्यालय रायबरेली में आमंत्रित किये जाते हैं। जो लोग सरकारी या गैर सरकारी संस्था में किसी प्रकार के लाभ के पद पर कार्यरत है उनको अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक नहीं रखा जायेगा। आवेदक की आयु 01 अप्रैल 2025 को 25 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। 1-अन्तरराष्ट्रीय स्तर 2-राष्ट्रीय स्तर 3-एन0आई0एस0/एलएन0आई0पी0ई0 4-राज्य स्तर 5-अन्तर्राष्ट्रीय (जूनियर वर्ग) के इच्छुक खिलाडी अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक हेतु अपने आवेदन पत्र के साथ अपना वायो डाटा एवं सम्बन्धित समस्त आवश्यक प्रमाण-पत्र जैसे-जन्मतिथि प्रमाण-पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र खेल योग्यता प्रमाण-पत्र खेल आफिसियल की योग्यता प्रमाण-पत्र, खेल योग्यता सम्बन्धी कोई विशेष योग्यता, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र आदि की प्रमाणित प्रतियों सहित वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवशेष अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षकों की रिक्तियों के सापेक्ष तैनाती हेतु सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से सेवाप्रदाता फर्म मैसर्स टी0एण्ड सर्विसेज कन्सटिल्टंग प्र0लि0 दहीसार मुम्बई द्वारा उक्त 29, खेलो (पावरलिफिटिंग व साईकिलिंग को छोडकर) में आंशकालिक मानदेय प्रशिक्षकों हेतु आवेदन हेतु सेवायोजन पोर्टल पर 25 मई 2025 के प्रदर्शित की गयी है तथा पोर्टल पर आवेदन करने की अन्तिम तिथि 08 जून 2025 है। अधिक जानकारी के लिये जिला खेल कार्यालय रायबरेली में सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

## वाराणसी से आई एनडीआरएफ की टीम ने महराजगंज तहसील में कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया



**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज तहसील सभागार में वाराणसी से आई एनडीआरएफ की टीम ने महराजगंज तहसील में कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सचिन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एनडीआरएफ की टीम ने विभिन्न आपदाओं से निपने के उपाय कर्मचारियों को बताए गए एनडीआरएफ के एएसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में रेस्क्यूबर सरफराज अहमद, राजेश मिश्रा, दुर्गेश यादव, सुगंधा यादव, और शालिनी यादव ने प्रशिक्षण दिया टीम ने बाढ़ भूकंप सर्पदंश हृदय रोग और सड़क दुर्घटनाओं में बचाव के कार्य का प्रशिक्षण दिया गया कर्मचारियों को आगजनी से बचाव और घायलों के प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई ब्लीडिंग रोकने चोटों को स्थिर करने और सीपीआई देने का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया पानी में डूबे व्यक्ति को बचाने और शव निकालने की तकनीक जानकारी भी दी गई प्रशिक्षण में लेखपाल कानूनगो सहित तहसील के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे यह प्रशिक्षण कर्मचारियों को आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के लिए तैयार करने के उद्देश्य आयोजित किया गया है।

## नाबालिक किशोरी को भगाकर ले जाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बछरावां,रायबरेली । पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली एवं क्षेत्राधिकारी महराजगंज के कुसल पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी बछरावां के नेतृत्व में थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा स्थानीय थाने पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 214/2025 धारा 137(2),87/65 (1)बीएनएस व 3/4 पास्को एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अंकित मिश्रा पुत्र प्रेमलाल मिश्रा उम्र 23 वर्ष निवासी मिसिरपुर तरती थाना नेवाडिया जनपद जौनपुर को थुलेडी कट कन्नावा के पास से नियमानुसार की रफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध स्थानीय थाने पर संबंधित पंजीकृत अभियोग के अंतर्गत विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त के ऊपर नाबालिक किशोरी को भगाकर ले जाने और उसके साथ बलात्कार करने के संबंध में कार्यवाही की गई है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में थुलेडी चौकी इंचार्ज सचिन शर्मा एवं हेड कांस्टेबल राजेंद्र वर्मा की महती भूमिका रही।

## विद्युत से स्पर्शाघात से युवक की मौत, सदमे में परिवार

**कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के खोट्टा चौराहे पर स्थित गोबरी पुत्र श्रीनारायण अपने परिवार के आजीविका के लिए चाय की दुकान चलाता था ,गुरुवार को अपराह्न इनवर्टर साफ करते हुए बिजली की चपेट में आ गया जिसे लेकर परिजन मेडिकल कॉलेज गोरखपुर गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । गोबरी उम्र 35 वर्ष अपने पिता का बड़ा बेटा था दो भाई छोटे थे गोबरी के दो छोटे बच्चे हैं जिसमें प्रिंस 6 वर्ष और संदीप 4 वर्ष माता पिता के बुजुर्ग होने के नाते पूरे परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी उसी के ऊपर थी उसके न रहने से परिवार पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा है।खबर लिखे जाने तक लाश दरवाजे पर थी घर के लोगों का रो रो कर हाल बुरा हो रहा हैं।

## 28 लाख की लागत से बनेगा शवदाह गृह

कुशीनगर। नगर पंचायत फाजिलनगर के वार्ड संख्या 13, पिपरा रज्जब में गुरुवार को शवदाहगृह निर्माण कार्य का भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह आयोजित हुआ। यह कार्य क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा तथा नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन प्रताप शाही के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। प्रस्तावित शवदाहगृह लगभग 28 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा। भूमि पूजन के पश्चात जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की एक बहुप्रतीक्षित आवश्यकता थी। हमारा प्रयास है कि फाजिलनगर को बेहतर सुविधाओं वाला, स्वच्छ और विकसित नगर बनाया जाए। शवदाहगृह का निर्माण न केवल एक आवश्यक सेवा है।बल्कि यह नागरिकों को गरिमा और सुविधा के साथ अंतिम संस्कार की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन प्रताप शाही ने अपने संबोधन में कहा कि जनता की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह शवदाहगृह पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगा और अंतिम संस्कार के दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान करेगा। इस अवसर पर सभासद कमलेश वर्मा, शमशाद आलम, अरशद राजा, जेपी सिंह, रामसेवक सिंह, खालिद अंसारी, राकेश, नसीम अंसारी सहित कई गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस निर्माण कार्य का स्वागत करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया और कहा कि इससे क्षेत्र में एक बड़ी सुविधा की पूर्ति होगी।

# अहिल्याबाई ने विकट परिस्थितियों में साम्राज्य और संस्कृति को बचाया : विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। विशुनपुरा विकास खण्ड के सभागार में राजमाता अहिल्याबाई होलकर का जन्मदिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पडरौना सदर विधायक मनीष जायसवाल उर्फ मंटू ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर बहुत ही साधारण परिवार से ताल्लुक रखती थी और अपने सादगी और मेधा के बल पर इंदौर का सत्ता संभाला और अपने प्रजा जनों को सदैव अपने पुत्रों की भांति प्रेम करती थीं अहिल्या बाईं होलकर भगवान शिव की परम भक्त थी और सनातन संस्कृति की सुरक्षा के दृष्टि से विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का कार्य किया और अपने सभी कार्यों को भगवान शिव को समर्पित कर देती थीं। ब्लॉक प्रमुख बिशुनपुरा विंध्यवासिनी श्रीवास्तव ने कहा कि अहिल्या बाईं होलकर का प्रदुर्भाव उस समय हुआ था जब चारों तरफ लुट पाट आतंक मचा हुआ था कम समय में राजगद्दी संभाल कर विकट परिस्थितियों में अपने साम्राज्य और संस्कृति को बचाने का कार्य किया। महिला मोर्चा की नेता मुन्नी तिवारी ने कहा कि खंडेराव जी के मृत्यु के पश्चात जहां सभी महिलाएं सती हो जाती वहीं राजमाता ने राजधर्म के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। जिले के महामंत्री सुदर्शन पाल, प्रधान बबलू कुशवाहा, महामंत्री नित्यानंद पांडेय, उपाध्यक्ष विवेक पांडेय, नि.मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता व प्रधान योगेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन नि.मंडल अध्यक्ष महेश चंद्र रौनियार ने किया अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश राय ने किया ।इस अवसर पर ब्लाक के नरेगा बाबू सुनील कुशवाहा,धर्मेन्द्र कुशवाहा,उदयभान मद्धेशिया, जयचंद कुशवाहा,अरविंद चौधरी,बबलू अंसारी,खुर्शीद अंसारी एवं महिलाएं और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो किशोरों की दर्दनाक मौत

राजापाकड़/कुशीनगर। कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के बड़गांव के टोला बेलवनिया के पास स्थित एक ईंट भट्ठे पर गुरुवार सुबह मिट्टी ढुलाई के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे दो किशोर मजदूर उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान करन प्रसाद (15 वर्ष), पिता- बिरजू प्रसाद, और संजीव प्रसाद (15 वर्ष), पिता- रमेश प्रसाद, दोनों निवासी बड़गांव के रूप में हुई है। दोनों किशोर ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी गिराने का कार्य कर रहे थे। बताया जा रहा है कि भट्ठे पर पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक घबरा गया और वाहन को तेजी से भगाने लगा। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई, जिससे दोनों किशोर उसके नीचे दब गए। घटना की सूचना मिलते ही कुबेरस्थान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में मातम छा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नाबालिग बच्चों से जोखिम भरा काम करवाना गंभीर लापरवाही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मृतकों के परिवार को मुआवजा देने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## माधव के स्मरण से मनुष्य हर बंधन से मुक्त हो जाता हैं :वेदान्ती नन्दन

कुशीनगर। सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत स्थित लेहनी गांव में चल रहे सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिन कथावाचक वेदान्ती नन्दन ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का रसपान कराया। उन्होंने कथा के माध्यम से बताया कि माया को भजने से मनुष्य के हाथ पैर बध जाते हैं लेकिन माधव को भजने से मनुष्य हर एक बंधन से मुक्त हो जाता है बताते हुए कथा व्यास वेदान्ती नन्दन ने कहा कि भगवान का जब आगमन होता है संसार मे तो हर अंधकार समाप्त हो जाता है भगवान को भजन करने मात्र से जीव हर एक सुख को प्राप्त कर सकता है बताते हुए भगवान बाल श्री कृष्ण लाल का जन्मोत्सव मनाया गया राजा परीक्षित के रूप में बैठ कर कथा सुन कर भाव विभोर होते रहे। इस दौरान बाबू सत्येन्द्र कुमार सिंह ग्राम प्रधान,शंभू यादव, हरिचरण सिंह,जितेंद्र कुमार यादव,दीपेंद्र कुमार यादव,प्रकाश सिंह,अभिमन्यु प्रसाद, संजय सिंह,जगदीश शर्मा,रमेश गुप्ता, जयराम सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला आयोग के सदस्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य डॉ0 प्रियंका मौर्या द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरियागंज का निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज की काफी अधिक संख्या थी। मरीजों के अनुपात में चिकित्सकों की तैनाती काफी कम पाई गई। साफ सफाई की स्थिति अत्यंत खराब थी। महिला आयोग की सदस्य ने उक्त सभी समस्याओं को संज्ञान में लिया। उन्होंने चिकित्सकों को लगातार स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीज के अनुपात में चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले सभी मरीजों को सभी दवायें चिकित्सालय से ही उपलब्ध कराई जाए।

इसके पूर्व मा0 सदस्य ने आरटीओ कार्यालय के पास स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जाफ़रपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों को निर्धारित डाइट प्लान के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की मांग के अनुसार अलमीरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन की भी मरम्मत, साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इससे पूर्व प्रातः 10:00 बजे मा0 सदस्या ने जिला मंडलीय चिकित्सालय का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि 10 दिन के अंदर सीटी स्कैन मशीन लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अस्पताल में खाना, साफ-सफाई, चिकित्सक ड्यूटी, मरीजों का फीडबैक, दवाओं की उपलब्धता आदि व्यवस्थायें संतोषजनक पायी गयी।

इसके साथ ही मा0 सदस्य से शिकायतकर्ता द्वारा उनकी पुत्री 02 महीने से लापता है, की शिकायत की गई। जिसको संज्ञान में लेते हुए मा0 सदस्या द्वारा जांच कराते हुए एक घंटे के अंदर बच्ची बरामद करवा ली गई।

# कम लागत, अधिक उत्पादन और आय दोगुना करने हेतु विशेषज्ञों ने दी किसानों को सलाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




राजापाकड़/कुशीनगर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 29 मई से 12 जून तक संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत पगरा प्रसाद गिरी के पंचायत भवन परिसर में किसानों के लिए गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं, फीडबैक और नवाचार के महत्व की जानकारी दी।

गन्ना शोध संस्थान के साइंटिफिक अधिकारी डा. वाईपी सिंह ने कहा कि जैविक विधियों और फसल विविधीकरण से गन्ना उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। मौसम विज्ञानी श्रुति वी सिंह ने बताया कि मौसम के अनुकूल खेती अपनाकर प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सकता है। सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा मदन गोपाल गौतम ने कहा कि रसायनों का सीमित प्रयोग और कीट प्रबंधन की नई विधियां अपनाने से फसलों की गुणवत्ता बढ़ेगी।

एडीओ एजी राजेंद्र खरवार ने कहा कि कम लागत में बेहतर उत्पादन के लिए किसानों को नवीनतम तकनीकों को अपनाना चाहिए। भाकृअप के कृषि वैज्ञानिक डा. गंगाराज आर ने बताया कि किसानों को फसल सुरक्षा और उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल करना चाहिए।

केवीके के वरिष्ठ तकनीकि अधिकारी डा. अरुण प्रताप ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जैविक खाद और जीवाणु खाद का प्रयोग जरूरी है। तकनीकि अधिकारी डा. मोतीलाल कुशवाहा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए किसानों को वैकल्पिक फसल प्रणाली अपनानी चाहिए। तकनीकि सहायक संजना कुमारी ने बताया कि कम जल में अधिक उत्पादन के लिए ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक उपयोगी है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ के बरवा टोला स्थित पंचायत भवन परिसर में आयोजित गोष्ठी में विशेषज्ञों ने किसानों से संवाद करते हुए कम जल में अधिक उत्पादन, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, रसायनों के कम उपयोग, संसाधनों के व्यापक उपयोग और सूक्ष्मजीवों के माध्यम से मृदा एवं पौधों के स्वास्थ्य संरक्षण पर चर्चा की और कृषि से आय दोगुना करने के उपाय बताए। गोष्ठी में कृषक रजनीश राय, प्रधान रमेश गुप्ता, बाबूराम कुशवाहा, भगवान गुप्ता, मोहम्मद, गौरीशंकर गुप्ता, ओमप्रकाश उर्फ राजू सिंह, ननका बाबू, विजय सिंह, जंग बहादुर, बैरिस्टर गुप्ता, रंजय गुप्ता, विशुनदेव प्रसाद, पंकज कुशवाहा, जयलाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# 24 घंटे के अंदर पुलिस ने किया हत्या का ख़ुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद के जहानागंज थाना पुलिस ने अरिप्त पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में एक सनसनीखेज हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए मुख्य अभियुक्त रितेश राजभर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चापड़ बरामद किया गया है। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई, जिसके बाद अभियुक्त को सेमा देउरा मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया।

27 मई 2025 की शाम को ग्राम भतडी चक्र भतडी निवासी सुदर्शन राजभर ने थाने में तहरीर दी थी कि उनका बेटा अमित, जितेंद्र राजभर और सुदर्शन राजभर के साथ भरपुरवा गांव में बातचीत कर रहा था। तभी रितेश राजभर ने धारदार चापड़ से हमला कर दिया, जिसमें अमित की गर्दन पर गहरी चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गई। सुदर्शन और जितेंद्र भी गंभीर रूप से घायल हुए। इस तहरीर के आधार पर थाना जहानागंज में मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में रितेश ने बताया कि अमित, सुदर्शन और जितेंद्र उसकी माँ पर अभद्र टिप्पणियाँ करते थे और शराब पीकर गाली-गलौज करते थे। इससे आहत होकर उसने बदला लेने की ठानी और 27 मई की रात को चापड़ से हमला कर दिया। हमले के दौरान जितेंद्र ने डंडे से बचाव किया, जिससे रितेश के सिर में चोट लगी और वह मौके से भाग गया। 29 मई 2025 को सुबह 3:58 बजे वरिष्ठ उपनिरीक्षक हृदयानंद पाठक और उपनिरीक्षक विनय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रितेश राजभर को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चापड़ बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट को भी जोड़ा है। गिरफ्तारी में स्वाट टीम और स्थानीय पुलिस के 12 सदस्यों की टीम शामिल थी। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति में लायें अपेक्षित सुधार : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### जिलाधिकारी ने किया राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

### पैमाइश के बाद यदि पुन: अवैध कब्जा किया जाये तो संबंधित के विरुद्ध क्रिमिनल एक्ट में कार्यवाही सुनिश्चित करें

### प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए राजस्व वसूली में वृद्धि सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार-।। की अध्यक्षता में कल सायं कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों की राजस्व वूसली एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।जिलाधिकारी ने सभी राजस्व एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड का प्रदेश स्तर से मूल्यांकन प्राप्त होने के बाद सी,डी एवं ई ग्रेड वाले विभागों को राजस्व से संबंधित वादों के निस्तारण की कार्यवाही प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। धारा 24 के निस्तारण में सगड़ी, बूढ़नपुर, मेंहनगर द्वारा अपेक्षित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बहुत धीमी मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने समस्त राजस्व अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर धारा 24 के कम से कम 25 प्रतिशत वादों को निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने धारा 80 के वादों को 30 दिन के अंदर स्पष्ट आदेश करते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होने धारा 34 एवं धारा 67 में सबसे अधिक लंबित वाले तहसीलों के नायब तहसीलदारों को नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नोटिस के बाद भी सुधार नहीं आता है तो प्रतिकूल प्रविष्टि दिया जाए।

जिलाधिकारी ने खनन अधिकारी को संबंधित तहसीलों के उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अवैध खनन के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए राजस्व वसूली में वृद्धि करना सुनिश्चित करें। उन्होने खनन अधिकारी को निर्देश दिया कि रोस्टर बनाकर सप्ताह में कम से कम 4 दिन समस्त तहसीलों में अवैध खनन के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी को लक्ष्य अधिक होने के कारण रिवाइज कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी में जीएसटी विभाग को विद्युत विभाग से व्यावसायिक कनेक्शनों की सूची लेकर जीएसटी की वसूली में वृद्धि करने के निर्देश दिए। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कम से कम गांव वाले लेखपालों को बुलाकर निस्तारित करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी के ऊपर विभागीय कार्यवाही 6 महीने से अधिक लंबित नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा की आय, जाति, निवास एवं जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने कहा की धारा 67 के केस बिना साक्ष्य के रेस्टोरेशन न करें। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए गूगल सीट पर डाटा को भरा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक तहसील के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले 5 लेखपालों को बुलाकर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) उनके कार्यों की समीक्षा करें। उसके बाद भी यदि उनके कार्य एवं आचरण में सुधार परिलक्षित नहीं होता है तो विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा की पैमाइश के बाद यदि पुनः अवैध कब्जा किया जाये तो संबंधित के विरुद्ध क्रिमिनल एक्ट में कार्यवाही किया जाए। उन्होंने कहा की धारा 33ए के अंतर्गत यदि कोई विशेष आपत्ति न हो तो निर्विवाद विरासत करना सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने स्वामित्व योजना, रियल टाइम खतौनी, आदि कार्यों की समीक्षा कर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एक्सीयन विद्युत, खनन अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, तीन माह के लिए 134 स्कूली वाहनों का पंजीकर निलंबित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प रिवहन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है।विभाग ने 134 स्कूली वाहनों का पंजीकरण तीन माह के लिए निलंबित कर दिया है।जिले में कुल आठ सौ पंजीकृत स्कूली वाहन हैं।परिवहन विभाग की ऑ नलाइन निगरानी में 144 वाहन अनफिट पाए गए विभाग ने वाहन मालिकों को नोटिस देकर खामि यां दूर करने और फिटनेस जांच कराने का निर्देश दिया था।हालांकि,केवल दस वाहन स्वामी ही फिट नेस जांच के लिए आए। 34 वाहन स्वामियों ने न तो खामियां दूर कीं और न ही फिटनेस जांच कराई । उप संभागीय परिवहन अधिकारी ने इस लापरवा ही पर कार्रवाई करते हुए इन वाहनों का पंजीकरण निलंबित किया है।अगर तीन माह के भीतर फिट नेस जांच नहीं कराई गई तो इन वाहनों का पंजीक रण स्थायी रूप से निरस्त कर दिया जाएगा।इसके बाद ये वाहन सड़क पर नहीं चल सकेंगे।यदि निलं बन के दौरान वाहन सड़क पर पाए गए तो उन्हें जब्त कर लिया जाएगा।परिवहन विभाग ने इन 134 वाहनों की सूची परिवर्तन टीम को सौंप दी है।दस दिन पहले भी विभाग ने 46 स्कूली वाहनों का पंजीकरण निलंबित किया था। 180 अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

परिवहन विभाग के आरटीओ आरसी भारतीय ने बताया कि लगातार इन सभी स्कूली वाहनों को निर्देश दिया जा रहा है। कि अपने वाहनों का फिट नेस कर ले लेकिन यह लोग नहीं कर रहे हैं।134 स्कूली वाहनों का पंजीयन तीन माह के लिए निलं बित कर दिया गया है अब तक 180 स्कूल लंबित कर चुके हैं।निलंबित के बाद फिटनेस करने के लि ए इन्हें फोन भी कर जा रहा है अगर इसके बावजू द या लोग फिटनेस नहीं कराएंगे।तो इनका पंजीक रण भी निरस्त कर दिया जाएगा जिसकी जिम्मेदा री इन लोगों की होगी बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।गोंडा परिवहन विभाग के आरटीओ आरसी भारतीय ने बताया कि लगातार इन सभी स्कूली वाहनों को निर्देश दिया जा रहा है।कि अपने वाहनों का फिटनेस कर ले लेकिन यह लोग नहीं कर रहे हैं।134 स्कूली वाहनों का पंजीयन तीन माह के लिए निलंबित कर दिया गया है अब तक 180 स्कूल लंबित कर चुके हैं।निलंबित के बाद फिटनेस करने के लिए इन्हें फोन भी कर जा रहा है अगर इसके बावजूद या लोग फिटनेस नहीं कराएंगे।तो इनका पंजीकरण भी निरस्त कर दिया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी इन लोगों की होगी बच्चों की जिंदगी के साथ खिल वाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

# अधिवक्ता संघ कैसरगंज के पदाधिकारियों ने दिवंगत अधिवक्ता के घर पर जाकर परिजनों को 2 लाख की आर्थिक मदद की चेक सौंपी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कैसरगंज बहराइच। बार एसोसिएशन कैसरगंज के वरिष्ठ सदस्य / अधिवक्ता श्री लल्लू सिंह जी का आकस्मिक देहावसान हो जाने पर बार के महामंत्री अजय प्रताप सिंह एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार यादव एडवोकेट आदि पदाधिकारीयों अधिवक्ताओं ने उनके घर पहुंचकर स्वर्गीय लल्लू सिंह जी के बड़े पुत्र अजय सिंह एवम परिजनों के मौजूदगी में उनकी धर्म पत्नी को बार कोष से दो लाख रुपये का आर्थिक सहायता राशि की चेक व शोक संवेदना पत्र दिया दिया गया । जानकारी देते हुए महामंत्री अजय सिंह ने कहा कि वरिष्ठ देवता के निधन हम सभी के लिए अत्यंत पीड़ादायक है, बार एसोसिएशन कैसरगंज के सभी सदस्य परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते है कि दिवंगत आत्मा की शान्ति दे एवम परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दे ।

# केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री ने की विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर वर्चुअल बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने गोंडा और ब लरामपुर के जिला प्रशासन की टीमों के साथ वर्चु अल बैठक की है।बैठक में गोंडा और बलरामपुर के सभी अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े जहां पांच जून 2025 को मनाए जाने वाले विश्व पर्या वरण दिवस की तैयारियों पर चर्चा हुई।मंत्री ने प्रस्तावित वनीकरण और प्लास्टिक मुक्त पहल की समीक्षा भी की।गोंडा लोकसभा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने स्थानीय स्तर पर हरित आवरण बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी ली।उन्होंने प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।दोनों जिलों में विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की जाएंगी।मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की तैयारियां अभी से शुरू कर दी जाएं।यह आयोजन स्वच्छ और हरित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।गोंडा और बलरामपुर के डीएम ने बताया कि केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री ने बैठक करके तैयारी कर ने के निर्देश दिए हैं सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है जो तैयारी बची है उन्हें पूरा किया जा रहा है।

# पैथालॉजी सेंटरों में खून की जांच के नाम पर मरीजों का हो रहा आर्थिक शोषण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा। जिले में इन दिनों मौसम के उतार चढ़ाव के च लते शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में में खांसी जुकाम के साथ ही वायरल फीवर के रोगियों इजाफा हो रहा है इसका पूरा फायदा उठाने के लिए निजी चिकि त्सकों की मिली भगत के चलते खून की जांच के नाम पर कस्बे में संचालित अवैध पैथोलॉजी व ब्ल ड कलेक्शन सेंटरों के संचालकों द्वारा मरीजों को खून की जांच के नाम पर लूटा जा रहा है जबकि स्वास्थ्य विभाग मौन साधे हुए बैठा है।लाखो की आबादी वाले शहर व ग्रामीण क्षेत्र में अवैध पैथो लॉजी एवं ब्लड कलेक्शन सेंटरो की बाढ़ सी आ गई है।जहां पैथालॉजी संचालकों ने पैथोलॉजिस्ट के नाम का बोर्ड तो लगा रखा है किन्तु किंतु किसी भी पैथालॉजी में पैथालॉजिस्ट डाक्टर की नियुक्ति नहीं है परंतु निजी चिकित्सकों के द्वारा खून की जांच के लिए भेजे मरीजों से ब्लड का सेंपल लेकर पैथालॉजिस्ट के हस्ताक्षर बनाकर मनमानी दाम ले कर मरीजों के तीमारदारों को जांच रिपोर्ट थमायी जा रही है आलम यह है कि जिले में बिना पैथोलॉ जिस्ट के करीब दर्जनों से अधिक पैथोलॉजी सेन्टर संचालित हो रहे हैं जहां निजी अस्पताल संचालकों की सांठ गांठ से खून की जांच के नाम पर मरीजों का आर्थिक शोषण किया जा रहा, समाजसेवियों का कहना है कि अवैध रूप से चल रहे पैथोलॉजी एवं ब्लड कलेक्शन सेंटरों मे खून की जांच के नाम पर मरीजों से मनमानी पैसा लेकर उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है तथा खून की जांच कराने के लिए इन पैथोलॉजी में भेजने वाले डॉक्टरों के मनमाफिक जांच रिपोर्ट में प्लेटलेट्स कम दिखाने के साथ ही टाइफाइड होने की रिपोर्ट मरीजों को थमा दी जाती है ऐसे पैथोलॉजी व ब्लेड कलेक्शन सेंटरों की जांच करा कर कार्रवाई होनी चाहिए।

### निजी चिकित्सकों की सेटिंग से बनती है रिपोर्ट

परसपुर, बेलसंर, तरबगंज, मनकापुर, करनैलगंज क्षेत्र में पैथोलॉजी व ब्लड कलेक्शन सेंटरों में सीबी सी जांच रिपोर्ट में टाईफाइड के साथ साथ प्लेटले ट्स घटाने बढ़ाने का खेल इनके बायं हाथ का का म है आलम यह है कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खुले प्राइवेट क्लीनिक के डॉक्टरों के इशारे पर म रीजों से जांच रिपोर्ट में टाईफाइड,प्लेटलेटस,घटा ने के साथ ही टीएलसी,डीएलसी व हिमोग्लोबिन घटाने-बढ़ाने का खेल बखूबी किया जाता है कमी शन बाजी के चक्कर में मरीजों के तीमारदारों की जेब ढीली कर दी जाती लूट के इस खेल में पैथोलॉ जी संचालकों द्वारा खून की जांच कराने के लिए पै थोलॉजी भेजने वाले निजी चिकित्सकों को चाली स से पचास प्रतिशत तक का कमीशन दिया जाता है।

### मनाई गई पुन्यशलोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती

बांसगांव कैनविज टाइम्स संवाददाता ।भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयन्ती अभियान के अन्तर्गत गुरुवार को ब्लॉक सभागार एक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।उक्त कार्यक्रम में ब्लाक महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके तथा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में अहिल्याबाई के जीवन और कृतित्व पर जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, महिला वक्ता के रूप में प्रसिद्ध समाज सेवी पूनम गुप्ता एवं ब्लॉक प्रमुख लालमती देवी के प्रतिनिधि शिवाजी सिंह ने उनके जीवन सामाजिक एवं धार्मिक कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने उनके न्याय प्रियता के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की मिसाल है उनके धार्मिक कार्य आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं।अदम्य साहस का परिचय देते हुए उन्होंने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक खण्डित हुए मन्दिरों का न केवल जीर्णोद्धार करवाया अपितु सनातन संस्कृति के गौरव को पुनर्जीवित किया। महिलाओं के नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य,विधवा महिलाओं के अधिकार के लिए कार्य, महिलाओं की सेना का गठन,गठन के बाद उन्होंने महिलाओं को सेना में प्रशिक्षित कर एक मजबूत महिला सेना को तैयार किया।

### अवैध पिस्टल के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

बड़हलगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता ।कोतवाली पुलिस ने अवैध देशी पिस्टल, खाली मैगजीन व ब्लैक स्कार्पियो के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष चंद्रभान सिंह ने बताया कि बुधवार की रात नगर पंचायत अम्बेडकर चौराहा स्थित बाईपास रोड से गश्त के दौरान शिवम दुबे पुत्र विंध्यवासिनी दुबे निवासी बिमुटी थाना बड़हलगंज, शिवा सिंह पुत्र सत्येंद्र सिंह निवासी खलीलपुर थाना सराय ख्वाजा जनपद जौनपुर, इसरार पुत्र अब्दुल्ला निवासी धोबौली थाना बड़हलगंज को एक अवैध देशी पिस्टल 32 बोर, एक खाली मैगजीन व काली गुजरात नंबर स्कार्पियो के साथ गिरफ्तार कर धारा 3/325 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया जहा से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# ताइक्वांडो एसोसिएशन बहराइच की चेयरमैन मनोनीत हुई डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। स्टेट ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव डॉ रजत दीक्षित ने एमएलसी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी को जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन बहराइच का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस मनोनयन की जानकारी संगठन के जिला सचिव इसरार अली ने दी है। मालूम हो कि एमएलसी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी के जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन बहराइच का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर संगठन के सचिव इसरार अहमद के नेतृत्व में ताइक्वांडो की महिला खिलाड़ियों ने उन्हें बुके भेंट कर उनका स्वागत किया।ज्ञात हो कि जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन बहराइच,यूपी ताइक्वांडो एसोसिएशन और यूपी ओलंपिक एसोसिएशन से संबंध है।बहराइच की ताइक्वांडो टीम में 90 प्रतिशत महिला खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका है जो इस खेल में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं।प्रदेश सरकार भी महिलाओं को सशक्त बनाने और आत्मरक्षा के साथ आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है।ताइक्वांडो आत्मरक्षा के लिए एक बेहतर साधन माना जाता है ऐसी स्थिति में बहराइच ताइक्वांडो एसोसिएशन का अध्यक्ष डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी को बनाए जाने पर महिला खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है।

### एक जनपद एक उत्पाद योजना का साक्षात्कार तीन जून से पांच जून तक

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता ।शासन द्वारा संचालित एक जनपद एक उ त्पाद प्रशिक्षण एवं टूल किट योजना के अंतर्गत ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों पर आवेदकों के च यन के लिए बैठक कर साक्षात्कार किया जाएगा तीन जून से पांच जून तक कार्यालय उपायुक्त उद्यो ग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र पर सुबह 11 बजे टास्कफोर्स कमेटी साक्षा त्कार के द्वारा अभ्यर्थियों का चयन करेगी। उपायु क्त उद्योग बाबूराम यादव ने बताया कि जिन अभ्य र्थियों ने खाद्य प्रसंस्करण (दाल)चार जून को खाद्य -प्रसंस्करण मक्का एवं पांच जून को खाद्य-प्रसंस्क रण का ऑनलाइन आवेदन किया है वे अपने सम स्त मूल प्रमाण पत्रों सहित उक्त तिथि,समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच ने बताया कि प्रवेश सत्र 2025 से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र में एन.सी.वी.टी. एवं एस.सी.वी.टी. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चयन/प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ हो गयी है। सत्र अगस्त 2025 में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट एससीवीटीयूपी डाट इन पर 05 जून 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी की आयु 01 अगस्त 2025 को 14 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। सामान्य/पिछड़ा वर्ग हेतु रू. 250=00 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए रू. 150=00 आवेदन शुल्क निर्धारित है। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रवेश हेतु अलग-अलग व्यवसायों के लिए न्यूनतम शैद्विक योग्यता कक्षा 08 एवं हाईस्कूल निर्धारित है। प्रवेश के सम्बन्ध अन्य जानकारी के लिए इच्छुक छात्र अमित पाण्डेय के मो.न. 8874676220 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी का 30 मई 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। सिद्दीकी अपरान्ह 02:30 बजे बहराइच दरगाह शरीफ पहुंचकर जुमे की नमाज़ में शामिल होंगे तथा मज़ार शरीफ पर चादर पेश कर अपरान्ह 05:00 लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

# विकासखंड परसपुर में मनरेगा में लूट की छूट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । मनरेगा में फर्जी मास्टररोल और फर्जी भुग तान के मामले में परसपुर,तरबगंज,बेलसर और करनैलगंज ब्लॉक का नाम सबसे पहले सामने आ ता हैं।लेकिन एक कहावत गांव में कही जाती है कि तरबूज को देख कर खरबूज भी रंग बदलता है।ठीक उसी तरह परसपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत धमरैया,अंदूपुर,बलमथर और लोहंगपुर गाँव में मन रेगा कार्यों में फर्जी मास्टर रोल और उनके भुगतान कराने के लिए सभी ब्लाकों को पीछे छोड़ अव्वल नंबर पर अपनी जड़े जमाने में जुटा है।हम बात कर रहे हैं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की।जिसके तहत केंद्र और राज्य सर कार तमाम निचले स्तर के गरीबों और असहाय मजदूरों को वर्ष में मनरेगा योजना के तहत सौ दिन का कार्य देने के लिए कटिबद्ध है।परंतु देखा जा रहा है कि ब्लाक परसपुर ब्लॉक के ग्राम प्रधानों सचिवों और एपीओ के भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है।केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना मनरेगा के नियमों को ताक कर रख कर खुद की खाऊ कमाऊ नीति से उसकी गाइडलाइन के विप रीत फर्जी मस्टरोल का सहारा लेकर फर्जी भुक्तान कराने में लगे हुए हैं।जानकारों की माने तो 28 मई को ग्राम पंचायत धमरैया में कालीकुंड तालाब का सुंदरीकरण और बढहिन पुरवा से सीताराम शुक्ला के घर तक भूमि विकास का कार्य के लिए 55 श्र मिको को दो कार्यों के लिए लगाया गया था लेकिन धरातल पर कोई भी श्रमिक कार्य नहीं कर रहे थे जो फोटो अपलोड की गई है जैसे लग रहा हैं कि वह 40% सेल्सियस गर्मी में स्वेटर और जैकेट पह नकर इस गर्मी में कार्य करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वही इस तेज धूप और गर्मी में जब लोग अपने घरों में पंखे और छायादार पेड़ के नीचे बैठे रहने को म जबूर थे तो ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव भी बाहर निकले के लिए सोचते होंगे।लेकिन इस तेज धूप और गर्मी में भी ग्राम प्रधान और सचिव गांवों में मनरेगा के मस्टरोल से खेल करने में जुटे थे ब्लॉ क कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर लाखों का वारा न्यारा कर रहे थे।वही अंदुपुर गाँव में दो प्रोजे क्ट पर 60 मजदूर कागज पर कार्य कर रहे थे।पर सपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बलमथर में ऑनलाइ न मस्टर रोल नम्बर 2364 से 2366 तक 2372 से 2376 तक 2378 से 2381तक चार मस्टर रो ल में 96 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है।

### धमरैया,अंदूपुर,बलमथर,लोहंगपुर में मनरेगा के मस्टर रोल चल रहा फर्जीवाड़ा

जबकि धरातल पर कुछ और है।ग्राम पंचायत लो हंगपुर में पंडित ज्ञान मिश्रा के खेत तक भूमि वि कास कार्य में ऑनलाइन मस्टर रोल संख्या 2364 से 2376 व 2378 से 2381 तक दो कार्यों में प क्की सड़क से दिनेश पांडे के खेत तक भूमि विका स का कार्य में 95 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है।ऑनलाइन सिस्टम पर फर्जी फोटो अपलोड किया जा रहा है।

**टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: मंडलायुक्त**

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।इस संबंध में जब देवीपाटन मंडलयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्हों ने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टा चार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चरगांवा, गोरखपुर । ग्राम विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में महिला सशक्तिकरण हेतु विकास खण्ड स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम विकास खण्ड चरगांवा सभागार में गुरुवार को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह,विशिष्ट अतिथि रणविजय सिंह मुन्ना के उपस्थिति में आयोजित किया गया । इस अवसर पर सभागार में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्बोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना ( एन आर एल एम) दुनिया का अनोखा रोजगार सृजन ,स्वालंबी व आत्म निर्भर बनने का अनोखा कार्यक्रम है जिसमें शिक्षा , उम्र की कोई बाधा नहीं हैं बिना इन तीनों मानकों के सबसे जरुरी मानक इच्छा शक्ति हैं।

एन आर एल एम योजना में जुड़ी स्वयं सहायता समूह की विभिन्न कैडर की महिलाएं बैठक,बचत, व्यवसाय व विपणन इन चार स्तम्भ को गतिशील करके गरीबी के दुष्चक्र जो कि अभिशाप हैं से बाहर निकल सकती हैं बिना देश के आधी आबादी के समृद्ध हुए राष्ट्र समृद्ध नहीं हो सकता। मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना सिंह ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि महिलाओं को गृहस्थ जीवन में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर अपने परिवार को आर्थिक रूप से समृद्ध व खुशवाल बनाने के लिए स्वरोजगार करने का दृढ़ संकल्प लेना होगा।ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सिंह ने राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करने के लिए आह्वान किया । इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह,खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, सहायक विकास अधिकारी ( आई एस बी) उपेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी वकील कुमार व ग्राम पंचायत अधिकारी अनिकेत श्रीवास्तव मिशन मैनेजर सुनील चतुर्वेदी मौजूद रहे।

**देश के आधी आबादी के आर्थिक रूप से समृद्ध हुए बिना राष्ट्र समृद्ध नहीं हो सकता : सत्य प्रकाश सिंह (खण्ड विकास अधिकारी)**

**परिवार को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए दृढ़ संकल्प ले स्वयं सहायता समूह की महिलाएं : श्रीमती वंदना सिंह ( ब्लॉक प्रमुख)**

# दुर्घटना में शिक्षक की हुई मौत, एसबीआई ने 50 लाख की दी सहायता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।कुछ माह पूर्व अमरिया जाते वक्त सड़क दुर्घटना मे शिक्षक आशीष शुक्ला की मौत हो गई थी।जिसके एवज मे एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक ने शिक्षक आशीष शुक्ला के परिवार को 50 लाख की सहायता दी है।राज्य सरकार के वेतन पैकेज के तहत प्रदान की गई थी।जो उन राज्य सरकार के कर्मचारियों के परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। जो ड्यूटी के दौरान मृत्यु को प्राप्त होते हैं। एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक सोमेश प्रताप सिंह ने सड़क दुर्घटना में निधन हो चुके शिक्षक आशीष शुक्ला के परिवार को ?50 लाख की सहायता का चेक सौंपा। यह चेक उनकी पत्नी रीना शुक्ला को गुरुवार को एसबीआई पुरनपुर शाखा में सौंपा गया। यह राशि भारतीय स्टेट बैंक राज्य सरकार के वेतन पैकेज के तहत प्रदान की गई थी।जो ड्यूटी के दौरान मरने वाले राज्य सरकार कर्मियों के परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। शिक्षक शुक्ला पीलीभीत जिले की तहसील अमरिया में कार्यरत थे। मई 2024 में उनकी म्रत्यु हो गई थी।चेक सौंपने के समय एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक सोमेश प्रताप सिंह, मुख्य प्रबंधक मोहम्मद सलमान, सेवा प्रबंधक कुशाग्र सिद्धार्थ और एसबीआई के अधिकारी व परिवारजन मौजूद रहे हैं।




### प्रेमी की ऑनर किलिंग में बड़ा खुलासा, प्रेमिका समेत चार गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के औझी गांव में 26 मई की रात आकाश मिश्र की चाकू से गोदकर हत्या का मामला सुलझ गया है। पुलिस ने प्रेमिका, उसके भाई और दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेमिका ने ही रची थी साजिश। सुनसान घर में बुलाकर की गई थी आकाश की हत्या। एक आरोपी अब भी फरार, तलाश में जुटी पुलिस। शिवगढ़ कोतवाल पंडित त्रिपाठी बोलें,चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है,एक अन्य फरार आरोपी को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा। ऑनर किलिंग की इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर सनसनीखेज हत्याकांड का पर्दाफाश किया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का हुआ शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पीलीभीत।विकास खंड मरौरी की ग्राम पंचायत मैदना में स्थित ग्राम पंचायत भवन में ग्राम प्रधान की उपस्थिति में केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान इज्जतनगर के वैज्ञानिक डॉक्टर एमपी सागर एवं कृषि विज्ञान केंद्र टाटा विजैसी के प्रभारी डॉक्टर एस एस ढाका, डॉक्टर सौरभ तोमर,जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र कुमार की टीम द्वारा कृषि के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से बताया गया हैं। जिसमें डॉक्टर सागर द्वारा कृषि के साथ में मुर्गी पालन के व्यवसाय को करना किसान हित में मिल का पत्थर साबित होगा मुर्गी पालन में क्या-क्या सावधानियां तथा लाभ हैं। उनके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर एस एस ढाका द्वारा जैविक खेती प्राकृतिक खेती पर विस्तार से चर्चा की गई साथ ही इसके लाभ और सावधानियां पर भी वार्तालाप की गई। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी द्वारा जिले में संचालित विभिन्न कृषि विभाग की योजनाओं जैसे सोलर पंप, कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान,बीज अनुदान के बारे में विस्तार से पूर्वक बताया गया।डॉक्टर सौरभ कुमार द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र पर सब्जियों की पौध जैसे टमाटर, गोभी, बैंगन, पत्ता गोभी आदि पर विस्तार से बताया गया कार्यक्रम का संचालन खंड तकनीक प्रबंधक प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा किया गया कार्यक्रम में उपस्थिति लगभग 300 किसानों की उपस्थिति रही है। विभाग के सहायक तकनीकी प्रबंधक राजवीर सिंह,हरिश्चंद्र,विजेंद्र शर्मा, लालाराम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# नशे का विरोध करना महिला को पड़ गया भारी युवक ने चाकू से गोदकर उतारा मौत के घाट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। नशे का विरोध करना महिला को भारी पड़ गया है। इससे अनजान महिला ने विरोध किया तो नशेड़ी युवकों ने चाकू से गोदकर महिला की हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। काफी देर तक घायल महिला मौके पर तड़पती रही। सूचना मिलने के बावजूद काफी देर एम्बुलेंस नही पहुंची इससे लोगो ने नाराजगी व्यक्त की है।काफी देर बाद एम्बुलेंस पहुंचने पर अस्पताल पहुंचाया गया जहां महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। एसपी अभिषेक यादव ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली है। पूरनपुर देहात के मोहल्ला हबीबगंज की रहने वाली ऊषा देवी 45 वर्ष पत्नी हरिशंकर गुरुवार सुवह 10 बजे कारगिल शहीद पेट्रोल पंप के पास में स्थित खेत पर गई थी। तभी वहां मौजूद दो युवक नशा कर रहे थे। विरोध करने पर दोनों युवक उससे गाली गलौज करने लगे। इसके बाद नशेड़ियों ने महिला के पेट में चाकू से ताबड़तोड़ कई प्रहार किए। जिससे महिला लहूलुहान हालत में खेत पर ही गिर गई। घटना को लेकर खलबली मच गई। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।अस्पताल में भर्ती महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी, क्राइम ब्रांच की टीमें लगाई गई हैं। सूचना पर एसपी अभिषेक यादव,सीओ प्रगति चौहान, कोतवाल सत्येंद्र कुमार अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतका के परिजनों ने बताया मोहल्ले के ही दीनदयाल के बेटे अमित ने अपने एक साथी के साथ में घटना को अंजाम दिया है वही गुस्साए मोहल्ले वासियों ने कहा नशे की लत में युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है।इस अवैध कारोबार पर लगाम लगाने की मांग की है।

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य विषय पर निंबध व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बल्दीराय/सुल्तानपुर। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत आज 29 मई को गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज सुल्तानपुर में महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी की प्रेरणा और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अंग्रेज सिंह ल्लराणाङ्कके मार्गदर्शन में 'ल्लएक पृथ्वी एक स्वास्थ्यल्ल' विषय पर एक निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 30 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता में एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा पलक उपाध्याय तथा पोस्टर प्रतियोगिता में बी.ए.चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सानिया अंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित



किया गया और साथ ही अपने संबोधन में पर्यावरण के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी पर्यावरण दिवस पर सभी को कम से कम 5 पौधे लगाने की बात कही।प्रो. नीलम तिवारी ने अपने संबोधन में लोगों को पॉलीथिन के बैग के स्थान पर कपड़े के बैग का प्रयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम की संयोजक प्रो.गीता त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं को कड़ी मेहनत और अनुशासित जीवन के लिए प्रोत्साहित किया और प्राचार्य एवं प्राध्यापकों का आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. नीलम तिवारी, प्रो.गीता त्रिपाठी और डॉ.विष्णु शंकर अग्रहरि ने निभाई। इस कार्यक्रम में चित्रकला के प्राध्यापक विशाल विश्वकर्मा ने विशेष सहयोग प्रदान किया।इस प्रतियोगिता में पलक, खुशी, सानिया, दिव्या, नंदनी, स्नेहा, मेविस, शिफा, नेहा, तबस्सुम आदि छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# ब्लॉक सभागार में संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।विकासखंड मरौरी के सभागार में महारानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी अभियान के निमित्त संगोष्ठी का आयोजन विकासखंड मरौरी सभागार में आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत एवं ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा रही हैं।मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने महारानी लोक माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाल कर उनके जीवन से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा की है।संगोष्ठी में मुख्य रूप से महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा,

जिला महामंत्री अमित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल वर्मा, ओम प्रकाश, वंदना पांडे, शकुंतला राजपूत, खंड विकास अधिकारी लियाकत अली एवं सम्मानित क्षेत्रवासी एवं मातृशक्ति उपस्थिति रही हैं। इसके बाद विकासखंड मरौरी से तिरंगा यात्रा भी निकल गई जिसमें सभी की सहभागिता रही हैं।

# शारदा पर पहुंचा भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।शारदा पार हो रहे धर्मांतरण के सम्बन्ध मे भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल व सिक्ख समाज के लोग टाटरगंज नानक नगरी बेलहा पहुंचे।साथ ही स्थानीय लोगों से मिलकर पता चला कफी संख्या में सिक्ख व हिन्दु अपना धर्म छोड़कर ईसाई बन गए है। कुछ विदेशी लोग यहां आते है।लोगों को प्रलोभन देते चमत्कार दिखाते पैसे का लालच दिखाते है। और धर्म परिवर्तन कराते है। लोगो के घरो मे उनके द्वारा दिए गये विदेशी भाषा मे छपे कलैंडर व अन्य सामग्री भी मिली है।इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव स्वराज सिंह, मनदीप सिंह, सुखविंदर सिंह, व हलका लेखपाल रामेश्वर चौहान, कंबोजनगर चौक के दरोगा कविराज सिंह भी मौजूद रहे हैं।

# अचानक चली गोली से एसआई घायल, हालत स्थिर



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। कोतवाली नगर में गुरुवार दोपहर एक घटना घटी। एसआई जगदीश सिंह छुट्टी लेकर घर जाने से पहले अपनी सर्विस पिस्टल दीवान के पास जमा करने गए थे। इसी दौरान दीवान द्वारा मैगजीन निकालते समय अचानक रिवॉल्वर से फायर हो गया। गोली एसआई जगदीश की जांघ में जा लगी। फायर की आवाज सुनते ही कोतवाली में मौजूद अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। घायल एसआई को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनका इलाज किया और वर्तमान में उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने घटना की जानकारी लेते हुए एसआई जगदीश से फोन पर बात कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने बताया कि घटना की गहन जांच राजपत्रित अधिकारी द्वारा की जा रही है। एसआई जगदीश सिंह पहले भी नगर क्षेत्र की विभिन्न पुलिस चौकियों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं और वर्तमान में कोतवाली नगर में तैनात हैं।

# बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करनी चाहिये : हरिओम तिवारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के गांव रुकुनपुर स्थित मनारुल उलूम पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएड के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मैडल एवं शील्ड प्रदानकर सम्मानित किया गया और बच्चों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर पठन पाठन का पैगाम दिया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्रामीणांचल में स्थापित मनारुल उलूम पब्लिक स्कूल ने जनपद में एक अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि आप सब लोगों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने की आवश्यकता है और शिक्षा से ही व्यक्ति का विकास संभव है लेकिन जब छात्राएं पढ़ लिखकर आगे बढ़ती हैं तो दो परिवारों का उत्थान होता है। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने इण्टर की मेधावी छात्रा मुबाशिरा महफूज, इफरा बानो,साइका बानो,अर्शिमा बानो के साथ ही हाई स्कूल के मेधावी छात्र हंजला आफताब,मोहम्मद जैद खान एवं सारा सहित अन्य कई बच्चों को मैडल और शील्ड प्रदानकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक सलमान अख्तर ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मेधावी बच्चों के लिये अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जायेंगी। प्रधानाचार्य ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।।इस मौके पर वकार अहमद, मोहम्मद नसीर खां, उबैद अहमद, आलोक शुक्ला सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रही।

**मनारुल उलूम पब्लिक स्कूल रुकुनपुर में मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित**



### आज होगा चुनाव वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के चुनाव प्रचार पूर्व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नत्थूलाल पाण्डेय एडवोकेट ने झोकी ताकत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रगतिशील अधिवक्ता एशोसियेशन चुनाव 2025 पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी रहे नत्थूलाल पाण्डेय ने तहसील परिसर पूरनपुर मे अधिवक्ताओ के बीच जाकर अपने पक्ष मे मतदान करने को कहा साथ ही वादे भी किये कि यदि मै चुनाव मे जीत दर्ज करता हू। तो जूनियर व सीनियर अधिवक्ताओ के साथ मिलकर तहसील मे फैले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने पर काम करेगे,मुंसिफ कोर्ट की शीघ्र स्थापना करने का प्रयास व जूनियर अधिवक्ताओ को फौजदारी के मुकदमो मे मार्ग दर्शन सहित अन्य विभिन्न मुद्दे को साथी अधिवक्ताओं के रख कर अपने लिए वोट मांगे हैं।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 11वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सम्बन्ध में बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। 11 वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून 2025 के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद की समस्त जनता को योग के प्रति जागरूक एवं उनकी सहभागागिता कैसे हो इस पर विचार विमर्श किया गया। आयोजन स्थल के चयन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किये। बैठक में योग दिवस का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योग दिवस को भव्य रूप से मनाने में अपना पूरा योगदान दें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी,जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी,शिक्षा विभाग,पुलिस विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे हैं।

### कलीनगर विधुत उपकेंद्र पर संयुक्त किसान मोर्चा ने तालाबंदी कर धरने पर बैठे

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद की तहसील कलीनगर में संयुक्त किसान मोर्चा ने मध्यांचल विधुत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय पर पहुचकर बिजली कटौती की समस्या को लेकर तालाबंदी कर धरने पर बैठ गए। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र के गांवों में सरकार की मंशा अनुसार बिजली की सप्लाई नहीं दी जा रही है। जबकि 18 घंटे गांव में बिजली मिलना चाहिए उसके बाद भी सिर्फ 10 घंटे बिजली दी जाती है और उसमें भी कटौती की जा रही है। गांव में पुरानी जर्जर विद्युत लाइन से सप्लाई दी जा रही है जिसके चलते आए दिन फॉल्ट और लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। इसी को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने कार्यालय में तालाबंदी करते हुए धरने पर बैठ गए और पूरनपुर अधिशासी अभियंता के धरना प्रदर्शन में पहुंचने पर ही धरना प्रदर्शन समाप्त करने की बात कही है। इस दौरान कलीनगर विद्युत एसडीओ व जेई ने किसानों को काफी समझाने का प्रयास किया। पर किसानों ने उनकी एक न सुनी और समस्याओं का समाधान न होने के चलते कार्यालय की तालाबंदी नहीं खोली है और अधिशासी अभियंता के धरना प्रदर्शन में पहुंचने पर ही धरना प्रदर्शन समाप्त करने की बात की है।

### सहकारी समिति के सहायक विकास अधिकारी के साथ अभद्रता मामले में दर्ज मुकदमें

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील परिसर में सहकारी समिति कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव खंजनपुर में बसूली के दौरान सहायक विकास अधिकारी एवं उनके साथ मौजूद टीम के साथ हुई अभद्रता मामले में पुलिस ने 24 मई को मुकदमा दर्ज कर लिया था। पर अभी तक उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सरकारी समिति कर्मचारी यूनियन ने ज्ञापन सौंपकर गिरफ्तारी की मांग की है।

### महिला थाना पुलिस ने एंटी रोमियो अभियान चलाकर महिलाओं को किया जागरुक

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना पुलिस द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं को जागरुक किया गया तथा विभिन्न थानों द्वारा एंटीरोमियो अभियान के तहत संदिग्धों की चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उददेश्य से महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह द्वारा करबा अमेठी में महिलाओं,बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम तथा उनसे बचाव के सम्बंध में व 1930 साइबर हेल्पलाइन नम्बर, 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया।इसी क्रम में जनपद के थानों की एंटीरोमियो टीम द्वारा स्कूल कालेज के खुलने व बंद होने के समय स्कूल कालेज के आसपास व महिला छात्रावास के पास एवं चिन्हित विभिन्न हॉटस्पॉट पर मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया तथा संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

### मोहनगंज पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को जेल भेजा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सरताज अहमद पुत्र सिराज अहमद निवासी कमई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब बत्तीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### वित्तीय अनियमितता के चलते डीह की ग्राम प्रधान पद से हटाई गईं

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बल्दीराय ब्लाक के डीह ग्राम पंचायत की प्रधान ममता शुक्ला को वित्तीय अनियमितताओं के चलते पद से हटा दिया गया है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने अंतिम जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर यह सख्त कदम उठाया। साथ ही ग्राम पंचायत के कार्यों के संचालन के लिए डीपीआरओ को नई कमेटी गठित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# सामूहिक आत्मघात

हरियाणा के पंचकूला में उत्तराखंड से आए एक परिवार की सामूहिक आत्महत्या ने हर संवेदनशील व्यक्ति को गहरे तक झकझोर कर रख दिया। एक कार में नाकाम बेटे ने मां-बाप,पत्नी, दो किशोर बेटियों व एक बेटे के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पूरे परिवार के खत्म होने के बाद कुछ समय के लिए जीवित बचे व्यक्ति ने चश्मदीद को बताया कि वह कर्ज में डूब गया था, कोई रास्ता नजर न आता देख सामूहिक आत्महत्या का निर्णय लिया। पुलिस के पहुंचने व चिकित्सीय प्रयासों के बावजूद परिवार में किसी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। निश्चय ही यह दुखद घटना हर इंसान को उद्वेलित करती है। लेकिन यह भयावह घटना तमाम सवालों को जन्म देती है। आखिर इंसान कैसे सोच लेता है कि आत्महत्या कर लेना संकट का अंतिम समाधान है? जब व्यक्ति में जोखिम से उपजे संकट से जूझने का सामर्थ्य नहीं है तो भारी क़र्ज़ा उठाना कितना तार्किक है? महत्वपूर्ण सवाल यह भी कर्ज से हारे व्यक्ति को ये अधिकार किसने दे दिया कि वो अपने साथ दो पीढ़ियों को सदा के लिये खत्म कर दे? कैसे कोई व्यक्ति अपनी नाकामी की सजा मां-बाप, पत्नी व बच्चों को दे सकता है? यह कल्पना करनी भी भयावह है कि अपना अधिकांश जीवन जी चुके मां-बाप, तीन बच्चों को जन्म देने वाली मां तथा सुखी भविष्य की कल्पना के साथ जीवन की पारी की शुरूआत करने वाले बच्चों ने जहर खाना सहज स्वीकारा होगा। यदि उन्हें यह जहर बिना बताए भी दिया गया होगा तो भी जहर की पीड़ा ने उन्हें तड़फाया भी होगा। अकसर ऐसे मामलों में पूरे परिवार को मौत की राह में ले जाने वाले आत्मघाती व्यक्ति के मन में यह भय भी होता है कि उसके जाने के बाद उसके परिवार का क्या होगा? कहीं उसके लिये कर्ज की सजा परिवार को तो नहीं मिलेगी? निस्संदेह, एक परिवार का यूं जहर खाकर आत्महत्या करना हमारी सामाजिक व्यवस्था में आई विद्रूपताओं की ओर इशारा करता है। जिस भी बैंक या व्यक्ति से आत्महत्या करने वाले परिवार के मुखिया ने कर्ज लिया था, निश्चय ही वहां से उसे किसी भी तरह की राहत की उम्मीद नजर नहीं आई होगी। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उसे अपने मित्रों व रिश्तेदारों से भी किसी राहत की उम्मीद नहीं थी? कहा जाता है कि पड़ोसी व मित्र ही संकट के समय में मददगार होते हैं। तो क्या माना जाना चाहिए कि आज हमारे रिश्ते महज दिखावे के रह गए हैं? आखिर विवाह समारोह समेत तमाम अवसरों पर जुटने वाली लोगों की भीड़ केवल महज खाने-पीने तक की ही दोस्त होती है? क्या नैतिक दायित्व नहीं बनता कि संकट में फंसे व्यक्ति के नाते रिश्तेदार या मित्र मदद करें? बहरहाल, गत सोमवार को घटी घटना के सभी तथ्य सामने आने में अभी वक्त लगेगा और घटनाक्रम से जुड़ी अन्य जानकारियां भी सामने आएंगी। लेकिन यह एक हकीकत है कि एक कर्ज से हारा हंसता-खेलता परिवार हमेशा-हमेशा के लिये चिरनिद्रा में सो गया है। लेकिन यह दुखांत हमें कई सबक दे गया है। पहला तो यही कि हमें कर्ज उसी सीमा तक लेना चाहिए, जिस सीमा तक हम चुकाने की सामर्थ्य रख सकें। कोई भी जोखिम यदि हम व्यापार में उठाएं तो उसके तमाम नकारात्मक पहलुओं पर जरूरी विचार करें। उसके बुरे से बुरे परिणाम के बारे में आकलन करें। दूसरा सबक यह है कि हमारे सामने संकट कितना भी बड़ा क्यों न हो, हमें हार नहीं माननी चाहिए। यह भी कि खुद व परिवार को मौत के मुंह में धकेलना किसी समस्या का समाधान नहीं है। आज की पीढ़ी जल्दी मोटा मुनाफा कमाने की होड़ में बड़े कर्ज लेकर दांव तो खेलती है,लेकिन जरूरी नहीं हर जोखिम लाभदायक ही साबित हो। हमें अपनी सामर्थ्य और देशकाल परिस्थितियों का पूरा आकलन करके ही कदम उठाना चाहिए। यह भी हकीकत है कि नई पीढ़ी में वह धैर्य व संयम धीरे-धीरे कम होता जा रहा है, जो हमें संकट से जूझने का सामर्थ्य देता था। कभी संयुक्त परिवार हमें ऐसे संकट से निबटने की ताकत ही नहीं देते थे, बुरे वक्त में मदद भी करते थे। हमें ऐसे तमाम पहलुओं पर विचार जरूर करना चाहिए।

# हिन्दी पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, मिशन बनाना होगा

**हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर विशेष**

**हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुँचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक प्रसार को सुगम बनाता है। हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है, दरअसल दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर दूर तक मात्र अंग्रेजी, फ़ारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी कलकत्ता से हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था। इसके प्रकाशक और संपादक भी वे खुद थे। भले ही अब यह समाचार पत्र बंद हो गया है, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है। उन्नीसवीं शताब्दी के अंत और बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में हिंदी के अनेक दैनिक समाचार पत्र निकले जिनमें हिन्दुस्तान, भारतोदय, भारतमित्र, भारत जीवन, अभ्युदय, विश्वमित्र, आज, प्रताप, विजय, वीर अर्जुन आदि प्रमुख हैं। बीसवीं शताब्दी के चौथे-पांचवें दशकों में अमर उजाला, आर्यावर्त, नवभारत टाइम्स, नई दुनिया, जागरण, पंजाब केसरी, नव भारत आदि प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्र सामने आए। लोकतंत्र में मीडिया चौथे स्तंभ के रूप में खड़ा है, पत्रकारिता एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से हम देश की वर्तमान स्थिति से अवगत रहते हैं।**

भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, नये बनते भारत में यह भूमिका अधिक महसूस की जा रही है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज़ उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुँचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक प्रसार को सुगम बनाता है। हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है, दरअसल दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर दूर तक मात्र अंग्रेजी, फ़ारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी कलकत्ता से हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था। इसके प्रकाशक और संपादक भी वे खुद थे। भले ही अब यह समाचार पत्र बंद हो गया है, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है। उन्नीसवीं शताब्दी के अंत और बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में हिंदी के अनेक दैनिक समाचार पत्र निकले जिनमें हिन्दुस्तान, भारतोदय, भारतमित्र, भारत जीवन, अभ्युदय, विश्वमित्र, आज, प्रताप, विजय, वीर अर्जुन आदि प्रमुख हैं। बीसवीं शताब्दी के चौथे-पांचवें दशकों में अमर उजाला, आर्यावर्त, नवभारत टाइम्स, नई दुनिया, जागरण, पंजाब केसरी, नव भारत आदि प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्र सामने आए। लोकतंत्र में मीडिया चौथे स्तंभ के रूप में खड़ा है, पत्रकारिता एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से हम देश की वर्तमान स्थिति से अवगत रहते हैं। पत्रकार अथक परिश्रम करते हैं, ताकि समाचार हमारे घर तक तुरंत पहुंचे। चाहे अखबारों के जरिए हो, टीवी चैनलों के जरिए हो या सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव के जरिए, नित-नये बनते एवं बदलते समाज में पत्रकारिता की शक्ति को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और सूचित संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हिन्दी पत्रकारिता में क्रांतिकारिता का रंग गणेश शंकर विद्यार्थी ने भरा था। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर से 9 नवंबर 1913 को 16 पृष्ठ का 'प्रताप' समाचार पत्र शुरू किया था। यह काम शिव नारायण मिश्र, गणेश शंकर विद्यार्थी, नारायण प्रसाद अरोड़ा और कोरोनेशन प्रेस के मालिक यशोदा नंदन ने मिलकर किया था। शिव नारायण मिश्र और गणेश शंकर विद्यार्थी ने 'प्रताप' को अपनी कर्मभूमि बना लिया। विद्यार्थीजी के समाचार पत्र प्रताप से क्रांतिकारियों को काफी बल मिला। मुंशी प्रेमचंद महान् लेखक-कहानीकार होने के साथ-साथ हिन्दी के क्रांतिकारी एवं जुझारू पत्रकार थे, उनकी पत्रकारिता भी क्रांतिकारी थी, लेकिन उनके पत्रकारीय योगदान को लगभग भूला ही दिया गया है। जंगे-आजादी के दौर में उनकी पत्रकारिता ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध ललकार की पत्रकारिता थी। वे समाज की कुरीतियों एवं आडम्बरों पर प्रहार करते थे तो नैतिक मूल्यों की वकालत भी करते थे। मेरा सौभाग्य है कि मैं राजस्थान के यशस्वी पत्रकार स्व. श्रीरामस्वरूप गर्ग के पुत्र होने के नाते विरासत में पत्रकारिता के मूल्यों को आत्मसात करने का मौका मिला। उन्होंने 1936 एवं उसके बाद के दौर में 'राष्ट्रवाणी' एवं 'परिवर्तन' जैसी पत्रिकाओं का प्रकाशन एवं सम्पादन किया। वे राजस्थान के प्रतिष्ठित दैनिक नवज्योति के साप्ताहिक रूप में निकले प्रारंभिक अंकों के सम्पादक रहे। इसका प्रारंभ पण्डित जवाहरलाल नेहरू के निजी सचिव रहे श्री रामनारायण चौधरी ने किया था। आज जबकि हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।' उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए हिन्दी पत्रकारिता को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं। अर्थात कलम को हथियार से भी ताकतवर बताया गया है। पर खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए बुरी एवं स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। लेकिन तलवार से भी धारदार कलम इसीलिये इतनी प्रभावी है कि इसकी वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा।

हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता कई संकटों का सामना कर रहे हैं- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, साम्प्रदायिकता एवं अंधधार्मिकता, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच हिन्दी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। कभी-कभी भारत में हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सख्त पहरे जैसा भी प्रतीत होता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि बड़ी सचाई है कि इन्हीं पत्रकारों के बल पर हमें आजादी मिली है। पत्रकारिता लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती हैं, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। पत्रकारिता आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को दूर करने में मदद करती है। उसका लाभ उठाने के बजाय अगर उसका गला घोटने का प्रयास होगा, तो सही अर्थों में विकास का दावा नहीं किया जा सकता, नया भारत-सशक्त भारत निर्मित नहीं किया जा सकता। अगर कोई सरकार सचमुच उदारवादी और लोकतांत्रिक होगी, तो वह आलोचना से कुछ सीखने का प्रयास करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी हिन्दी पत्रकारिता के प्रति हमारे अविश्वसनीय समर्थन को दोहराने की बात कही है जो लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है। हिन्दी पत्रकारिता कभी मिशन था, आज व्यवसाय बन गया है। आजादी के आंदोलन तक मिशन रहा। धीरे-धीरे इसमें व्यापारी आने लगे। औद्योगिक घराने उतर गए। इनका उद्देश्य समाज सेवा नही रहा, व्यापार हो गया। ये व्यापार करने लगे। वह छापने लगे जिससे इन्हें लाभ हो। डिजिटल युग में टीआरपी और व्यूज़ ही सफलता का पैमाना बन गए हैं। गंभीर पत्रकारिता की जगह सनसनीखेज खबरें, गॉसिप, और 'डिबेट तमाशों' ने ले ली है। तथ्य की जगह धारणा, विश्लेषण की जगह उत्तेजना, और संवाद की जगह शोर ने कब्जा कर लिया है। एंकर शोर मचाकर चीखकर पाठकों को आकर्षित करन में लगे हैं। हिन्दी पत्रकारिता ऐसी अनेक चुनौतियों एवं विसंगतियों का सामना कर रही है। बीते कुछ वर्षों में पत्रकारिता का स्तर चिंताजनक रूप से गिरा है, जबकि पत्रकारों की प्रसिद्धि, प्रभाव और पहुंच पहले से कहीं अधिक बढ़ी है। यह विरोधाभास क्यों? पत्रकार बड़े होते जा रहे हैं, पर पत्रकारिता एवं उसके मूल्य-मानक क्यों सिकुड़ रहे है? आज फ़ेसबुक पत्रकार, न्यूज पोर्टल चलाने वाले पत्रकार, यूट्यूब चैनल चलाने वाले पत्रकारों की देश में बाढ़ सी आ गई है। टीवी पत्रकारिता का वर्चस्व बढ़ रहा है, बड़े एवं बहु-संस्करणों के दैनिक अखबार भी तेजी से बढ़ रहे हैं। आन लाइन समाचार पत्रों की रोज गिनती बढ़ती जा रही है। जिसे देखो पत्रकारिता कर रहा है। इतना सब होने के बावजूद पिछले कुछ साल में खबर एवं हिन्दी पत्रकारिता की विश्वसनीय घटी है। पत्रकारिता का स्तर गिरा है। पत्रकार का सम्मान घटा है। पहले माना जाता कि अखबार में छपा है तो सही होगा, किंतु मीडिया में आई खबर की आज कोई गारंटी देने को तैयार नहीं। पहले हिन्दी पत्रकारिता वैचारिक-क्रांति होती थी, आज खबर प्रधान बन गयी है, विचार लुप्त है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब उसे व्यवसाय नहीं, मिशन के तौर पर नये व्यक्ति, नये समाज, नये राष्ट्र का प्रेरक बनायेंगे। **–ललित गर्ग**

# गुरु अर्जन देव के विचारों में जीवन-दर्शन की झलक

**श्वेता गोयल**

गुरु परंपरा की महिमा अपार है। भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत पूज्य माना गया है। इसी गौरवशाली परंपरा में सिख धर्म के पंचम गुरु अर्जन देव जी का स्थान विशिष्ट है। 30 मई को उनका शहीद दिवस है। उनके विचारों में संपूर्ण जीवन-दर्शन की झलक है। उन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से संपूर्ण मानव जाति को सत्य, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया। गुरु अर्जन देव न केवल धार्मिक संत, बल्कि महान समाज सुधारक, कुशल संगठक और ज्ञान के अद्वितीय स्रोत थे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मानवता की सर्वोच्चता को महत्व दिया। वे सभी धर्मों का सम्मान करते थे और बिना किसी भेदभाव के सभी की सहायता और सेवा करते थे। उनके पास दूर-दूर से विभिन्न धर्मों और आस्थाओं के लोग ज्ञान, शांति और मार्गदर्शन की खोज के लिए पहुंचते थे। एक बार एक श्रद्धालु उनके पास पहुंचा और अत्यंत भावुक होकर कहने लगा कि गुरुजी, आपकी संगति में रहकर मैंने जीवन का सच्चा मार्ग जाना है। अब मैं लड़ाई-झगड़ों से दूर रहता हूं, सत्य के मार्ग पर चलता हूं और लोगों से प्रेम करता हूं, इसीलिए अब लोग भी मुझसे स्नेह करने लगे हैं। पहले कोई मेरा चेहरा तक नहीं देखना चाहता था लेकिन अब सभी मुझसे स्नेहपूर्वक मिलते हैं। यह सुनकर गुरु अर्जन देव मुस्कराए और बोले कि यदि समस्त मानव जाति इस सत्य का बोध कर ले तो यह संसार स्वर्ग बन जाएगा। उस श्रद्धालु ने स्वर्ण मुद्राओं से भरी एक थैली निकालकर गुरु जी की ओर बढ़ाई और आग्रहपूर्वक कहा कि मैं आपको यह भेंट देना चाहता हूं। उन्होंने विनम्रतापूर्वक स्वर्ण मुद्राएं लेने से मना कर दिया और कहा कि ज्ञान अनमोल होता है, उसका कोई मूल्य नहीं होता। यह निःस्वार्थ और निःशुल्क दिया जाता है। श्रद्धालु ने फिर भी आग्रह किया कि यह ज्ञान की कीमत नहीं बल्कि उसकी श्रद्धा का प्रतीक है। इस पर गुरु अर्जन देव ने कहा कि यदि तुम सचमुच कुछ देना ही चाहते हो तो इस ज्ञान को दुनिया में बांटो क्योंकि ज्ञान प्रसाद की भांति होता है और इसका वितरण ही इसकी सच्ची पूजा है। श्रद्धालु यह सुनकर भावविभोर हो गया और गुरु जी के चरणों में नतमस्तक होकर बोला कि आज आपने मुझे जीवन का सबसे बड़ा सत्य बता दिया। गुरु अर्जन देव का जीवन अनेक शिक्षाप्रद प्रसंगों से भरा है। एक बार बाला और कृष्णा नामक दो पंडित गुरु अर्जन देव के पास आए और बोले कि महाराज! हम कथा सुनाकर दूसरों को आत्मिक शांति तो देते हैं लेकिन स्वयं हमारे मन को शांति नहीं मिलती। हम क्या करें? गुरु अर्जन देव ने उन्हें बहुत सरल लेकिन गहन उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक तुम कथा वाचन को धन प्राप्ति का माध्यम समझकर करते रहोगे, तब तक तुम्हारा मन कभी शांत नहीं हो सकता। जब तक कर्म में निष्काम भाव नहीं होगा, तब तक आत्मिक शांति मिलना असंभव है। उन्होंने पंडितों से कहा कि कथा करते समय अपने मन को शुद्ध करो, कथा को परमात्मा की उपस्थिति में किया गया एक पवित्र कार्य मानो और जो उपदेश दूसरों को देते हो, उसे स्वयं भी जीवन में उतारो। यही वह मार्ग है, जिससे तुम्हारा चंचल और अशांत मन भी सच्ची शांति का अनुभव करेगा। गुरु अर्जन देव के ये उपदेश आज भी सार्थक और मूल्यवान हैं। गुरु अर्जन देव केवल उपदेशक नहीं थे बल्कि उन्होंने अपने जीवन में हर उस आदर्श को जिया, जो वे दूसरों को सिखाते थे। उन्होंने सेवा, विनम्रता और त्याग की ऐसी मिसाल पेश की, जो युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगी। आज के यांत्रिक और आत्मकेंद्रित युग में जहां मानवता हाशिये पर पहुंच गई है और लोग मानसिक अशांति से जूझ रहे हैं, वहां गुरु अर्जन देव के विचार एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करते हैं। गुरु अर्जन देव का मानना था कि मन की शांति ही सच्चे सुख का मार्ग है। भौतिक वस्तुएं चाहे कितनी भी मिल जाएं लेकिन यदि मन अशांत है तो व्यक्ति कभी भी सच्चा सुख अनुभव नहीं कर सकता। उन्होंने जीवनभर सेवा, संतोष और आत्मसमीक्षा को प्राथमिकता दी। आज अधिकांश लोग मानसिक अशांति, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से ग्रसित हैं। इसका मूल कारण यही है कि लोग अपने जीवन में आत्मसंतोष नहीं पा पाते। जब तक मन में संतुष्टि नहीं होगी, तब तक शांति भी नहीं मिल सकती। आत्मसंतोष और आंतरिक संतुलन ही सच्ची मन की शांति का मार्ग है।

## सेहत मंत्र

# पुल्टिस मसाज थेरेपी तुरंत दूर हो जाता है हड्डियों का दर्द

पुल्टिस लगाना या कहिए प्रलेप लगाना एक पुरानी और असरदार घरेलू चिकित्सा प्रणाली है। इसमें हर्ब और अन्य कई प्रकार के नुस्खों को पीस या लेप बनाकर त्वचा पर लगाया जाता है, जोकि भांति प्रकार की समस्याओं को संक्रमण आदि से निजात दिलाते हैं। पुल्टिस हर्ब के फायदे तो शरीर को पहुंचाता है लेकिन यह प्रकृतिक तेल या टिंचर आदि की तरह उतना अधिक सांद्र नहीं होता है। चलिए तो इस लेख के माध्यम से पुल्टीस क्या है, इसके फायदे और बनाने की विधि आदि के बारे में विस्तार से जानते हैं। हर्ब की पोटली (प्रलेप यानी पुल्टिस): पुलटिस को कई तरह से समढा और परिभाषित किया जा सकता है, जैसे पुल्टीस अर्थात - किसी गीली दवा को पीडित अंग पर चढ़ाने की क्रिया, अंग पर कोई गीली दवा छोपना या रखना, किसी अंग विशेषतः त्वचा पर किसी ओषधि का किया जानेवाला लेप या फिर किसी गाढ़ी चीज का किसी दूसरी चीज़ पर किया जानेवाला लेप। पुल्टिस को दरअसल हर्ब्स, चिकनी मिट्टी, चारकोल, लवण या अन्य लाभकारी पदार्थ आदि को पीस कर या फिर ऐसे ही कपड़े में रखकर बनाया जाता है और फिर त्वचा पर रखा जाता है। और फिर इसे की घंटों के लिए वहां पर रखा रहने दिया जाता है। नीचे कुछ प्रकार के पुल्टिस दिए गेए हैं, जिन्हें अलग अगल मर्ज के इलाज में उपयोग किया जता है। विषाक्त बाहर करने व दर्द दूर करने के लिए पुल्टिसः इस पुस्टिस में जड़ी-बूटियों से तैयार पोटली द्वारा शरीर की मालिश की जाती है। दर्द निवारक होने के साथ इससे मांसपेशियों की अकड़न व ऐंठन, स्पॉन्डिलाइटिस, जोड़दर्द, ऑस्टियोआर्थराइटिस और वात से जुड़े दर्द व समस्या आदि में आराम मिलता है। इस प्रक्रिया में जड़ी-बूटियों के चूर्म व रस को मरीज की प्रकृति के हिसाब से उचित मात्रा में लेकर एक लेनन के कपड़े से भर लें और एक पोटली का रूप दे। इसके बाद पोटली को औषधीय तेल में गर्म कर त्वचा पर रखें। सूजन, दर्द और घाव के लिए पुल्टिस के प्रकारः राई की पुल्टिस बनाकर दर्द अथवा सूजन वाली जगह पर इसका सेंक करने से तत्काल राहत मिलती है। राई को पीसकर एरंड के पत्तों पर लेप करे और दर्द वाले अंगो पर लगायें। अलसी के तेल में नमक व हल्दी मिलाकर पुल्टिस बना लें और उससे चोट के कारण आई सूजन तथा दर्द वाले स्थान पर रखकर सेंकाईं करें।

## धर्म मंत्र

# अन्नदाता हैं मां अन्नपूर्णा

अन्नदाता हैं मां अन्नपूर्णाअन्न ब्रह्म का स्वरूप है। समस्त मानव जाति अन्न के बिना असक्त और निष्क्रिय हो जाएगी। मां अन्नपूर्णा अन्नदाता हैं। उनकी कृपा से घर अन्न से भरा-पूरा रहता है और व्यक्ति ऊर्जा से लबालब भरा रहता है। मां अन्नपूर्णा की जयंती मार्गशीर्ष की पूर्णिमा को पड़ती है। मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा को अन्नपूर्णा जयंती मनाई जाती है। ऐसी मान्यता है की जब पृथ्वी पर अन्न की कमी हो गई थी। तब मां पार्वती जी अन्नपूर्णा देवी के रूप में अवतरित हो समस्त मानव जाति की रक्षा की थी। ऐसी मान्यता है कि मां अन्नपूर्णा मार्गशीर्ष की पूर्णिमा को अवतरित हुई थीं। इस दिन त्रिपुर भैरवी जयंती तथा दत्तात्रेय जयंती भी मनाई जाती है। मां अन्नपूर्णा जी उत्पति की कथा पुराणों के अनुसार एक बार भीषण अकाल के कारण संपूर्ण पृथ्वी पर पानी और अन्न समाप्त होने लगा। इसके कारण लोगों के बीच अन्न-जल को लेकर हाहाकार मच गया। पृथ्वी वासी भगवान ब्रह्मा और विष्णु जी की स्तुति करने लगे। ऋषियों और मुनियों ने वैकुंठ लोक और ब्रह्म लोक जाकर भगवान ब्रह्मा जी तथा भगवान विष्णु जी को इस संकट से अवगत कराया। तत्पश्चात भगवान ब्रह्मा जी और भगवान विष्णु जी समस्त ऋषि और मुनियों के साथ कैलाश पहुंचे। ब्रह्मा जी और विष्णु जी ने भगवान शिव जी की आराधना करने लगे। पुकार सुन महदेव जी योग मुद्रा से प्राकृत अवस्था में आए। भगवान शिव ने समस्त लोगों का अभिवादन करते हुए कहा, कृपा कर आप लोग अपने उद्देश्य को बताएं। भगवान ब्रह्मा जी बोले, प्रभु पृथ्वी पर अन्न और जल की कमी हो गई है, इस संकट का समाधान करने में आप ही समर्थ हैं। भगवान शिव ने देवताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही इस संकट का समाधना हो जाएगा,आप लोग धैर्य धारण करें। वस्तुस्थिति जानने के लिए भगवान शिव ने पृथ्वी का भ्रमण किया।

**पर्यटन**



# जिंदादिल शहर है लॉस एंजलिस, नाइट पार्टी, रेस्टोरेंट और आर्ट शो के लिए दुनिया भर में मशहूर

अगर आप विदेश जाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो लॉस एंजेलिस एक अच्छा विकल्प हो सकता है। यहां का खुशनुमा मौसम, दूर-दूर तक फैले समुद्र तट और घूमने-फिरने की तमाम सुविधाओं के कारण इसे एक बेहतरीन पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां आप न सिर्फ समुद्र की ऊंची-ऊंची लहरों पर सर्फिंग कर सकते हैं, बल्कि पहाड़ों पर चढ़ाई करने का आनंद भी उठा सकते हैं। यहां के सुंदर समुद्री तट, नेशनल पार्क और एम्यूजमेंट पार्क तो आपको बिल्कुल एक नई दुनिया में ले जाने का अहसास दिलाता है। लॉस एंजलिस 'सिटी ऑफ लॉस एंजलिस' को 'एलए' के नाम से भी जाना जाता है और इसे 'सिटी ऑफ एंजेल्स' भी कहा जाता है। जिंदादिल शहर है लॉस एंजेलिसः यह कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली जगह है। यह चारों ओर से पहाड़, घाटी और जंगल से घिरा हुआ है। पैसिफिक महासागर के अलावा इसके निकट रेगिस्तान भी है। ऐसे में आप यहां आकर इन दोनों जगह जाने का लुत्फ ले सकते हैं और नए साली की छुट्टियों को यादगार बना सकते हैं। इसके अलावा 'हॉलिवुड' के कारण भी यह अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए हमेशा आकर्षण का केंद्र रहता है और इसे देखने के लिए पूरे साल दुनियाभर से पर्यटक यहां आते हैं। यहां की एक तिहाई से ज्यादा आबादी दूसरे स्थानों से आकर बसी है। दुनियाभर से लोग यहां आए और शहर में रहने लगे। वैसे, यहां ज्यादातर लोग लैटिन अमेरिका, कोरिया, लिटिल इथोपिया, चाइनाटाउन और टोक्यो से आकर बसे हैं। यूनिवर्सल स्टूडियो यदि आप कैलिफोर्निया आएं और लॉस एंजलिस का यूनिवर्सल स्टूडियो देखने न जाएं तो लगेगा आपने कुछ मिस कर दिया। दरअसल, यह यहां के सबसे पुराने फिल्म स्टूडियो में से एक है। यूनिवर्सल स्टूडियो उत्तरी लॉस एंजलिस की सैन फर्नाडो घाटी में चारों ओर फैला हुआ एक स्टूडियो है, जिसे फैमिली फ्रेंडली थीम पार्क के कारण भी जाना जाता है। यह फिल्म के शौकीनों की पसंदीदा जगह है और उन्हें यहां आकर एक सुखद एहसास होता है।

# अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान माननीयों की भागीदारी से आयोजनों में बढ़ी भव्यता

## महिला सशक्तिकरण की प्रतीक थी लोक माता अहिल्याबाई - साकेन्द्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निंदूरा बाराबंकी। विकास खण्ड निंदूरा के जनलोक सभागार में बृहस्पतिवार को नारी सशक्तिकरण की प्रतीक महान वीरांगना पूर्णश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा सम्मिलित हुए। उन्होने कहा

लोक माता अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण की प्रतीक एवं अहिल्याबाई होलकर कुशल शासक व योद्धा थीं।जिन्होंने अपने राज्य होलकर की रक्षा करने के लिए युद्ध कौशल का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कई युद्धों में विजय प्राप्त की और आक्रमणकारियों से अपने राज्य की रक्षा की। पूरे देश और प्रदेश में भाजपा इस कार्यक्रम को लेकर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

अन्य वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के नारी उत्थान की दिशा में किए गए प्रयासों को मोदी सरकार ने मूर्त रूप दिया है। कार्यक्रम दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इससे पहले मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा को गुलदस्ता देकर खण्ड विकास अधिकारी ने स्वागत किया।

इस मौके पर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, मंडल अध्यक्ष विनय मौर्य ,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रदीप कुमार रावत, विशाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी आलोक वर्मा, जेई आर एस सचिन यादव ,सहायक विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ,एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी,अकाउंटेंट अतुल गुप्ता व सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

इसी क्रम में जनपद के मसौली ब्लाक सभागार मे आयोजित जयंती कार्यक्रम को पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने सम्बोधित किया।उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर की किसी सरकार में जयंती नहीं मनाई गई। भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश उनकी त्रिशताब्दी जयंती मना रहा है।

पूर्व सांसद ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर महिलाओं को रोजगार एव वैधव्य महिलाओं को सम्मान दिलाया। अबू हमजा मो. तालिब को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। कार्यक्रम संयोजक भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत वर्मा ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। राजकुमार सोनी,आशीष वर्मा, रामकेवल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

बनीकोडर :विकासखंड सभागार में लोक माता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में ग्राम विकास विभाग द्वारा आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि खाद्य रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा पधारे।

रहे।स्वयं सहायता समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों में महिलाओं की भूमिका पर विशेष चर्चा हुई।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ चंद्रशेखर वर्मा, मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, बीडीओ विनय मिश्रा और समस्त ग्राम पंचायत सचिव गण भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# शांति समिति की बैठक एसडीएम के दिशा निर्देश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। थाना रामनगर में उप जिलाधिकारी विवेकशील यादव की अध्यक्षता में बकरीद त्योहार के त्योहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत व नगर अध्यक्ष रामशरण पाठक सहित अन्य सभासद व नगरवासी सहित अन्य क्षेत्रवासी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।इसी दौरान थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने अपील की कि कुर्बानी खुले में न की जाए प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न हो और वीडियो वायरल करने से बचा जाए।उप जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि प्रशासन सभी जरूरी व्यवस्थाएं करेगा उन्होंने नगर पंचायत को सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।

# 5 करोड़ 31 लाख पच्चास हजार से निर्मित जल जीवन मिशन पानी की टंकी हुई धराशाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पहला सीतापुर । आपको बताते चलें कि जब भी कोई नई योजना को अमल में लाकर उसे धरातल पर उतारने का कार्य शुरू किया जाता है। तो आधिकारियों कर्मचारियों से लेकर ठेकेदारों द्वारा उस योजना से काली कमाई करने की योजना तैयार कर ली जाती है। इसका जीता जागता उदाहरण विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत चुनका में देखने को मिला। यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना को भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी और ठेकेदारों की काली कमाई वाली नजर लग गई। काली कमाई की पोल उस वक्त खुल गई ।जब जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी की टंकी धराशाई हो गयी। केन्द्र सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत बनवाई गई पानी की टंकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। गुणवत्ता पूर्वक सामग्री न लगाए जाने के कारण 5 करोड़ 31 लाख 50 हजार करोड़ की लागत से बनाई गई पानी की टंकी गुरुवार दोपहर लगभग 2:00 बजे भर भरा कर गिर गई। सूचना पर संबंधित विभाग के अधिकारी व एसडीएम मौके पर पहुंचे विकासखंड पहला की ग्राम पंचायत चुनका गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण डेढ़ साल पहले कराया गया था। पानी की सप्लाई चुनका, नवाबपुर अबाईपुर, बेहमा धीरपुर नैगढी दौलतपुर गांवों में जलापूर्ति की जाती थी।

## जलस्तर घटा, सूखने लगे तालाब जीव जंतु व्याकुल

बाराबंकी। गर्मी का पारा चढते ही जलस्तर घटने लगा है। जनजीवन अस्त-व्यस्त होने लगा है। पानी का स्तर इतना गिर गया है कि मनुष्य से लेकर पशु पक्षी सभी प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा पानी में रहने वाले जीव जंतु परेशान हैं। क्योंकि सूर्य की गर्मी से तालाबों में पानी इतना गर्म हो जाता है कि उसमें रहने वाले सभी जीव जंतु परेशान हैं ।इस समय भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है। सुबह से लेकर शाम तक इतनी अधिक उमस रहती है कि लोगों को बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। तपन के चलते तालाबों में पानी सूखने लगा है। नलों का पानी इतना नीचे गिर गया है कि घंटा भर नल चलाने के बाद उसमें पानी आता है। इस समय श्री लोधेश्वर महादेवा में अभरण तालाब का पानी काफी घट गया है। जिससे जीव जंतु सब परेशान हैं। पिछले वर्ष गर्मी के समय में भी पानी का स्तर कम हो गया था तो वहां पर नाथ कुटी के महंतबाबा रामनाथ जी महाराज और पहाड़ी बाबा कुटी के पुजारी मुन्नू बाबा ने इस अभरण तालाब में पंपिंग सेट से जल भराने का कार्य किया था। उस समय इस पुनीत कार्य में कुछ भक्तों ने भी अपना सहयोग दिया था ।तब जाकर अपहरण तालाबमें जल भराया गया था।

# हरे–भरे पेड़ों की कटाई पर पेड़ों की पुकार डीएम साहब, बचाइए... हमारी जान !

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिद्धौर बाराबंकी । ''डीएम साहब, मुझे बचाइए... मेरा जीवन खतरे में है। लकड़ी माफिया मेरे अस्तित्व का सौदा कर रहे हैं...''

यह पुकार किसी इंसान की नहीं, बल्कि बेजुबान पेड़ों की है, जो अपने जीवन की भीख मांग रहे हैं। हरियाली की इस करुण पुकार को सुनने वाला कोई नहीं, और बन माफिया बेखौफ होकर प्रकृति के सीने पर कुल्हाड़ी चला रहे हैं।बाराबंकी जिले के हरख वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मनोरथपुर में गुरुवार को वन माफिया ने फलदार जामुन के दर्जनों हरे-भरे पेड़ों को बेरहमी से काट डाला। ये वही पेड़ थे जिन पर इस समय मीठे-रसीले फल लगे थे। स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया, तो माफिया ने बेहिचक कहा, ''हमारे पास वन विभाग की अनुमति है, ऐसे ही नहीं काट रहे...'' और फिर अपने काम में जुट गया।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि वन विभाग को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि दिन-दहाड़े, सरेआम प्रतिबंधित हरे पेड़ों को काटा जा रहा है। हरख क्षेत्र में प्रतिदिन हरियाली को उजाड़ने का सिलसिला जारी है, और प्रकृति की यह संपदा तेजी से खत्म होती जा रही है। वन क्षेत्राधिकारी आकाशदीप बाधवन ने कहा है, ''यदि बिना परमिट के पेड़ काटे गए हैं, तो जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यदि परमिटशुदा पेड़ों पर फल लगे थे, तो इसकी भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।''

स्थानीय जनमानस वन विभाग से मांग कर रहा है कि इस गंभीर मामले में शीघ्र हस्तक्षेप किया जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते इन पेड़ों को बचाने की पहल नहीं की गई, तो हरियाली से भरा यह क्षेत्र आने वाले समय में बंजर भूमि में बदल जाएगा।

## खामोश वन विभाग की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

# प्रत्येक शिकायत का हो समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : जिलाधिकारी

## जनता दर्शन के प्रार्थना पत्रों की बैठक में समीक्षा, शिकायतकर्ता को दी जाए जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। जनहित के सरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी द्वारा बृहस्पतिवार को जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त समस्याएं सीधे जनविश्वास से जुड़ी होती हैं,अतः इनका समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते। लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उन्हें त्वरित गति से निस्तारित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी प्रकरण में तकनीकी या विभागीय जटिलताएं हैं, तो उनकी सूचना शिकायतकर्ता को दी जाए और समाधान हेतु सभी आवश्यक विकल्पों पर कार्य किया जाए।अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या टालमटोल किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी अरुण सिंह, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी रामसनेहीघाट सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण पर चला बाबा का बुलडोजर



जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर पंचायत क्षेत्र में गुरुवार को अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला। अभियान में थाना चौराहा से चमरहिया तक मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से किए गए स्थाई व अस्थाई कब्जे पर बुलडोजर चलाकर कब्जा मुक्त कराया गया है। अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नगर को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु मुख्य मार्ग पर सभी स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही कुछ लोगों पर जुर्माने के भी कार्यवाही की गई है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## चोरी की बाइक समेत धारा गया हिस्ट्रीशीटर



मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । मसौली पुलिस ने गैरजनपदीय वांछित हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर उसके,कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल व 135 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की अगुवाई मे मसौली पुलिस ने जनपद बहराइच के थाना कैसरगंज के ग्राम बैरी महेशपुर अबु तालिब पुत्र अब्दुल रहमान को गिरफ्तार कर गत 5 मई को गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित टाटा फैक्ट्री डुबकी मोड के निकट से चोरी हुई बाईक यूपी 41 बी ई 7606 को बरामद किया अभियुक्त की जमातलाशी मे 153 ग्राम स्मैक बरामद किया। पुलिस गिरफ्त मे आये अभियुक्त पर कैसरगंज कोतवाली मे आधा दर्जन से अधिक अपराधिक मुकदमे दर्ज है जो वर्तमान समय मे वांछित चल रहा है पुलिस ने मुकदमा दर्ज जेल भेज दिया है।

## संदिग्धावस्था में मिला शव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामनगर के ग्राम तपेसिपाह मजरे दुर्गापुर में गुरुवार को गांव के पास घाघरा पुल के निकट गढ्ढे में एक शव बरामद हुआ।मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच में शव की पहचान कराई। मृतक की पहचान गांव का ही पंचम पुत्र रामदीन 58 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

## कीरतपुर, नकाबपोश बदमाशों द्वारा घरों में लूटपाट

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीते मंगलवार की रात को फतेहपुर सर्किल के थाना बड्डूपुर क्षेत्र के शैलीकीरतपुर गांव में नकाबपोश असलहाधारी बदमाशों द्वारा असलहे के दम पर चार घरों से लाखों के जेवरात ,नगदी और फूल के बर्तन के लूट के मामले में करीब 36 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है।चौकी इंचार्ज कालिका प्रसाद ने बताया कि जांच पड़ताल जारी है। बताते चले कि पुलिस चार भुक्तभोगी में से एक भुक्तभोगी नंदकिशोर जिनके घर से नगदी ,जेवरात सहित करीब आठ लाख की चोरी हुई के घर के सामने लगा ग्राम पंचायत के कैमरा की चिप पुलिस अपने साथ ले गई थी परन्तु पुलिस के अनुसार वह कैमरा पिछले कुछ दिनों से नहीं चल रहा था। गौरतलब हो कि लूट की घटना से ग्राम पंचायत में ऑपरेशन त्रि नेत्र के तहत लगाए गए कैमरों की हकीकत भी सबके सामने आ गई है।जिस मंशा से गांव पंचायत में कैमरे लगाए गए थे कैमरे के न चलने से सरकार की उस मंशा पर भी पानी फिरता नजर आ रहा है।

## कृषि मंत्री आज बड़ागांव में

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार सुबह 8 बजे पंचायत भवन बड़ागांव मे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कृषि गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सहायक विकास अधिकारी कृषि विजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 8 बजे पंचायत भवन बड़ागांव मे आयोजित होने वाली विकसित कृषि संकल्प कार्यक्रम मे कृषि मंत्री सहित कृषि वैज्ञानिक भाग लेंगे।

## हादसों में एक बाइक सवार की मौत,दो गंभीर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हुई तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना मौलाबाद के पास बुधवार रात को हुई। जहां प्यारेपुर निवासी 45 वर्षीय मोहम्मद आजम पुत्र मोहम्मद हनीफ साइकिल से घर लौट रहा था। रात करीब 10 बजे भट्ठा के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उन्हें पहले सिरौलीगौसपुर के संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। बाद में जिला अस्पताल और फिर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। देर रात इलाज के दौरान उनकी मृत्यु लखनऊ ट्रामा में हुई।मृतक मोहम्मद आजम लखनऊ में काम करता थाउनके दो बच्चे हं। दूसरी घटना बदोसरांय रामनगर मार्ग पर हुई। बरदरी सड़क के पास एक डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। रामनगर के ददौरा निवासी 45 वर्षीय आशाराम घायल हुए। तीसरी घटना बदोसरांय के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास हुई। पिकप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में रामनगर क्षेत्र के भवानीगंज निवासी 29 वर्षीय अजमत अली और भैसोरिया निवासी 20 वर्षीय एखलाख घायल हो गए।

## कुर्सी पुलिस की अकर्मण्यता, परिजन नहीं कर सके अंतिम दर्शन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी पुलिस की लापरवाही से एक मां, बाप, भाई और बहन को उसके बेटे, भाई के अंतिम दर्शन नहीं हो सके। एक सप्ताह से मां अपने बेटे के जाने के बाद से बदहवास पड़ी है। पुलिस की छोटी सी भूल से परिवार को उसके इकलौते कमाऊ पूत के अंतिम दर्शन भी नसीब नहीं हो सके। युवक की मौत के बाद से गांव में मातम छाया है।

**पार्टी, साथी संग गया था लखनऊ**

कुर्सी कस्बा के दक्षिड टोला मुहल्ला निवासी कमलेश गौतम का 19 वर्षीय पुत्र संजय कुमार 18 मई को दो दोस्तों के साथ लखनऊ घूमने गए था। देर शाम तक संजय घर नहीं लौटा, जबकि उसके दोनों दोस्त वापस आ गए। पिता ने संजय के मोबाइल पर संपर्क किया तो वह भी बंद था। उसके दोस्त भी सही जवाब नहीं दे रहे थे। परेशान पिता 9 मई को कुर्सी थाने तहरीर लेकर पहुंचे तो वहां थानेदार नहीं मिले, तो उन्होंने वहीं बैठी एक महिला कांस्टेबल को अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी थी।

**छुट्टी पर चली गई महिला सिपाही:**

पीड़ित मृतक के पिता के अनुसार तहरीर देने के बाद भी कुर्सी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर दो दिन बाद पीड़ित पिता फिर थाने पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक को घटना बताई। जिस पर कमलेश की दी हुई तहरीर की तलाश कराई गई तो पता चला कि जिस महिला कांस्टेबल ने तहरीर ली थी वह दराज में रख कर छुट्टी पर चली गई। फिर 22 मई को मुकदमा दर्ज हुआ तो पुलिस ने खोजबीन शुरू की। पुलिस की खोजबीन में पता चला कि घटना के दूसरे दिन ही युवक की बाइक देवा के मित्तई चौकी अंतर्गत शारदा नहर किनारे मिली थी। लखनऊ के बीवीडी थाना सीमा के बीच में युवक का शव नहर में मिला था, जिस पर बीबीडी पुलिस ने देवा पुलिस से संपर्क किया। लेकिन शव जहां मिला वह देवा पुलिस की सीमा से दूर था। काफी इंतजार के बाद बीबीडी पुलिस शव ले गई। 72 घंटे इंतजार के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव का लावारिस में अंतिम संस्कार कर दिया।

# जन शिकायतों का निस्तारण कीर्तिमान दावा ढकोसला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जन शिकायतों के निस्तारण में कीर्तिमान के तमाम दावे रामनगर तहसील के अधिकारी ही स्वयं झूठला रहे। डीएम एसडीएम इतना ही नहीं संपूर्ण समाधान दिवस में दिए जा रहे शिकायती पत्रों के भी निस्तारण नहीं हो पा रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहे तो सरकार की तमाम दावे बाराबंकी में ढकोसला साबित हो रहे हैं। दिलचस्प बात तो यह है की तहसीलों में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत होने वाले शिकायती पत्रों को दो श्रेणी में रखा जाता है। जिनका निस्तारण करना होता है उन पर नंबर अंकित किए जाते हैं और जिनको टोकरी में डालना होता है उसमें सिर्फ मुहर भर लगा दी जाती है। बता दे सीधे-साधे ग्रामीण जो तहसील पहुंचते हैं तो उनके प्रार्थना पत्र जो सीधे ले लिए जाते हैं उन पर मोहर लगा दी जाती है दूसरे प्रकार वह प्रार्थना पत्र होते हैं जिनकी रसीद दी जाती है। तभी तो शिकायतों के निस्तारण में बाराबंकी राजस्व अधिकारी कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह कहना है तहसील रामनगर के किरतपुर ग्राम निवासी कृष्ण कुमार का भक्ति बोगी समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र की छाया प्रति दिखाई बताता है कि उसे लिधौरा गांव से संबंधित 1374 एफ व 1404 एफ नकल खसरा की आवश्यकता है। जिसके लिए हर स्तर पर उसने प्रार्थना पत्र दिए। आर कार्यालय में कई बार पत्र प्रस्तुत किया तो वहां से प्रार्थना पत्र ही गुम हो गए। तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया उसका भी निराकरण नहीं हुआ। आर कार्यालय में तैनात बाबू 2000 सुविधा शुल्क के मांग रहा है। एसडीएम से मिलकर दो बार बताया प्रार्थना पत्र भी दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई ?, मुक्त होगी कहता है कि ?2000 कहां से लाऊं। एक नकल के बदले ?2000 ना दे पाने में खतौनी की नहीं मिल पा रही है।

## दो हजार नहीं देने से नहीं मिल रही है खतौनी

## हाल–ए– रामनगर तहसील

# गायत्री मंदिर पर वार्षिकोत्सव आयोजित धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामनगर, बाराबंकी। गायत्री शक्ति पीठ, रामनगर में 27वां वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से आरंभ हुआ। इस अवसर पर संगीतमय श्रीराम कथा एवं गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। गुरुवार, दिनांक 29 मई 2025 को प्रातः 8 बजे बहनों ने सिर पर कलश धारण कर, गाजे-बाजे के साथ गायत्री शक्ति पीठ से नगर भ्रमण आरंभ किया। यात्रा श्री बाल्मीकि मंदिर तक पहुंची, जहां पूजन-अर्चन के उपरांत कलश यात्रा पुनः शक्ति पीठ पर संपन्न हुई।

तत्पश्चात कथा व्यास पंडित राजेश कुमार मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत कलश पूजन कराया गया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 29 मई से 5 जून 2025 तक प्रतिदिन दो सत्रों में सम्पन्न होगा–दोपहर 3:00 बजे से 5:30 बजे तक श्रीराम कथा और रात्रि 7:30 बजे से 10:00 बजे तक सत्संग। समापन दिवस 5 जून को भव्य भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया जाएगा।

इस कलश यात्रा में प्रमुख रूप से गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख ट्रस्टी हरिशंकर शुक्ल, शिक्षक गजानन शुक्ला, दिनेश बाजपेई, रामकुमार वर्मा, सुभाष चंद्र अवस्थी, वीरेंद्र कुमार तिवारी, सुभाष ओझा, सहायक प्रमुख ट्रस्टी डॉ. संजय तिवारी, ट्रस्टी साकेत शर्मा, देवेंद्र मौर्य, प्रज्ञेश दीक्षित, अरविंद श्रीवास्तव, बलवेंद्र वर्मा, दीपू पांडे, प्रशांत मिश्रा, आनंद मिश्रा, विनायक शुक्ला, शिवांश शुक्ला, प्रफुल्ल त्रिपाठी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, नवल किशोर सिंह, लवकुश राजपूत, रामेश्वर चतुर्वेदी शामिल रहे। महिलाओं में प्रमुख रूप से सोनी गुप्ता, राजेश्वरी शुक्ला, मंजूलता, निधि शुक्ला, सुशीला मिश्रा, राजकुमारी, सुशीला शुक्ला, मिथिलेश, कामिनी अवस्थी, जय देवी शुक्ला, कुलदेवी शुक्ला, अंजू अवस्थी, दीपा मिश्रा, शिव देवी दीक्षित, शिव देवी, संगीता तिवारी, चंद्रकांति अवस्थी, उमा देवी, मांडवी, सरिता शुक्ला, दिव्या शुक्ला, चंद्रावती मिश्रा, मन्नो मिश्रा एवं गुड़िया शुक्ला सहित बड़ी संख्या में माताएं-बहनें उपस्थित रहीं। सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत रामनगर कोतवाली से उपनिरीक्षक नीतू, कांस्टेबल देवेंद्र कुमार एवं सुनील कुमार के साथ स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। यदि आप चाहें तो मैं इसे समाचार पत्र की शैली या संक्षिप्त रूप में भी बदल सकता हूँ।

# संक्षिप्त समाचार

## वित्त वर्ष 2024–25 में नोट की छपाई का खर्च 25 प्रतिशत बढ़कर 6,372.8 करोड़ रुपये: आरबीआई रिपोर्ट

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2024–25 में बैंक नोट की छपाई पर होने वाला व्यय सालाना आधार पर करीब 25 प्रतिशत बढ़कर 6,372.8 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023–24 में यह 5,101.4 करोड़ रुपये था। भारतीय रिजर्व बैंक की बृहस्पतिवार को जारी 2024–25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान प्रचलन में मौजूद बैंक नोट का मूल्य एवं मात्रा क्रमशः छह प्रतिशत और 5.6 प्रतिशत बढ़ी। रिपोर्ट के मुताबिक, '' 2024–25 के दौरान 500 रुपये के बैंक नोट की हिस्सेदारी 86 प्रतिशत रही, जो मूल्य के हिसाब से मामूली रूप से घटी है। इसमें कहा गया है कि मात्रा की दृष्टि से प्रचलन में मौजूद कुल बैंक नोट में 500 रुपये मूल्यवर्ग के नोट की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40.9 प्रतिशत रही। इसके बाद 10 रुपये मूल्यवर्ग के नोट की हिस्सेदारी 16.4 प्रतिशत रही। कम मूल्यवर्ग के बैंक नोट (10 रुपये, 20 रुपये और 50 रुपये) की प्रचलन में बने कुल बैंक नोट में हिस्सेदारी 31.7 प्रतिशत रही। मई 2023 में 2000 रुपये के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लेने की शुरुआत की गई थी, जो गत वित्त वर्ष में भी जारी रही। घोषणा के समय प्रचलन में रहे 3.56 लाख करोड़ रुपये में से 98.2 प्रतिशत 31 मार्च 2025 तक बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए। रिपोर्ट के अनुसार, 2024–25 के दौरान प्रचलन में रहे सिक्कों के मूल्य और मात्रा में क्रमशः 9.6 प्रतिशत और 3.6 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। साथ ही वित्त वर्ष 2024–25 में प्रचलन में मौजूद ई–रुपी का मूल्य 334 प्रतिशत बढ़ा। प्रचलन में मौजूद मुद्रा में बैंक नोट, केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) और सिक्के शामिल हैं। वर्तमान में दो रुपये, पांच रुपये, 10 रुपये, 20 रुपये, 50 रुपये, 100 रुपये, 200 रुपये, 500 रुपये और 2000 रुपये के मूल्यवर्ग के नोट प्रचलन में हैं। रिजर्व बैंक अब दो रुपये, पांच रुपये और 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट नहीं छाप रहा है। सिक्कों की बात करें तो 50 पैसे और एक रुपये, दो रुपये, पांच रुपये, 10 रुपये और 20 रुपये मूल्यवर्ग के सिक्के प्रचलन में मौजूद हैं। जाली नोटों के संबंध में रिपोर्ट में कहा गया कि 2024–25 के दौरान बैंकिंग क्षेत्र में जब्त किए गए कुल जाली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) में से 4.7 प्रतिशत रिजर्व बैंक में पकड़े गए। वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान 10 रुपये, 20 रुपये, 50 रुपये, 100 रुपये और 2000 रुपये मूल्यवर्ग के जाली नोटों में कमी आई। वहीं 200 रुपये और 500 रुपये मूल्यवर्ग के जाली नोटों में पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 13.9 और 37.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आरबीआई ने कहा कि वह बैंक नोट के लिए नई/उन्नत सुरक्षा विशेषताएं शुरू करने की प्रक्रिया को सक्रियतापूर्वक आगे बढ़ा रहा है। वह विदेशी स्रोतों पर निर्भरता कम करने के लिए पिछले कुछ वर्षों से बैंक नोट छापने के स्वदेशीकरण पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

## स्पेक्ट्रम नीलामी: दूरसंचार विभाग ने मोबाइल स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए ट्राई से मांगे सुझाव

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज और 2,300 मेगाहर्ट्ज सहित आठ मौजूदा बैंड में मोबाइल स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य, ब्लॉक आकार, मात्रा एवं अन्य तौर–तरीकों पर भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) से सुझाव मांगे हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इनके अलावा 2,500 मेगाहर्ट्ज, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 2,6 गीगाहर्ट्ज बैंड के बारे में दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार नियामक ट्राई से सुझाव मांगे हैं। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार नियामक से 600 मेगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए भी सुझाव देने को कहा है। ट्राई को हाल ही में पहचाने गए 6,425–6,725 मेगाहर्ट्ज और 7,025–7,125 मेगाहर्ट्ज बैंड के लिए नीलामी की संभावना पर विचार करने को भी कहा गया है ताकि नीलामी के समय, बैंड योजना, आरक्षित मूल्य एवं नियम व शर्तों को लेकर सुझाव दिए जा सकें। इससे पहले 2024 में आयोजित नीलामी में, सुनील भारती मित्तल की एयरटेल मोबाइल फोन वॉइस एवं डेटा सिग्नल को संचारित करने के लिए उपयोग की जाने वाली रेडियो तरंगों के लिए सबसे बड़ी बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी थी। जून में दो दिन तक चली बोली में बेचे गए 11,341 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम में से करीब 60 प्रतिशत इस कंपनी ने हासिल किए थे। भारती एयरटेल ने बोली लगाकर 6,856.76 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम, जबकि प्रतिद्वंद्वी मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो ने 973.62 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम हासिल किए थे। संकटग्रस्त वोडाफोन आइडिया ने 3,510.4 करोड़ रुपये मूल्य का स्पेक्ट्रम हासिल किया था। वर्ष 2024 की नीलामी में कुल 141.4 मेगाहर्ट्ज रेडियो तरंगें 11,340.78 करोड़ रुपये में बेची गई थीं। सरकार ने 800 मेगाहर्ट्ज से 26 गीगाहर्ट्ज के बीच कुल 10 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश की थी, जिसकी कीमत आधार या नीलामी की शुरुआती कीमत पर 96,238 करोड़ रुपये थी। हालांकि, पिछले साल आयोजित सात दौर की नीलामी में प्रस्तावित स्पेक्ट्रम की केवल एक छोटी राशि ही बिक पाई थी।

## बीएएसएफ इंडिया 2028 में कृषि क्षेत्र में 11 उत्पाद पेश करेगी

हैदराबाद। रसायन संबंधी समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी बीएएसएफ इंडिया ने कहा है कि वह अगले तीन साल में यानी 2028 तक कृषि क्षेत्र में 11 नए उत्पाद पेश करेगी। कंपनी ने यहां चावल की फसल से संबंधित दो उत्पाद पेश करते हुए बताया कि उसने 2022 से अबतक 10 उत्पाद पेश किए हैं। कंपनी ने बुधवार को धान की फसल के लिए कीटनाशक (इंसेक्टिसाइड) वालेक्सियो और फफूंदनाशक (फंगीसाइड) मिबेल्या पेश किए। कंपनी ने बयान में कहा कि ये उत्पाद धान के किसानों को अच्छी और ज्यादा पैदावार करने में मदद करेंगे। बीएएसएफ एग्रीकल्चर सॉल्यूशंस की एशिया–प्रशांत क्षेत्र की उपाध्यक्ष सिमोन बर्ग ने कहा, ''भारत के साथ–साथ पूरे एशिया की सबसे प्रमुख फसल धान है। कीड़ों और फफूंद से धान की फसल को सालाना बहुत नुकसान होता है। इसी को रोकने के लिए हमने इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कर ये उत्पाद पेश किए हैं। इससे देश में खाद्य सुरक्षा अभियान को बढ़ावा मिलेगा।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 21:45 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 20:20 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें



## कार्यालय तहसीलदार बख्शी का तालाब, लखनऊ

संख्या 259 / नजारत–साइकिल स्टैण्ड / नीलामी/2024–25 दिनांक 22 मई 2025

### नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु तहसील परिसर स्थित साइकिल व मोटर साईकिल एवं चार पहिया वाहन स्टैण्ड की नीलामी हेतु पूर्व में भी दिनांक 19.03.2024 को लगायी गयी थी परन्तु उपरोक्त तिथि में नीलामी हेतु कोई उपस्थित नहीं हुआ था जबकि नीलामी हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया गया था। ऐसी स्थिति में राजस्व की हानि को दृष्टिगत रखते हुये वर्ष 2025–26 के लिए साइकिल व मोटर साईकिल एवं चार पहिया वाहन स्टैण्ड की नीलामी निम्न शर्तों के अधीन दिनांक 09/06/2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तहसील परिसर में तहसीलदार बख्शी का तालाब के द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। नीलामी की शर्ते निम्नवत है–

1–साइकिल व मोटर साईकिल एवं चार पहिया वाहन स्टैण्ड नीलामी हेतु रू0 50.000/– अग्रिम जमानत के रूप में जमा करना होगा। बिना जमानत राशि जमा किये हुए किसी भी व्यक्ति को बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा। जमानत के रूप में धनराशि का समायोजन अन्तिम किश्त में कर लिया जायेगा।

2–प्रत्येक ठेकेदार को रू0 3.00.000/– की हैसियत हेतु चल व अचल सम्पत्ति अथवा फिक्स डिपाजिट का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3–नीलामी सबसे अधिक धनराशि की बोली बोलने वाले के पक्ष में छोड़ी जायेगी। यह नीलामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मान्य होगी।

4–नीलामी की कार्यवाही समाप्त होने पर नीलामी की धनराशि का 1/4 भाग तुरन्त जमा करना होगा शेष 3/4 भाग धनराशि तीन समान किश्तों माह जुलाई 2025, अक्टूबर 2025 व जनवरी 2026 के दूसरे सप्ताह तक जमा करना होगा ऐसा न करने पर नीलामी निरस्त कर दी जायेगी। अवशेष धनराशि की वसूली भू राजस्व की भांति करने हेतु उपजिलाधिकारी बख्शी का तालाब लखनऊ स्वतंत्र होंगे।

5–पूर्व बकायेदारों को बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा।

6–तहसील के कर्मचारियों व बाहर से आये डाक रनर से स्टैण्ड का शुल्क नहीं लिया जायेगा।

7–साइकिल का किराया रू. 5/– मोटर साइकिल का किराया रू0 10/– तथा बार पहिया वाहन का किराया रू0 20/– की दर से अधिक नहीं लिया जायेगा।

8–कोई भी वाहन गायब होने पर ठेकेदार को उसकी कीमत देनी होगी।

9–स्टैण्ड ड्यूटी यदि कोई हो तो नियमानुसार देनी होगी।

10 शर्तों का उल्लंघन करने पर नीलामी क्रेता का विशेष परिस्थितियों बिना पूर्व सूचना के ठेका निरस्त किया जा सकता है तथा अवशेष की वसूली भू–राजस्य की भाति करने हेतु वसूली प्रमाण–पत्र जारी कर दिया जायेगा। किसी प्रकार के विवाद होने पर न्यायिक परिक्षेत्र लखनऊ रहेगा।

11–नीलामी क्रेता आंगतुकों के साथ सम्मानपूर्वक बात करेगा एवं इस बात के लिए उत्तरदायी होगा कि तहसील को शांति व्यवस्था में कोई व्यवधान न उत्पन्न हों।

12–तहसील बख्शी का तालाब परिसर के बाहर के वाहन का साइकिल स्टैण्ड शुल्क नहीं लिया जायेगा।

13– अगर किसी कारणवश नीलामी की कार्यवाही नियत तिथि पर नहीं हो पाई तो नीलामी की तिथि पुन नियत की जायेगी।

**तहसीलदार/ नीलाम अधिकारी**
**बख्शी का तालाब, लखनऊ**



## कार्यालय तहसीलदार बख्शी का तालाब, लखनऊ

संख्या 258 / नजारत–कैन्टीन / नीलामी/2024–25 दिनांक 22 मई 2025

### नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपजिलाधिकारी बी.के.टी के अनुमोदन दिनांक 19 मई 2025 के क्रम में वर्ष 2025–26 हेतु तहसील बख्शी का तालाब, लखनऊ में कैन्टीन की नीलामी निम्नशर्तों के अधीन दिनांक 09/6/2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तहसील परिसर में तहसीलदार बख्शी का तालाब के द्वारा सम्मान्न करायी जायेगी। नीलामी की शर्ते निम्नवत है–

1–कैंन्टीन की दुकान हेतु रू0 20,000/– अग्रिम जमानत के रूप में जमा करना होगा। बिना जमानत राशि जमा किये हुए किसी भी व्यक्ति को बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा। जमानत के रूप में धनराशि का समायोजन अन्तिम किश्त में कर लिया जायेगा।

2–प्रत्येक ठेकेदार को रू0 2,00,000/– की हैसियत हेतु चल व अचल सम्पत्ति अथवा फिक्स डिपाजिट का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3–नीलामी सबसे अधिक धनराशि की बोली बोलने वाले के पक्ष में छोड़ी जायेगी। यह नीलामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मान्य होगी।

4–नीलामी की कार्यवाही समाप्त होने पर नीलामी की धनराशि का 1/4 भाग तुरन्त जमा करना होगा शेष 3/4 भाग धनराशि तीन समान किश्तों माह जुलाई, 2025 अक्टूबर 2025, व जनवरी 2026 को दूसरे सप्ताह तक जमा करना होगा, ऐसा न करने पर नीलामी निरस्त कर दी जायेगी। अवशेष धनराशि की वसूली भू–राजस्व की भांति करने हेतु उपजिलाधिकारी बख्शी का तालाब लखनऊ स्वतन्त्र होगें।

5– पूर्व बकायेदारों को बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा।

6–शर्तों का उल्लंघन करने पर नीलामी क्रेता का विशेष परिस्थितियों बिना पूर्व सूचना के ठेका निरस्त किया जा सकता है तथा अवशेष की वसूली भू–राजस्व की भांति करने हेतु वसूली प्रमाण–पत्र जारी कर दिया जायेगा। किसी प्रकार के विवाद होने पर न्यायिक परिक्षेत्र लखनऊ रहेगा।

7–नीलामी क्रेता आगतुकों के साथ सम्मानपूर्वक बात करेगा एवं इस बात के लिए उत्तरदायी होगा कि तहसील की शांति व्यवस्था में कोई व्यवधान न उत्पन्न हो।

8–वर्तमान समय में खाद्य बनाने का कार्य कैन्टीन में किया जायेगा तथा कर्मचारियों के साइकिल स्टैण्ड के बगल में वितरण किया जायेगा। कैन्टीन की नीलामी 01 वर्ष के लिए होगी।

**तहसीलदार/ नीलाम अधिकारी**
**बख्शी का तालाब, लखनऊ**

# अभी खत्म नहीं हुआ है 'ऑपरेशन सिंदूर', किसी भी हमले से सख्ती से निपटा जाएगा : मोदी

एजेंसी



अलीपुरद्वार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को दोहराया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और चेतावनी दी पाकिस्तानी सेना या आतंकवादियों ने अब कोई हमला किया तो उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

श्री मोदी ने यहां परेड ग्राउंड में लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी भारतीय महिलाओं के सिंदूर को मिटाना चाहते थे, लेकिन सेना ने सिंदूर की ताकत साबित कर दी है। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा ल्लबंगाल की इस धरती से मैं (नरेन्द्र मोदी) 140 करोड़ भारतीयों की ओर से घोषणा करता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। चूंकि मैं 'सिंदूर खेला' (एक हिंदू प्रथा जिसमें विवाहित महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं) की धरती पर आया हूं, इसलिए आतंकवाद के खिलाफ भारत के नए सिद्धांत के बारे में बात करना बहुत स्वाभाविक है। गत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जो कुछ हुआ, उसके बाद पश्चिम बंगाल के लोगों में बहुत गुस्सा था। मैं यहां के लोगों के गुस्से को समझ सकता हूं। आतंकवादियों ने हमारी बहनों के 'सिंदूर' को मिटाने की कोशिश की, लेकिन हमारे सशस्त्र बलों ने उन्हें 'सिंदूर' की ताकत दिखाई है। उन्होंने कहा कि 1947 में विभाजन के बाद से जब भी पाकिस्तान की सेना ने भारत पर हमला किया, उसने हमेशा आतंकवादियों की मदद ली, लेकिन हर बार उन्हें भारत से कड़ा जवाब मिला। एक बार नहीं बल्कि तीन बार भारत ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उससे सख्ती से निपटा है और अगर भविष्य में ऐसा कोई प्रयास किया गया तो उसका भी वैसा ही जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया ने 70 के दशक की शुरुआत में देखा है कि कैसे पाकिस्तानी सेना ने लाखों बंगलादेशियों का कत्लेआम किया, वहां की महिलाओं से दुष्कर्म किया और उनकी हत्या की। उन्होंने चेतावनी दी कि भारत पर कोई और हमला हमलावरों की निश्चित हार का मतलब होगा।

# निर्वाचन आयोग ने कारगर चुनावी प्रबंधन के लिए 100 दिनों में 21 पहल की

एजेंसी




नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के अनुभव को बेहतर और चुनाव प्रबंधन को कारगर बनाने के लिए पिछले 100 दिनों में 21 नयी पहल की हैं।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन पहल में प्रक्रियात्मक सुधारों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और हितधारक जुड़ाव तक के कदम शामिल हैं। उनका कहना है कि ये पहल 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पहले 100 दिनों के प्रयास का परिणाम हैं। मदताताओं के अनुभव को सुलभ बनाने के लिए चुनाव निकाय ने प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या को 1,500 से संशोधित कर 1,200 कर दिया है। अतिरिक्त मतदान केंद्र घनी आबादी वाले क्षेत्रों और ऊंची इमारतों में स्थापित किए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि आयोग का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी मतदाता को वोट डालने के लिए 2 किमी से अधिक की यात्रा करने की आवश्यकता न पड़े। मतदान केंद्र संख्या पर स्पष्टता के लिए मतदाता सूचना पर्चियों को फिर से डिज़ाइन किया गया है। मतदाताओं की सुविधा को बढ़ाने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर मोबाइल फोन जमा करने की व्यवस्था की जाएगी। उम्मीदवारों द्वारा स्थापित बूथों को अब मतदान केंद्र परिसर से 200 मीटर के बजाय मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार से 100 मीटर से अधिक दूरी पर अनुमति दी जाएगी। आयोग ने मृत लोगों के नाम नामावली से समय पर और सत्यापित रूप से हटाने के लिए भारत के रजिस्ट्रार जनरल से मृत्यु पंजीकरण डेटा का प्रत्यक्ष एकीकरण भी शुरू किया है। राजनीतिक हितधारकों के साथ नियमित बातचीत को संस्थागत बनाने के कदम में चुनाव आयोग ने 28,000 से अधिक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ देश भर में 4,719 बैठकें आयोजित कीं। आयोग ने यहां आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ भी परामर्श किया है। साथ ही आगामी उपचुनावों के बाद राष्ट्रीय राजनीतिक दलों और राज्य के राजनीतिक दलों के साथ और बैठकें करने की योजना बनाई है।

# कांग्रेस नेताओं की आलोचना पर थरूर का कटाक्ष

एजेंसी

नयी दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दुनिया के विभिन्न देशों में भारत का पक्ष रखने गये सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने उनके बयानों की आलोचना करने वाले कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों को तवज्जों नहीं देते हुए कहा है कि उनके पास आलोचना सुनने के लिए समय नहीं है,और भी अच्छे काम हैं करने के लिए।

श्री थरूर ने अपने आलोचकों को करारा जवाब देते हुए कहा,मेरे पास और भी अच्छे काम करने के लिए पड़े हैं। सच कहूं 'मेरे पास इनकी आलोचना सुनने के लिए समय नहीं है। मेरे आलोचक और ट्रोलर, मेरे विचारों और शब्दों को अपनी सुविधा के हिसाब से तोड़-मरोड़ कर पेश करने को स्वतंत्र हैं। सच यह है कि मेरे पास करने के लिए और भी बहुत सारे और बेहतर काम हैं। शुभ रात्रि। उन्होंने आतंकवाद पर जीरो टोलरेंस की भारत की नीति का पक्ष विदेशों में रखने के लिए कोलंबिया रवाना होने से पहले सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में अपने आलोचकों पर कटाक्ष करते हुए उनकी आलोचनाओं का तीखा और सीधा जवाब दिया है। श्री थरूर ने पनामा में कहा था कि 'भारत सरकार ने अपनी सोच में हाल के वर्षों में बड़ा बदलाव किया है। मैंने बताया कि पूर्व में आतंकी हमलों का जवाब देते हुए हमने एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा का ध्यान रखा, लेकिन हाल के वर्षों में इस सोच में बदलाव आया है। श्री थरूर के इस बयान के बाद उनकी आलोचना हुई है। इससे पहले श्री थरूर के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल अमेरिका तथा पनामा में भारत का पक्ष रख चुका था इसलिए पनामा की दिन की यात्रा का जिक्र करते हुए श्री थरूर ने कहा,ल्ल पनामा में एक लंबे और सफल दिन के बाद मुझे मध्यरात्रि में ही कोलंबिया के लिए निकलना है। इसलिए मेरे पास इस सबके के लिए समय नहीं है।

गौरतलब है कि कांग्रेस नेता उदित राज ने बुधवार को श्री थरूर की आलोचना करते हुए उन्हें 'भाजपा का सुपर प्रवक्ता' करार दिया था। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा और जयराम रमेश ने भी श्री थरूर के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए श्री राज के बयान को रीट्वीट किया। इससे पहले वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने भी उन्हें नसीहत देते हुए कहा था,ल्ल जब हम राजनीति में हैं और कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर जीतकर आते हैं तो सांसद की जिम्मेदारी बनती है कि कोई विपक्ष की पार्टी या सरकार उन्हें कुछ ऑफर करे तो उन्हें कहना चाहिए कि मुझे दिक्कत नहीं है लेकिन एक बार पार्टी हाईकमान से भी बात कर लीजिए।

# सिंदूर के नाम पर सियासत कर रही है भाजपा : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार अपनी विफलता छिपाने के लिए सिंदूर को ढाल बनाकर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के होर्डिंग लगाकर उसमें अपनी फोटो छपवा रहे हैं और अब घर-घर जाकर सिंदूर वितरण कार्यक्रम की घोषणा की गई है।

कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर पहले ही जमकर राजनीति कर रही है और इसकी सफलता का श्रेय श्री मोदी को देने में पूरी ताकत लगा चुकी है। इससे मन नहीं भरा तो अब घर-घर जाकर सिंदूर की डिब्बी बांटने की घोषणा की गई है। श्री मोदी इसमें भी खेल करेंगे और जिस डिब्बी में सिंदूर जाएगा, उसमें उनकी फोटो छपेगी। इससे पहले भी वह कोरोना सर्टिफिकेट में अपनी फोटो छपवा चुके हैं और सिंदूर की डिब्बी में उनकी फोटो होगी।



उन्होंने कहा, भाजपा हिंदू धर्म की 'स्वघोषित ठेकेदार' है और सिंदूर के नाम पर सियासत कर रही है, लेकिन वे यह भी नहीं जानते कि किसी हिन्दू सनातनी विवाहित महिला की मांग में सिंदूर उसका पति ही सजाता है या फिर उसे ससुराल या सौभाग्य के आशीर्वाद के रूप में शक्ति पीठ या मंदिर से मिलता है। आखिर किस मुंह से महिलाओं के बीच भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोग सिंदूर बांटेंगे- जिन महिलाओं का सुहाग उजाड़ा गया, उन आतंकवादियों को तो मौत के घाट अभी तक नहीं उतारा गया है। इनके मंत्री विजय शाह कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। भाजपा सांसद रामचंद्र जांगड़ा कहते हैं कि वे महिलाएं वीरांगना नहीं थीं, इसलिए उनके पति गोली का शिकार हुए। ये फ़ेहरिस्त अंतहीन है, लेकिन जब तक ऐसे नेताओं को भाजपा अपनी पार्टी से नहीं निकालती है तब तक भाजपा को अपनी नाक चुल्लू भर पानी में डालकर ही रखनी चाहिए। प्रवक्ता ने यह भी कहा, सिंदूर का स्वरूप और उसका रंग अलग-अलग हो सकता है, लेकिन एक सनातनी विवाहिता के लिए सिंदूर का क्या महत्व है और इसकी क्या पहचान है- मैं भाजपा और संघ के लोगों को समझाना चाहती हूं। क्योंकि मुझे लगता है इन लोगों को सिंदूर का महत्व समझ नहीं आता। सिंदूर प्रतीक है- सुहाग का, सम्मान का, सौभाग्य का, प्रेम के बंधन का, विश्वास के राग का, सुख-दुख के मेल का, सात जन्मों के साथ का और बुरी नजर को भस्म करने वाली एक चुटकी आग का। जो सिंदूर विवाहित महिला की मांग को सजाता है, जो भारत की नारी शक्ति की आन-बान और शान है। उसी मांग के सिंदूर का दुरुपयोग आत्ममुग्धता की पराकाष्ठा से लिप्त श्री मोदी अपनी ओछी राजनीति में इस्तेमाल करेंगे और इसकी घोषणा मोदी सरकार कर चुकी है। सरकार अपनी राजनीतिक और कूटनीतिक विफलता छिपाने के लिए मांग के सिंदूर को ढाल बनाना चाहती है। सेना के पराक्रम और बहादुरी का श्रेय बटोरने के लिए हर हथकंडे अपना रही है। उन्होंने सवाल किया कि नोटबंदी में जिन 200 लोगों की अपना ही पैसा निकालते हुए जान चली गई उनकी विधवाओं की सिंदूर की गवाही कौन देगा। कोविड के दौरान मरघटों में जो 24 घंटे लाशें जलती थीं, गंगा जी का घाट जिन लाशों से पट गया, उनकी उजड़ी मांग की गवाही कौन देगा और तीन कृषि कानूनों के खिलाफ जो 700 किसान शहीद हो गए, उनकी पत्नियां भी अपनी सूनी मांग लिए बैठी हैं, क्या आप उनके घर सिंदूर लेकर जाएंगे।

## मेहनतकश गिग श्रमिकों को कांग्रेस सरकारें दे रही है न्याय : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि गिग श्रमिकों की समस्या का निदान कांग्रेस की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी कांग्रेस शासित राज्यों में कानून बनाए जा रहे हैं। श्री गांधी ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा, रेटिंग नहीं, हक़ चाहिए, इंसान हैं हम, ग़ुलाम नहीं–भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जब मैं गिग वर्कर्स से मिला, तो ये शब्द मेरे दिल में उतर गए। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है, एक ऐसा अध्यादेश लाया है जो गिग वर्कर्स को अधिकार, सुरक्षा और सम्मान देता है। ये वर्कर्स दिन–रात हमारे लिए खाना, ज़रूरी सामान और सेवाएं पहुंचाते हैं, गर्मी, सर्दी और बारिश तक की परवाह नहीं करते, लेकिन अक्सर उन्हें बिना किसी वजह ऐप से हटा दिया जाता है, बीमार होने पर छुट्टी नहीं मिलती और उनकी मेहनत की कमाई गुप्त तरीके से तय होती है। उन्होंने कहा है कि अब यह अन्याय खत्म होगा। इस नए कानून से सुनिश्चित होगी सामाजिक सुरक्षा, न्यायसंगत कॉन्ट्रैक्ट, वेतन निर्धारण में पारदर्शिता, मनमानी ऐप ब्लॉकिंग का अंत, तकनीकी से तरक्की भी होनी चाहिए और इंसाफ़ भी मिलना चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, राजस्थान ने शुरुआत की।,कर्नाटक ने रास्ता दिखाया, अब तेलंगाना की बारी है। गिग और प्लेटफ़ॉर्म आधारित काम से नए अवसर बन रहे हैं और कामकाज के रिश्तों में बड़ा बदलाव आ रहा है। इस बदलाव के केंद्र में मज़दूरों के अधिकार होने चाहिए। यही हमारा विज़न है और हम इसे हर राज्य और पूरे देश में लेकर जाएंगे।

## अगस्ता वेस्टलैंड: सुप्रीम कोर्ट ने मिशेल को नहीं दी राहत, कहा–जमानत की शर्ते पूरी करनी होगी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलिकॉप्टर खरीद घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले के आरोपी ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को गुरुवार को कोई राहत नहीं दी और उच्च न्यायालय की जमानत की शर्तें पूरी करने को कहा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय कुमार की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने मिशेल की जमानत पर रिहाई के लिए स्थानीय पता देने की शर्त हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने सशर्त मिशेल को जमानत दी है और उन्हें पूरा करना होगा। अदालत ने उसे जमानत पर रिहाई के बाद अपने रहने के पते का विवरण देने का निर्देश दिया था। राजधानी की तिहाड़ जेल में बंद मिशेल ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

## सरकार सिर्फ घोषणा करती है,एमएसपी पर खरीद नहीं करती : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा करके वाही–वाही लूटने के लिए बड़ी–बड़ी बातें तो करती है लेकिन सच यह है कि किसानों को ठगा जा रहा है और एमएसपी पर फसलों की खरीद नहीं की जा रही है। कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी के राज्यसभा सदस्य रणदीपसिंह सुरजेवाला ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार किसानों को हर साल समर्थन मूल्य देने की घोषणा करके सिर्फ झूठ ही बोलती है। सरकार हर बार किसानों के लिए 50 प्रतिशत मुनाफ़े की बात तो करती है लेकिन जमीनी सच यह है कि इस मुनाफ़े का कहीं कोई नामों निशान नहीं है। उन्होंने कहा कि महंगाई दर के हिसाब से एमएसपी की खरीद की जानी चाहिए लेकिन सरकार न फसल खरीदती, ना एमएसपी की कानूनी गारंटी दे रही है और ना ही खेती से जुड़े उपकरणों पर से करों को हटा रही है। किसानों को लाभ देने की बात करने वाली सरकार सिर्फ झूठ बोलती है और जुमलेबाजी करती है। कांग्रेस नेता ने कहा,ल्लएमसपी पर आधी ख़रीद के वल धान की फसल की होती है। खबू वाहवाही लटूी जा रही है कि धान की फसल का एमएसपी 2300 रुपए प्रति कुंतल से बढ़ाकर 2369 प्रति क्विंटल कर दिया गया है। मंहगाई दर छह प्रतिशत है जो 138 रुपए प्रति क्विंटल बनता है इस तरह से यदि पिछले साल का एमएसपी बरकरार रखना हे तो इस साल एमएसपी 2438 रुपए बनता है। किसान को इस तरह से कुछ फायदा कहीं से हो भी जाता लेकिन सरकार ने डीजल के दाम बढा दिये हैं।

# पेज एक का शेष

## एलन मस्क...

के विधायी एजेंडे की आधारशिला की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के ठीक एक दिन बाद आई है। मस्क की यह घोषणा ट्रंप के विधायी एजेंडे की आधारशिला की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के ठीक एक दिन बाद आई है। सीबीएस के साथ एक साक्षात्कार में टेस्ला के सीईओ मस्क ने ट्रंप की ओर से कहे गए बड़े सुंदर विधेयक पर निराशा व्यक्त की, जिसमें व्यापक कर कटौती के साथ-साथ कठोर आव्रजन प्रवर्तन का प्रावधान है। इस विधेयक को बहुत बड़ा व्यय विधेयक बताते हुए मस्क ने कहा कि यह उनके विभाग के लक्ष्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा, इससे संघीय घाटा बढ़ता है और डीओजीई का काम कमजोर होता है। बिल की ब्रांडिंग पर कटाक्ष करते हुए मस्क ने कहा, मुझे लगता है कि एक बिल बड़ा भी हो सकता है और सुंदर भी। लेकिन मुझे नहीं पता कि यह दोनों भी हो सकता है या नहीं। ट्रंप ने बुधवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों के साथ संक्षिप्त बातचीत के दौरान मस्क की आलोचना का जवाब दिया। विधेयक का बचाव करते हुए ट्रंप ने विधेयक पर बातचीत करने में आने वाली चुनौतियों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, ल्लमैं इसके कुछ पहलुओं से खुश नहीं हूं, लेकिन मैं इसके अन्य पहलुओं से रोमांचित हूं। उन्होंने सुझाव दिया कि विधेयक में अभी भी संशोधन हो सकते हैं। उन्होंने कहा, हम देखेंगे कि क्या होता है। इसे अभी बहुत आगे जाना है।ट्रम्प प्रशासन के क्रिया कलाप कैसे है और वो अमेरिका को किस दिशा में ले जा रहे हैं इस घटना से कुछ कुछ अंदाज़ा लगता है।

## थानों में तैनात...

कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी के पद पर पदोन्नत हुए एवं सभी की सेवायें 10 वर्ष से ज्यादा की हो चुकी है। अतः पुलिस मुख्यालय के सर्कुलर एवं शासनादेशों के परिप्रेक्ष्य में प्रथम प्रोन्नति वेतनमान कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी के पद का ग्रेड पे 4200 रूपये पाने के वे हकदार है। याचिका में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश कम्प्यूटर स्टॉफ (नॉन गैजेटेड) सेवा नियमावली-2011 के नियम 5 (2) में यह व्यवस्था प्रतिपादित है कि कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के पद पर 6 वर्षों के सेवायें पूर्ण करने के पश्चात कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी के पद पर पदोन्नति प्रदान की जायेगी। याचीगणों की 6 वर्ष की सेवायें वर्ष 2020 में कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के पद पर पूर्ण हो चुकी थी, अतः उक्त नियमावली-2011 के तहत याचीगणों को वर्ष 2020 से ही अगला वेतनमान दिया जाना चाहिये था। याचिका में यह भी कहा गया था कि लाल बाबू शुक्ला के केस में हाईकोर्ट ने यह व्यवस्था प्रतिपादित की है कि पुलिस कर्मियों की प्रशिक्षण अवधि को सेवा में जोड़कर प्रोन्नति वेतनमान दिया जाय। सभी याचीगण उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के थानों में कार्यरत है एवं इनके द्वारा एफआईआर लेखन, केस डायरी व अन्य अधिकारिक कार्य किये जाते है।

## पाकिस्तान के...

10 साल पहले भारत का रक्षा निर्यात 1000 करोड़ रुपये से भी कम था, लेकिन अब यह 23,500 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि आज यह साबित हो गया है कि रक्षा में 'मेक-इन-इंडिया' भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज हम सिर्फ लड़ाकू विमान या मिसाइल प्रणाली ही तैयार नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम नए जमाने की युद्ध तकनीक की भी तैयारी कर रहे हैं। सिंह ने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की भारत की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में भी बात की। रक्षा मंत्रालय ने इस सप्ताह विमान के डिजाइन और उत्पादन के लिए 'निष्पादन मॉडल' को मंजूरी दे दी है। सिंह ने कहा कि उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के 'निष्पादन मॉडल' के माध्यम से, निजी क्षेत्र को पहली बार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के साथ परियोजना में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, 'एएमसीए परियोजना के तहत, पांच प्रोटोटाइप विकसित करने की योजना है, जिसके बाद श्रृंखलाबद्ध उत्पादन किया जाएगा। यह मेक-इन-इंडिया कार्यक्रम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## पाकिस्तान को ...

स्वागत सत्कार करना और उन्हें बड़े मंच प्रदान करना हमारे लिये कतई आश्चर्य की बात नहीं है। इससे यह फिर से पुष्टि होती है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को सरकार एवं सेना का समर्थन प्राप्त है।

## अमरनाथ यात्रा के लिए...

बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इन सुरक्षा बलों को 'तुरंत' रवाना होने और जून के दूसरे सप्ताह तक जम्मू-कश्मीर में मोर्चा संभालने का निर्देश दिया है।

## लारेंस विश्नोई गैंग...

शुरू कर दी। जवाब में एसटीएफ ने फायरिंग कीई, जिसमें एक बदमाश गोली लगने के कारण घायल हो गया और उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। इस मुठभेड़ में स्पेशल सेल दिल्ली पुलिस के उप निरीक्षक विजेन्द्र दिवाच एवं एसटीएफ नोएडा के मुख्य आरक्षी अंकुर सिंह भी घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। मारा गया बदमाश कक्षा 12 पास है। वह पहली बार छह सितंबर 2008 को जेल गया था जिसके बाद से वह जग्गू पहलवान गैंग से जुड़ गया था और गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने लगा था । 2011 में जग्गू पहलवान की हत्या हो जाने पर नवीन कुमार ने गैंग की कमान संभाल ली। इसके बाद वह लॉरेन्स गैंग से जुड़े हासिम बाबा के संपर्क में आया। मारा गया बदमाश दिल्ली और हापुड़ समेत अन्य जिलों मे 21 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित था।

## शिक्षा डिग्री नहीं...

इसे केवल एक औपचारिक संधि नहीं, बल्कि दो लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राष्ट्रों के बीच बौद्धिक संवाद का नया अध्याय बताया। इस समझौते को मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफ़ेसर और वर्तमान में मोनाश यूनिवर्सिटी से संबद्ध प्रो. मनीषा ने बताया कि मोनाश में प्रतिवर्ष लगभग 30,000 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिनमें अफगानिस्तान और म्यांमार जैसे युद्धग्रस्त देशों के शिक्षक भी शामिल हैं। अब उत्तर प्रदेश के शिक्षकों को भी इसी स्तर का प्रशिक्षण सुलभ हो सकेगा। उन्होंने इसे प्रदेश में शैक्षणिक प्रत्यावर्तन की नींव बताते हुए कहा कि यह साझेदारी उत्तर प्रदेश को नई पहचान देने में उपयोगी सिद्ध होगी। इस अवसर पर मोनाश यूनिवर्सिटी से प्रो. क्रेग जेफ्री, डिप्टी वाइस चांसलर (इंटरनेशनल) एवं सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, डॉ. ग्रेग कुसैक, चीफ ऑफ कोर्सवर्क ऑफिसर एवं डिप्टी डीन, प्रोफ़ेसर मनीषा प्रियम, डिस्टिंग्विश्ड प्रोफ़ेसर, ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग से डिप्टी हाई कमिश्नर निक मैककैफ्री, जॉर्ज थिवेओस, मंत्री परामर्शदाता (शिक्षा एवं अनुसंधान), नथानियल वेब, फर्स्ट सेक्रेटरी (शिक्षा एवं अनुसंधान), क्लार्क, परामर्शदाता ए/जी (आर्थिक) टॉम ओवरटन, प्रो. राणा पी. सिंह, कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, प्रदेश सरकार के बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभागों के मंत्रीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण एवं मोनाश यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश की 'एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत निर्मित विशिष्ट उत्पाद भेंट किए, जो राज्य की सांस्कृतिक विविधता और उद्यमशीलता का प्रतीक हैं।

## कृषि क्षेत्र में नई क्रांति...

सिंचाई योजना, एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। किसानों को तकनीक से जोड़ने का कार्य हुआ। पिछले 10-11 वर्ष में काफी परिवर्तन हुआ है। 2014-15 में किसान को एक हजार रुपये भी गेहूं का दाम नहीं मिलता था, आज एमएसपी 2425 रुपये है। किसानों ने बाजार में 2800 रुपये में गेहूं बेचा है। यह अन्नदाता किसान के जीवन में आए परिवर्तन का परिणाम है। उन्होने कहा कि यूपी में सिंचाई सुविधा में बढ़ोतरी हुई। 15 लाख किसानों के व्यक्तिगत ट्यूबवेल के कनेक्शन फ्री किए गए। राज्य सरकार प्रतिवर्ष ढाई हजार करोड़ रुपये जमा करती है। सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, बाणसागर परियोजना, अर्जुन सहायक आदि परियोजना के माध्यम से पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार यूपी में कृषि विज्ञान केंद्र को लागू नहीं करना चाहती थी, लेकिन जैसे ही सूर्य प्रताप शाही कृषि मंत्री बने, उन्होंने 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र को लाने में सफलता प्राप्त की। आज 89 कृषि विज्ञान केंद्र कार्य कर रहे हैं। महात्मा बुद्ध के नाम पर कुशीनगर में पांचवां कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने जा रहे हैं। प्रदेश के अंदर कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से नई तकनीक, बीज की जानकारी किसानों को दी जा रही है। कृषि विवि भी इनोवेशन और कृषि के क्षेत्र में रिसर्च एंड डवलपमेंट के नए केंद्र के रूप में उभरे हैं। उनकी नई गति प्रदेश की प्रगति में सहायक हो रही है। योगी ने कहा कि किसान अपनी आय को बढ़ा रहा है। 2017 के पहले सुनने को मिलता था कि किसान को पर्ची नहीं मिली तो उसने खेत में आग लगा दी। किसान को वर्षो से गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होता था। वह मजबूर होकर फसल में आग लगा देता था। किसान का आक्रोश सरकार की स्थिति को बयां कर देताा था। 1996 से 2017 (22 वर्ष) तक जितना गन्ना मूल्य भुगतान हुआ, उससे 72 हजार करोड़ रुपये अधिक (दो लाख 85 हजार करोड़) हमने आठ वर्ष में किसानों को दिया है। बंद हो रही चीनी मिलों को चलाया गया, नई चीनी मिलों को स्थापित किया गया। 2017 के पहले चीनी मिलें बंद होती थीं। आज चीनी मिल लगाने के प्रस्ताव आ रहे हैं।

उन्होने कहा कि अगले चार वर्ष में यूपी की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाएंगे। इसके लिए नया प्रयास प्रारंभ करने जा रहे हैं। यह कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन होगा। सीएम ने यूपी एग्रीज का भी जिक्र किया। बोले कि पश्चिम के किसानों ने खेती समेत प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति की, मॉडर्न तकनीक अपनाया, नए बीज उपलब्ध कराए। वे लोग लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने में सफल हुए। मध्य और पूरब के किसान इस दिशा में काफी पीछे थे, इसलिए वर्ल्ड बैंक के माध्यम से चार हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को हम लोगों ने इस वर्ष बढ़ाया है। इससे पूर्वांचल व बुंदेलखंड-विंध्य क्षेत्र के 28 जनपदों को आच्छादित करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती में केवल कृषि विभाग की ही नहीं, बल्कि जलशक्ति विभाग की भी बड़ी भूमिका है। लखनऊ में कई मंत्री इस अभियान को गति दे रहे हैं तो कुछ मंत्री अनेक जनपदों में जुड़े हैं। इस अभियान से 89 कृषि विज्ञान केंद्र, 826 विकास खंड मुख्यालय, 8137 न्याय पंचायत, किसान कल्याण केंद्र को जोड़ने का कार्य किया गया है। जब इस क्षेत्र से जुड़े लोग अभियान को बढ़ाएंगे तो कृषि के क्षेत्र में नया क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेगा।

उन्होने कहा कि क्लाइमेट चेंज हमारी चुनौती है। मॉनसून 15-20 दिन पहले दिखाई दे रहा है, लेकिन आशंका है कि डेढ़-दो महीने बीच में सूखा रहेगा, फिर बारिश आएगी। उस समय की चुनौती की रणनीति अभी तैयार करनी होगी, फिर बारिश आएगी। यह चेंज उत्पादन पर असर डालेगा। अच्छा बीज पड़ा तो अच्छा उत्पादन होगा, बीज एक महीने लेट होगा तो उत्पादन पर 30 फीसदी का अंतर डालेगा। अच्छा बीज मिल सके, इसके लिए किसानों को जागरूक करना पड़ेगा। 8 वर्ष में मिलेट्स, नेचुरल फॉर्मिंग, दलहनी-तिलहनी फसलों का उत्पादन बढ़ा है, लेकिन इसके लिए और भी प्रयास करना चाहिए। इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, उपकार के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने जेपी गंगापथ और कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन पुल का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जेपी गंगापथ पर कराए जा रहे लैंड स्केपिंग, पौधा रोपण एवं सौंदर्गीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पौधारोपण होने से यह क्षेत्र हरा-भरा दिखेगा। जेपी गंगापथ एक अद्‌भुत परियोजना है जिसका सौंदर्गीकरण भी बेहतर ढंग से कराएं। इस पथ पर लोगों के लिए सड़क सुरक्षा और निर्बाध आवागमन दोनों जरूरी है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री गायघाट पहुंचे। गायघाट में जेपी गंगापथ से सटे नदी की ओर डाउन रैंप के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जेपी गंगापथ पर वाहनों के सुगम आवागमन तथा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गायघाट में नदी की ओर डाउन रैंप का निर्माण किया जा रहा है। जेपी गंगा पथ परियोजना में अभी गायघाट में वाहनों के उतरने हेतु यू-टर्न की व्यवस्था है, इस डाउन रैंप के निर्माण से यू-टर्न की व्यवस्था खत्म हो जायेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डाउन रैंप का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराएं ताकि लोगों को गायघाट में जेपी गंगापथ से सीधा और सुरक्षित संपर्कता का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सेतु और उसके बगल में बनाए जानेवाले नये फोरलेन पुल से भी जेपी गंगापथ को जोड़कर संपर्कता बहाल करने के लिए कार्य करें। इस पर अभियंता अध्ययन कर बेहतर ढंग से कार्य कराएं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कच्ची दरगाह बिदुपुर 6-लेन पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जेपी गंगापथ परियोजना को दीदारगंज तक पूरा कर लिया गया है। जेपी गंगापथ की तरफ से आने-जानेवाले वाहनों को कच्ची दरगाह बिदुपुर 6-लेन पुल से सीधी संपर्कता बहाल करने के लिए बचे हुये काम को तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन पुल के निर्माण कार्य पूर्ण होने से उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन और सुलभ होगा। पटना शहर में लगनेवाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। पटना के पूर्वी क्षेत्र के लोगों को भी सुगम यातायात का लाभ मिलेगा।

# आआपा ने दिल्ली सरकार पर वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेताओं ने गुरुवार को दिल्ली सरकार पर सौ दिनों में अपने वादों को पूरा नहीं करने और पिछली सरकार की जनहितकारी योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया।

आआपा नेताओं ने पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिजली, पानी, प्रदूषण और भाजपा के चुनावी वादों को लेकर दिल्ली सरकार को घेरने की कोशिश की। संवाददाता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी, दिल्ली आआपा संयोजक सौरभ भारद्वाज, विधायक संजीव झा और कुलदीप कुमार मौजूद रहे। आआपा नेताओं ने दिल्ली सरकार पर दिल्ली की बिजली आपूर्ति चौपट करने और बिजली महंगी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने महिलाओं को 8 मार्च तक 2500 रुपये देने और होली पर मुफ्त सिलेंडर देने का वादा पूरा नहीं किया। इसके अलावा पानी की आपूर्ति में कमी, घरों में सीवर का गंदा पानी आने, प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी को लेकर दिल्ली सरकार को घेरा। आआपा नेताओं ने पिछली सरकार की जनहितकारी योजनाओं को बंद करने का भी आरोप लगाया। इनमें फरिश्ते स्कीम, मोहल्ला क्लीनिक बंद करने, 25,000 विधवा महिलाओं की विधवा पेंशन बंद करने और बस मार्शल व मोहल्ला क्लीनिक कर्मियों को बेरोजगार करने का आरोप शामिल है।

# उत्तराखण्ड के सभी देवालयों पर दावा करेगा आवाहन अखाड़ा : श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज

- 7 मई तक जवाब न आने पर खटखटाया जाएगा न्यायालय का दरवाजा
- उत्तरकाशी स्थित काशी विश्वनाथ मन्दिर पर भी सरकार कर रही है कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। उत्तराखण्ड के सभी देवालयों पर आवाहन नागा संन्यासी अखाड़ा अपने हक का दावा करेगा। यदि प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र का जवाब शीघ्र नहीं आता है तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। सर्वप्रथम स्थापित अखाड़ा श्री शम्भू पंच दशनाम आवाहन नागा संन्यासी द्वारा 08 मई को मुख्यमंत्री पुष्कर सिहं धामी को पत्र भेजकर उत्तराखण्ड के देवालयों को अखाड़ों को दिए जाने की मांग की थी। यह बातें श्री शंभू दशनाम पंचायती अखाड़ा के श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने कहा।

उन्होंने कहा कि अखण्ड भारत में आदि गुरू शंकराचार्य द्वारा सन् 800 ई. से सन 820 ई. तक जो मठ, मढ़ी, मन्दिरों का जीर्णोद्धार आवाहन अखाड़े के 550 नागाओं द्वारा किया था, जिसमें देवभूमि उत्तराखण्ड़ के विभिन्न देवालय मठ, मढ़ी, मन्दिर, आश्रम हैं। जिसकी सूची उत्तराखण्ड़ सरकार के पास हैं। उन्होंने कहाकि सरकार द्वारा गठित बोर्ड सूची में शामिल देवालयों को तुरन्त आवाहन नागा सन्यासियों को सौंपते हुए अपने सरकारी तन्त्र से मुक्त करें तथा मन्दिर कमेटी से अखाड़े के नागाओं को कब्जा दिलाया जाये। कहाकि अखाड़ा 07 जून तक सरकार से अपने पत्र के उत्तर की प्रतिक्षा करेगा। उसके बाद कोर्ट में रिट फाईल की जाएगी। सरकार द्वारा मन्दिर कमेटी ने साधुओं, नागाओं पर जुर्म ढाया हुआ है और कमेटी के कर्मचारी मौज कर रहे हैं। साधुओं के सभी हक मारे जा रहे हैं। कहा कि 2013 की आपदा में केदारनाथ के ब्राह्मण शिव अर्पण हो गये, जिसमें 2000 साधु भी शिवलोक चले गये। लाखों की संख्या में जनता आपदा की भेट चढ़ गई, कारण मन्दिर कमेटी के भ्रष्टाचार हैं। श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने कहाकि जब आपदा के कारण केदारनाथ के ब्राह्मण नहीं रहे तो नये कहां से आ गए। कमेटी तो बनती बिगड़ती रहती हैं। मन्दिर के साथ धुनी थी जिस पर आवाहन अखाड़े के नागा बैठते थे। नंदी पर भी आवाहन अखाड़े के नागा बैठते थे। मन्दिर के अमृत कुण्ड़ चरणामृत पर व आदि गुरू शंकराचार्य जी की समाधि स्थल पर नागा बैठते थे। हर-हर महादेव कुण्ड़, भैरों जी सभी नागाओं के हाथ में रहता था, जो की 2013 के बाद से मन्दिर कमेटी के भ्रष्ट कर्मचारियों ने साधुओं के हक व अधिकार पर कब्जा कर लिया। यह सब बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। मन्दिर द्वारा ना तो साधुओं के लिये भोजन व निवास की व्यवस्था की जाती है ना भेंट पूजा दी जाती हैं। ऐसे ही सभी मन्दिरों में हो रहा है। उत्तरकाशी स्थित काशी विश्वनाथ मन्दिर पर भी सरकार कब्जा कर रही है। जबकि यह मन्दिर नागाओं का है और सरकार द्वारा गठित श्राईन बोर्ड को सीएम पुष्कर सिहं धामी ने समाप्त कर दिया है। उत्तरकाशी काशी विश्वनाथ मन्दिर में जहां नागाओं की धूनी व माईबाड़ा था उस पर भी कब्जा कर लिया है। कहा कि इस वर्ष 1220वीं छड़ी यात्रा में दिये जाने वाली सुविधा जिसमें बसें, मार्ग में पर्याप्त सुरक्षा, चिकित्सा, भोजन, प्रवास आदि की व्यवस्था के आदेश होने के बाद भी दो धाम तक सुरक्षा दी गई।

# विवाह केवल सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि आध्यात्मिक यात्रा: अवधेशानंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। देवभूमि विकास संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को आयाजित बैठक में समाज में तेजी से बढ़ती तलाक की प्रवृत्ति एवं इससे निवारण के उपाय पर विचार हुआ। बैठक स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज के सान्निध्य में तथा हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई। स्वामी अवधेशानंद ने इस अवसर पर प्री-वेडिंग काउंसलिंग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए चार महत्वपूर्ण वर्गों के लिए मार्गदर्शन की बात कही। जिनमें पहले विवाह योग्य जोड़ों को शामिल किया गया, जिनकी निकट भविष्य में शादी होने जा रही है। उन्हें वैवाहिक जीवन की वास्तविकताओं के लिए मानसिक और भावनात्मक रूप से तैयार करना आवश्यक है। दूसरे चरण में उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाले युवाओं को जो विश्वविद्यालय की नई जीवनशैली में प्रवेश कर रहे हैं, उन्हें नैतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक मूल्यों से परिचित कराना जरूरी है। तीसरे चरण में माता-पिता के लिए भी मार्गदर्शन को आवश्यक बताया गया, जो अपनी संतानों को संस्कारित जीवन के लिए प्रेरित कर सकते हैं और स्वयं भी समर्पण और संवाद का उदाहरण बन सकते हैं। चौथे वर्ग में उन लोगों को शामिल करने की जरूरत बताई गई जो स्वयं भुक्तभोगी हैं और तलाक या संबंध-विच्छेद की पीड़ा से गुजर चुके हैं, उनके अनुभवों से समाज को सीखने की आवश्यकता है। साथ ही कहा कि विवाह केवल सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि आध्यात्मिक यात्रा है, जिसमें समझ, सहनशीलता और समर्पण आवश्यक है। सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने लिव-इन रिलेशनशिप के दुष्परिणामों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रवृत्ति न केवल पारिवारिक ढांचे को प्रभावित कर रही है, बल्कि समाज में अस्थिरता और असमंजस भी बढ़ा रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि युवा पीढ़ी को मार्गदर्शन देने के लिए संस्थागत प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में रमेंद्री मंद्रवाल, एडवोकेट रवि नेगी, सतेंद्र नेगी, डॉ राकेश भट्ट, प्रमोद रावत, डॉ एचसी पुरोहित, कृति रावत, यशवंत रावत समेत विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, समाजसेवियों तथा युवा प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। देवभूमि विकास संस्थान इस दिशा में शीघ्र ही प्री-वेडिंग काउंसलिंग सत्रों की श्रृंखला आरंभ करने जा रहा है, जिससे परिवार संस्था को मजबूत किया जा सके और युवाओं को वैवाहिक जीवन के लिए तैयार किया जा सके।

# हिन्दी भाषा संस्कारों की जननी है : मदन कौशिक

हरिद्वार। उत्तराखंड विधानसभा में हिन्दी भाषा को जन-जन की भाषा बनाने के लिए प्रस्ताव लाया जाएगा। हिन्दी भाषा को स्कूल स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। गुरुवार को हिन्दी प्रोत्साहन समिति, उत्तराखण्ड के पदाधिकारियों द्वारा पूर्व केबिनेट मंत्री विधायक मदन कौशिक को सम्मानित किये जाने पर यह बात कही। हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने कहा कि हिंदी भाषा संस्कारों की जननी और संस्कृति की रक्षक है। हिन्दी भाषा के माध्यम से ही देश की आजादी को लड़ा गया था। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी कार्यालयों में हिन्दी भाषा में कार्य करने का परचम फहराया है। सरकारी कार्यालयों में हिन्दी की मौलिकता अनवरत बढ़ती जा रही है। हिन्दी भाषा को परिष्कृत करने के लिए सरकारी महकमें लगातार काम कर रहे हैं। हिन्दी प्रोत्साहन समिति, उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष डा. पंकज कौशिक ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड हिन्दी भाषा का श्रेष्ठतम राज्य है।

# ऐश्वर्या और तेज प्रताप तालाक मामले की अगली सुनवाई 21 जून को

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव और ऐश्वर्या राय के बीच चल रहे तलाक मामले में गुरुवार को पटना सिविल कोर्ट के फैमिली कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों तेज प्रताप यादव और ऐश्वर्या राय में से कोई भी व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इस कारण मामले की अगली सुनवाई की तारीख 21 जून तय की गई है। गुरुवार की सुनवाई में तेज प्रताप यादव के वकील जगन्नाथ सिंह कोर्ट में उपस्थित रहे, जबकि ऐश्वर्या राय की ओर से उनके मुख्य वकील पेश नहीं हुए। उनकी तरफ से जूनियर वकील राज कुमार श्रीवास्तव ने अदालत में पैरवी की। उल्लेखनीय है कि तेज प्रताप यादव और ऐश्वर्या राय की शादी 12 मई 2018 को हुई थी। ऐश्वर्या बिहार के पूर्व मंत्री चंद्रिका राय की बेटी हैं। शादी के कुछ महीनों बाद ही आपसी रिश्तों में खटास आनी शुरू हो गई। साल 2019 में ऐश्वर्या राय ने राबड़ी देवी और घर के अन्य सदस्यों पर उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने यहां तक कहा था कि राबड़ी देवी ने उनका फोन छीन लिया और बाल खींचकर पीटा। इसके बाद मामला सार्वजनिक हुआ और बात तलाक की अर्जी तक पहुंच गई। अब इस तलाक केस की सुनवाई लंबे समय से कोर्ट में चल रही है। लेकिन तेज प्रताप और अनुष्का के बीच के ताजा घटनाक्रमों के चलते यह मामला फिर से सुर्खियों में आ गया है। दरअसल, 24 मई 2025 को तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट वायरल हुई, जिसमें दावा किया गया कि तेज प्रताप और अनुष्का पिछले 12 सालों से रिलेशनशिप में हैं। यानी उनका रिश्ता साल 2013 से चल रहा है। हालांकि, तेज प्रताप ने बाद में इस पोस्ट को फर्जी बताते हुए कहा कि उनकी आईडी हैक कर ली गई थी। जबकि इस पूरे घटनाक्रम पर तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या राय का भी बयान सामने आया। उन्होंने कहा कि, मुझे अफ़ेयर की जानकारी नहीं थी। अगर सबको पहले से पता था, तो मेरी शादी क्यों कराई गई?

# राजस्व कर्मी 30 मई तक करें हड़ताल समाप्त, सेवा होगी नियमित : राजस्व विभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा राज्य के हड़ताली राजस्वकर्मियों के लिए एक अंतिम अवसर की घोषणा की गई है। विभाग के सचिव जय सिंह ने आज सभी जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) को पत्र लिखा है कि 30 मई शुक्रवार शाम 5:00 बजे तक जो भी राजस्व कर्मचारी हड़ताल समाप्त कर अपने पदस्थापन स्थल पर योगदान देते हैं, उन्हें हड़ताल की अवधि के लिये उपार्जित अवकाश स्वीकृत कर उनकी सेवा नियमित की जाये। सचिव जय सिंह द्वारा सभी जिलाधिकारियों से कहा गया है कि ऐसे राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन विभाग को जल्द से जल्द उपलब्ध करवायें। इस तिथि के बाद लौटने वाले कर्मियों के वेतन का भुगतान ''नो वर्क, नो पे'' के आधार पर किया जाये तथा उनकी सेवा नियमित करने के संदर्भ में विभाग अलग से निर्णय लेगा। इस संबंध में पूर्व में विभाग द्वारा दिनांक 21 मई को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर समाचारपत्रों तथा सोशल मीडिया के द्वारा सभी हड़ताली राजस्व कर्मचारियों के लिये सूचना जारी की गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन के तीन दिनों के अंदर कार्य पर आवश्यक रूप से लौटें। जिसके अनुपालन में सभी जिलों द्वारा सूचित किया गया कि कई कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर पदस्थापन स्थल पर योगदान सुनिश्चित किया है। जो राजस्व कर्मचारी अब भी हड़ताल पर बने हैं उनके लिये सरकार का स्पष्ट निर्देश 1.ऐसे कर्मचारी जो 30 मई, 2025 को शाम 5 बजे तक योगदान करते हैं, उन्हें हड़ताल अवधि के लिए उपार्जित अवकाश की स्वीकृति दी जाएगी।

# पशुपालन विभाग ने काश्तकारों को बांटी बैकयार्ड कुक्कुट इकाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोपेश्वर। आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने बैकयार्ड कुक्कुट योजना संचालित की। योजना के तहत 117 लाभार्थियों को इकाई बांटी गई। इससे ग्रामीण कुक्कुट पालन कर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकेंगे।

प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आर्थिक कमजोर ग्रामीणों की आय को बढाने के लिए मजबूती से कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत राज्य में बैकयार्ड कुक्कुट योजना का संचालन किया जा रहा है। मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी अशीम देव ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से संचालित बैक्यार्ड कुक्कूट योजना के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति के ग्रामीणों को कुक्कूट फार्म स्थापना के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है। इसके तहत लाभार्थी को 50 कुक्कूट के चूजों के साथ ही छह किलोग्राम दाना, जाली और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान तक विभाग की ओर जिले में संचालित बैक्याड़ कुक्कूट योजना से 18 सौ से अधिक लाभार्थियों को लाभांवित किया जा चुका है। विभाग की ओर से योजना का लाभ लेने वाली पठियालधार निवासी दर्शन और दोगड़ी-कंडाई गांव निवासी भगत कनियाल का कहना है कि योजना के माध्यम से घर पर ही अन्य कार्यों के साथ कुक्कूट पालन कार्य किया जा सकता है। विभागीय योजना होने के चलते कुक्कूट पालन की तकनीक और उपचार जैसी सुविधा भी विभाग की ओर से समय-समय पर प्रदान की जाती है। ऐसे में सरकार की यह योजना ग्रामीणों को घर बैठे अच्छी आय प्रदान करने का साधन बन रही है।

# बिहार में बेहतर शिक्षा देने वाले 61 गुरुजी को मिला 'टीचर ऑफ द मंथ' का पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन को बेहतर करने और प्रखंड स्तरीय शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार देने की योजना है। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस. सिद्धार्थ के निर्देश पर अप्रैल महीने के लिए 'टीचर ऑफ द मंथ' के तहत 61 शिक्षकों को चयनित कर प्रशस्ति-पत्र देकर उनके काम की सराहना की है। शिक्षा विभाग की तरफ से जारी की गई सूची के मुताबिक वैशाली जिले के जनदाहा प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय चक्काजायब के शिक्षक मो अजहर को 'टीचर ऑफ द मंथ' से सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही सुपौल के जगतपुर मध्य विद्यालय की शिक्षिका दीप शिखा, छातापुर प्रखंड के केवला प्राथमिक विद्यालय के नरेश कुमार निराला, सीतामढ़ी के पुपरी प्रखंड के परसौनी मध्य विद्यालय की अनुराधा कुमारी, समस्तीपुर के पूसा प्रखंड के दिघरा उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार 'मृदुल' को अप्रैल माह के लिए 'टीचर ऑफ द मंथ' से सम्मानित किया गया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063